E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in | हिंदी दैनिक | गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 355 | गुवाहाटी | गुरुवार, 25 जुलाई, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

जनेताৰ চৰকাৰ | my GOV मेरी सरकार

सत्यमेव जयते

Government of Assam

## Striving relentlessly towards providing 1 lakh jobs



**Recruitment Figures**

| | | |
|---|---|---|
| As of 15 July 2024 | Total recruitment: | 97505 |
| 26 July 2024 | Additional recruits: | 465 |
| Total employment | | 97,970 |

## Appointment letter distribution programme for 465 candidates of Power, Education and Information, Public Relations, P & S Department

Appointment letters to be distributed by

**Dr Himanta Biswa Sarma**

Chief Minister, Assam

| Department | Position | Number of candidates | |
|---|---|---|---|
| Power Department | Junior Manager | Assam Power Distribution Company Limited 220 | Total 306 |
| | | Assam Electricity Transmission Corporation Limited 86 | |
| Directorate of Technical Education | Assistant Professor (Technical) | 59 | |
| Directorate of Higher Education | Assistant Professor | 58 | |
| Directorate of Elementary Education | Teacher | 9 | Total 149 |
| | Lower Division Clerk | 3 | |
| | Grade IV employee | 11 | |
| Department of School Education | Assam Education Service Officer | 9 | |
| Information, Public Relations, P&S Department | Senior Information & Public Relations Officer | 4 | Total 10 |
| | Junior Information & Public Relations Officer | 6 | |

Srimanta Sankaradeva Kalakshetra, Guwahati | 26 July 2024 | 11:00 am

-- Janasanyog /D/2977/24/25-Jul-24

Published by Directorate of Information and Public Relations, Assam | Connect with us @diprassam | dipr.assam.gov.in

# असम की सभी नगरपालिकाओं में अत्याधुनिक तरीके से अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं की शुरुआत

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम सरकार ने राज्य के सभी 48 नगर पालिकाओं में अत्याधुनिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं की शुरुआत की है। जनता भवन में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन के दौरान आवास और शहरी मामलों तथा सिंचाई मंत्री अशोक सिंघल ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान (शहरी) कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी छोटे और बड़े शहरों में अपशिष्ट संग्रह और प्रबंधन प्रणालियों में क्रांतिकारी बदलाव लाया जा रहा है। मंत्री सिंघल ने कहा कि उन्होंने कार्यकारी अधिकारियों से अगले एक साल के भीतर सभी नगर पालिकाओं को शत-प्रतिशत कचरा मुक्त बनाने का आग्रह किया है। स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री सिंघल ने असम शहरी



प्रशासनिक सेवा के तहत नव नियुक्त कार्यकारी अधिकारियों से अपनी नगर पालिकाओं में अपशिष्ट संग्रह और प्रबंधन को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), असम के तहत स्वीकृत परियोजना के पहले चरण में 48 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्रों की स्थापना की जा रही है। वर्तमान में 18 शहरों में निर्माण कार्य चल रहा है जबकि शेष 30 शहरों के लिए बोली प्रक्रिया पूरी होने के विभिन्न चरणों में है। उन्होंने कहा कि नलबाड़ी, सिलापथार, बरपेटा रोड, चापर, उत्तर लखीमपुर, ढेकियाजुली, कोकराझाड़, बरपथार, सरूपथार, गोलाघाट, मार्घेरीटा, दुमदुमा, खारुपेटिया, मंगलदै, उत्तर गुवाहाटी, तेजपुर, बोकाखात और सिलचर में निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि सिलापथार, बरपेटा रोड, चापर, उत्तर लखीमपुर और ढेकियाजुली में 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। नलबाड़ी नगरपालिका में परियोजना पूरी होने वाली है। उन्होंने कहा कि अगले चरण में पूरे राज्य में नगरपालिकाओं में इसे लगाया जायेगा। खानापाड़ा में असम प्रशासनिक अधिकारी प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यकारी अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मंत्री सिंघल ने स्वच्छता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान और अन्य विकास परियोजनाओं की सफलता सुनिश्चित करने में इन अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

## बाक्सा में पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत

**बाक्सा ( हिंस )।** जिले के जालाह में एक पुलिया से नीचे पानी भरे गड्ढे में गिर कर दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मुसलपुर स्थित रबि बोड़ो सिविल अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जिले के शिमला थाना अंतर्गत जालाह कलिता सूबा गांव के निवासी जनद्वीप कलिता के जन्मदिन पर चर्ना गांव निवासी उसका दोस्त दिखौ दास मंगलवार को जालाह गांव में आया था। जालाह और कलिता सूबा मार्ग के बीच में स्थित एक पुलिस से नीचे पानी भरे गड्ढे में जनद्वीप कलिता (9) और दिखौ दास (13) गिर गए। इस घटना के बारे में किसी का पता नहीं चला। दोनों बच्चों के न मिलने पर घरवाले परेशान हो गए। उसी समय खेत में खाना देने गए एक व्यक्ति ने गड्ढे के पानी में एक बच्चे का सिर देखकर इसकी अन्य लोगों को सूचना दी। दोनों बच्चों को स्थानीय लोगों की मदद से गड्ढे से निकाला गया। उन्हें जालाह सामुदायिक चिकित्सा केंद्र लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

# नगांव के बाढ़ राहत शिविर में पहुंचे मंत्री पीयूष हजारिका



**नगांव ( हिंस )।** राज्य के जल संसाधन आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका ने बुधवार को नगांव जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। इस दौरान मंत्री हजारिका क्षतिग्रस्त हुए तटबंधों के चल रहे मरम्मत के कार्य का निरीक्षण किया। बाद में मंत्री नगांव स्थित रत्नाकर बरकाकती उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित बाढ़ राहत शिविर में पहुंचे, जहां उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी तथा तत्काल ही इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री के साथ कई वरिष्ठ विभागीय पदाधिकारी तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## दो वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर, हादसे में छह की मौत

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले में मंगलवार को एक सड़क हादसे में डेढ़ साल के एक बच्चे सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, नीलाम बाजार इलाके में दो वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर में यह दुर्घटना हुई। पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने बताया कि कार और ऑटो रिक्शा के बीच आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। उनके अलावा, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में से पांच की पहचान जाहेदा बेगम, बेदाना बेगम, हसीना बेगम, गुलजार हुसैन और रूहुल आलम के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में से पांच एक ही परिवार के सदस्य थे, जबकि रूहुल आलम ऑटो रिक्शा चला रहा था, जिसे विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। कार का चालक और सह-यात्री भी घायल हो गए। घायल यात्रियों को अस्पताल भेजा गया, जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# जागीरोड में बाढ़ में डूबने से दो बच्चों की मौत

**मोरीगांव ( हिंस )।** मोरीगांव जिले के जागीरोड के नेली में बाढ़ में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को पानी में तैरते समय दोनों बच्चे अचानक लापता हो गए थे। सूचना पाकर दोनों बच्चों को स्थानीय लोगों ने पानी से निकालकर जागीरोड स्थित महात्मा गांधी मॉडल अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मारे गए दोनों बच्चों की पहचान माटीपर्वत गांव के भटेश्वर राजभर के पुत्र मुकेश राजभर (7) और शिवलाल राजभर के पुत्र विजय राजभर (9) के रूप में हुई है। दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोरीगांव भेज दिया गया है।

# चेन स्नेचिंग के आरोप में एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के जालकुबरी पुलिस थाना क्षेत्र के मालीगांव पुलिस चौकी की टीम ने चेन स्नैचिंग मामले में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि बीती रात एक स्नैचर को गिरफ्तार लिया गया। पीड़िता द्वारा घटना के संबंध में पुलिस को दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया है। हिल साइड के गोलपार्क स्थित आरोपी के घर से 1 सोने की चेन, 1 सोने की अंगूठी, नगद.4500 रुपए, 1 मोबाइल फोन, 1 पार्सल पैक और 1 साइड बैग बरामद किया गया। घटना के संबंध में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महानगर में आए दिन इस तरह की घटनाओं को कुछ उदंड युवकों ने दिया है।




## रूपहीहाट में पिस्टल के साथ एक गिरफ्तार

**नगांव ( हिंस )।** रूपहीहाट पुलिस ने एक व्यक्ति को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। इस व्यक्ति पर कई डकैतियों के मामलों में आरोपी है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि रूपहीहाट पुलिस की छापामारी के दौरान अमेरिका में निर्मित एक .22 पिस्तौल के साथ नगांव के मध्य सियालमारी के चांद मियां को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कुछ दिन पहले कंचनपुर, रूपहीहाट में हुई फायरिंग में चांद मियां शामिल था। इससे पहले भी आरोपी चांद मियां पर कई डकैतियों में शामिल होने का आरोप लग चुका है।

# चंडीगढ़ के क्षेत्रफल से बड़ा भूखंड अतिक्रमण मुक्त कराया : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी ( हिंस )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि असम सरकार ने चंडीगढ़ शहर के क्षेत्रफल से भी बड़ा भूखंड अतिक्रमण मुक्त करा लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए एक तस्वीर साझा करते हुए बताया कि पिछले तीन वर्षों में समाज के एक बड़े वर्ग से निरंतर सरकारी प्रयासों एवं सहयोग से हम 167 वर्ग किलोमीटर जमीन को मुक्त कराने में सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया क्षेत्र चंडीगढ़ शहर के आकार से भी बड़ा है। उन्होंने कहा कि हम एक-एक इंच जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री के




इस बयान से जाहिर होता है कि असम में अतिक्रमण खाली कराने के लिए किस संजीदगी के साथ अभियान चलाया जा रहा है।

# असम एक बार फिर छला गया : प्रदेश कांग्रेस



**गुवाहाटी।** सोशल मीडिया मंच *एक्स* पर जारी पोस्ट में कहा कि असम को एक बार फिर छला गया है। इस बजट में बिहार को 11, 500 करोड़ रुपए दिए गए, लेकिन असम को मदद का सिर्फ आश्वासन। विपक्षी कांग्रेस ने मंगलवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)नीत सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट में राज्य से *छल* किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोराह ने कहा कि पिछले पांच सालों में राज्य ने केंद्र से कुल मिलाकर लगभग 10, 785 करोड़ रुपए की मांग की लेकिन उसे केवल 250 करोड़ रुपए ही मिले। उन्होंने सोशल मीडिया मंच *एक्स* पर जारी पोस्ट में कहा कि असम को एक बार फिर छला गया है। इस बजट में बिहार को 11, 500 करोड़ रुपए दिए गए, लेकिन असम को मदद का सिर्फ आश्वासन। बोराह ने कहा कि बजट सुर्खिया पाने के लिए तो बहुत अच्छा है लेकिन लोगों की परेशानी कम करने के लिए नहीं।

# नेस्ले इंडिया ने मेघालय में *सर्व सेफ* फूड प्रोजेक्टर का विस्तार किया

## 500 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को प्रशिक्षण मिलेगा

**गुवहाटी।** नेस्ले इंडिया ने मेघालय में अपने प्रोजेक्टड *सर्व सेफ फूड* की भौगोलिक उपस्थिति बढ़ाते हुए एफडीए, मेघालय और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्री ट वेंडर्स ऑफ इंडिया (एनएएसवीआइ) के साथ अपना गठबंधन जारी रखा है। इसके तहत राज्य के पूर्वी खासी हिल्स में 500 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस प्रकार राज्य में प्रशिक्षित स्ट्रीट फूड वेंडर्स की कुल संख्या 1, 500 हो जाएगी। *सर्व सेफ फूड* प्रोजेक्टर 2016 में शुरू हुआ था और अब तक 26 राज्यों तथा 4 संघशासित क्षेत्रों में 68, 500 से ज्यादा स्ट्रीवट फूड वेंडर्स को फायदा पहुंचा चुका है। प्रशिक्षण का एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार करने के लिए कंपनी ने विभिन्न 8 हितधारकों के साथ मिलकर काम किया है। मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले की उपायुक्त, सुश्री आरएम कुर्बाह ने कहा कि इस अवसर पर मैं इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों, खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय, मेघालय; एनएएसवीआई और नेस्ले इंडिया को धन्यवाद देती हूं। इस पहल से पिछले कुछ वर्षों में एक हजार से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को मदद मिली है और मुझे पक्का यकीन है कि भविष्य में भी उन्हें इस परियोजना से मजबूती मिलती रहेगी। मैं अपनी तरफ से पूरी टीम को शुभकामनाएं देती हूं। नेस्ले इंडिया के डायरेक्टर-कॉर्पोरेट अफेयर्स और सस्टेनेबिलिटी, श्री संजय खजूरिया ने कहा कि प्रोजेक्टा सर्व सेफ फूड हमारे अपने उत्पोदों की गुणवत्तार एवं सुरक्षा से आगे जाकर खाद्य सुरक्षा के वातावरण को बेहतर बनाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है। यह प्रोजेक्टग स्ट्री ट फूड वेंडर्स को सशक्त करने के लिए काम कर रहा है। इसमें साफ-सफाई एवं खाद्य सुरक्षा के तरीकों पर संबद्ध प्रशिक्षण के माध्यम से उनके कौशल को बढ़ाया जाता है। हमें विश्वास है कि हम अपने भागीदारों के साथ लगातार मिलकर काम करेंगे और समाज पर सकारात्मक असर डालेंगे। नेस्लेर इंडिया ने 2016 में प्रोजेक्टक *सर्व सेफ फूड* लांच किया था और विभिन्न राज्यों में स्ट्रीदट फूड वेंडर्स को प्रशिक्षित किया है। इन राज्यों में असम, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान एवं निकोबार द्वीप, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्लीक, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य, प्रदेश, महाराष्ट्रव, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, ओडिशा, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थानी, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तदर प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं।

# कोकराझाड़ में पुलिस ने 11 देशी बंदूकें बरामद की



**कोकराझाड़ ( हिंस )।** बीटीसी मुख्यालय कोकराझाड़ में कोकराझाड़ सदर थाना क्षेत्र से पुलिस ने अभियान चलाकर 11 देशी बंदूकें बरामद की है। असम पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए। इस अभियान में बरामद बंदूकें उग्रवादियों ने छिपाई थी। इन बंदूकों को पुलिस ने जब्त कर लिया लेकिन अभियान के दौरान किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका। असम के डीजीपी जीपी सिंह ने कहा कि उग्रवादियों की हिंसा को रोकने के लिए असम पुलिस ऐसे अभियान जारी रखेगी।

# अयोध्या श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के साथ पूप्रमायुमं के सदस्यों की बैठक

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक एवम अयोध्या राम मंदिर दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय दिन गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय के साथ पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने एक बैठक की। प्रांतीय अध्यक्ष पंकज जालान के विशेष आग्रह एवम निमंत्रण पर चंपत राय इस बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में उपस्थित होकर चंपत राय ने सभी सदस्यों को राम जन्मभूमि आंदोलन से लेकर राम मंदिर बनने से लेकर अब तक की पूरी यात्रा के बारे में जानकारी दी। उपस्थित सदस्यों ने भी उनसे सवाल किए और उन्होंने सभी की जिज्ञासाओं को सुना और उनका




संतोष जनक जवाब दिया। चंपत राय ने पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आप पूर्वोत्तर से अयोध्या अपनी सभा करने के लिए आए ये अयोध्या वाशियो के लिए सौभाग्य की बात हैं। आतिथ्य शाखा सिलापथार एवम सिलापथार समृद्धि द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर तिलक लगाकर उनका अभिवादन किया गया। असम एवम नागलंड के प्रतीक चिन्ह उन्हे भेंट किए गए। बैठक में उत्तर प्रदेश की प्रांतीय अध्यक्षा नेहा अग्रवाल भी पधारी उनका भी फुलाम गमछा एवम नागा दुप्पटे से स्वागत किया गया। नेहा अग्रवाल ने उपस्थित सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि मंच के जननी प्रांत द्वारा उत्तर प्रदेश में पहली बार कार्यकारिणी सभा आयोजित करना बड़े ही गर्व की बात हैं। इतिहास में पहली बार हैं जब मंच के किसी प्रांत द्वारा दूसरे प्रांत में जाकर अपनी सभा आयोजित हुई हैं, इससे एक दूसरे के प्रति अच्छे संबंध स्थापित होंगे। प्रांतिय कार्यकारिणी सभा के दौरान चंपत राय से बातचीत कर उन्हे अपने बीच पाकर सभी सदस्य उत्साहित थे तथा सभी ने प्रांतिय अध्यक्ष पंकज जालान का धन्यवाद किया तथा भबिस्य ने भी इस तरह की सभा पुनः करने का आग्रह किया। इस आशय की जानकारी प्रांतिय जनसंपर्क अधिकारी सेंकी अग्रवाल ने दी।

*No.DPRD/BTC/(15th FC)UT(VI)Udl-06/2024/08* *Dated Kokrajhar the 22nd July, 2024*

**PRESS NOTICE**

***(e-Procurement)***

The Director, P&RD, BTC, Kokrajhar invites bids for implementation of work "Const. of road with E/F and S/G from Goradak NELC Church to Dhanibasti including 2 Nos. HPC" for an amount not exceeding of Rs. 28,00,000.00 (Rupees twenty eight lakhs) only under 15th Finance Commission to BTC for the year 2023-24 during 2024-25 under Untied Grant from the registered contractors of Class-I & Class-II (A, B & C) category of Assam PWD (Roads) / (Building), BTC.

Details may be seen at website http://assamtenders.gov.in and also at the Office of the undersigned during office hours.

Sd/- Director,
Panchayat & Rural Development,
BTC, Kokrajhar

***IPR(BTC)/C/2024-25/177***

*No.DPRD/BTC/(15th FC)UT(VI)Udl-07/2024/08* *Dated Kokrajhar the 22nd July, 2024*

**PRESS NOTICE**

***(e-Procurement)***

The Director, P&RD, BTC, Kokrajhar invites bids for implementation of work "Const. of road with E/F and S/G from Surjya Basti to Nipen Chowk including 1 Nos. Slab culvert" for an amount not exceeding of Rs. 23,00,000.00 (Rupees twenty three lakhs) only under 15th Finance Commission to BTC for the year 2023-24 during 2024-25 under Untied Grant from the registered contractors of Class-I & Class-II (A, B & C) category of Assam PWD (Roads) / (Building ), BTC.

Details may be seen at website http://assamtenders.gov.in and also at the Office of the undersigned during office hours.

Sd/- Director,
Panchayat & Rural Development,
BTC, Kokrajhar

***IPR(BTC)/C/2024-25/176***

शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित



राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 355 | गुवाहाटी | गुरुवार, 25 जुलाई, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

दिल्ली सफर पर पीएम मोदी से मिलेंगी मुख्यमंत्री... पेज 4
अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का उत्थान हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री पेज 5
पूर्वांचल के पनियाले को मिलेगा पुनर्जीवन, लाखों किसान परिवार... पेज 8
भारत विमेंस एखिया कप के सेमीफाइनल में पहुंचा... पेज 11

# मोरीगांव में जापानी इंसेफेलाइटिस से तीन की मौत

## धुबड़ी में भी मामला आया सामने, स्थिति बदतर



**मोरिगांव /धुबड़ी ( एजे. )।** असम के मोरीगांव जिले में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) के कारण तीन लोगों की मौत हो गई है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल 15 मरीजों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतकों में 22 वर्षीय राजमणि मेधी भी शामिल है, जिनकी पिछले सप्ताह बीमारी का पता चलने के बाद बुधवार को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि अन्य दो मृतकों में गगलमारी गांव की सात वर्षीय इमराना बेगम और शिमुलुगुड़ी के 66 वर्षीय भबकांत नाथ शामिल हैं। जिला मलेरिया अधिकारी सुप्रिया दास ने बताया कि मलेरिया के पांच मामले भी सामने आए हैं और सभी मरीज ठीक हो गए हैं। उधर मोरीगांव के एक चिकित्सक ने बताया कि कल तक जापानी इंसेफेलाइटिस के 15 मामलों की पुष्टि हुई थी, जिसमें एक की मौत की सूचना मिली थी। एक अतिरिक्त संदिग्ध मामले की पहचान की गई थी, और हमें आज परीक्षण के परिणाम मिलने की उम्मीद है। सभी प्रभावित व्यक्ति वर्तमान में जीएमसीएच में भर्ती हैं, जिसमें एक बच्चा मोरीगांव सिविल अस्पताल में भर्ती है। इन मामलों में से सात 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं, और आठ बुजुर्ग हैं। यह प्रकोप मुख्य रूप से बच्चों और वृद्धों को प्रभावित करता है। इस बीच, धुबड़ी में पांच लोगों में जेई का पता चला है, जिससे स्थानीय लोगों में बेचैनी फैल गई है। रानीगंज, चापर और गोलकगंज ब्लॉक के तीन पुरुष और दो महिला निवासियों में सकारात्मक मामले पाए गए हैं। धुबड़ी के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरूप कुमार चौधरी ने मानसून के मौसम में मच्छर जनित बीमारियों में वृद्धि पर जोर दिया, उन्होंने इस जुलाई में असम भर में जेई के मामलों में वृद्धि देखी। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य विभाग मच्छरों की आबादी को नियंत्रित करने और बीमारी को और फैलने से रोकने के लिए सभी आवश्यक सावधानी बरत रहा है। धुबड़ी के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरूप कुमार चौधरी ने कहा कि कि मच्छरों द्वारा फैलने वाली बीमारियां, जैसे जापानी इंसेफेलाइटिस, डेंगू, मलेरिया और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस), मानसून के मौसम में बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि इन बीमारियों के मामले कभी-कभी सालाना बढ़ जाते हैं या कम हो जाते हैं, लेकिन इस जुलाई में असम में जापानी इंसेफेलाइटिस के मामलों में वृद्धि देखी गई है। स्वास्थ्य विभाग मच्छरों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक सावधानी बरत रहा है। धुबड़ी में इस साल जून तक जापानी इंसेफेलाइटिस का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया था, जबकि पिछले साल जून 2023 में मामले दर्ज किए गए थे। -शेष पृष्ठ पांच पर

# आईआईएम-गुवाहाटी अगले शैक्षणिक वर्ष से पाठ्यक्रम शुरू करेगा : सीएम



**नई दिल्ली/गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात के बाद घोषणा की कि भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम)-गुवाहाटी अगले शैक्षणिक वर्ष से पाठ्यक्रम शुरू करेगा। मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि माननीय मंत्री ने आईआईएम-गुवाहाटी में अगले शैक्षणिक वर्ष से पाठ्यक्रम शुरू करने के हमारे अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। हमने राज्य संस्थानों को वित्तपोषित करने के लिए केंद्रीय योजना पीएम-यूएसएचए के तहत असम के लिए भारत सरकार के समर्थन पर भी विस्तार से चर्चा की। शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मंत्री महोदय ने हमारे शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान की क्षमता को मजबूत करने के उपायों पर सकारात्मक रूप से विचार किया। हमने असम में तकनीकी शिक्षा को बढ़ाने के उपायों पर भी विस्तृत चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री के साथ असम में अनुसंधान, नवाचार, उच्च और स्कूली शिक्षा परिदृश्य को बदलने के साथ-साथ असम के प्रतिभाशाली युवाओं को शिक्षा, कौशल और रोजगार के अधिक अवसरों से जोड़ने पर उपयोगी चर्चा की। एनईपी (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) हमारे शिक्षण और सीखने के परिदृश्य को और -शेष पृष्ठ पांच पर

## चिदंबरम ने एमएसपी सहित सरकार से पांच मांगें रखी

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने बुधवार को केन्द्र सरकार से कानूनी गारंटी वाली एमएसपी सहित बजट संबंधी पांच मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि यह मांगें जरूरी हैं और इसके लिए विपक्षी आईएनडीआई गठबंधन संघर्ष करता रहेगा। यूपीए सरकार में वित्त मंत्री रहे पी. चिदंबरम ने आज राज्यसभा में हर प्रकार के रोजगार के लिए न्यूनतम वेतन 400 रुपए प्रतिदिन किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को -शेष पृष्ठ पांच पर

# मुख्यमंत्री हिमंत ने केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात की, बजट की सराहना की



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की और असम के विकास पर हालिया बजट के प्रभावों पर चर्चा की। शर्मा ने सीतारमण की *दूरदर्शी बजट* पेश करने के लिए सराहना की, जिसमें रोजगार सृजन, युवा सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण और छोटे व्यवसायों को प्राथमिकता दी गई है। बैठक के दौरान, शर्मा ने असम में बाढ़-रोधी अर्थव्यवस्था के निर्माण, एमएसएमई, कौशल और डिजिटल अर्थव्यवस्था पर बजट घोषणाओं का लाभ उठाने में सीतारमण से सहयोग मांगा। मुख्यमंत्री ने पूंजीगत व्यय योजना के लिए राज्यों को विशेष सहायता के लिए भी आभार व्यक्त किया तथा -शेष पृष्ठ पांच पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## ममता के कार्यक्रम में बड़ा हादसा ऑडिटोरियम का गिरा गेट, कई घायल



**कोलकाता।** कोलकाता में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कार्यक्रम में एक अस्थायी गेट गिर गया। घटना के बाद लोगों के घायल होने की खबर है लेकिन अभी तक घायलों की संख्या नहीं बताई गई है। यह कार्यक्रम सूचना एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा महान अभिनेता उत्तम कुमार की 44वीं पुण्य तिथि के अवसर पर धनधान्य सभागार में आयोजित किया गया था। घटना के वीडियो में एक शख्स घायल नजर आ रहा है और कुछ लोग उसे एंबुलेंस की ओर ले जा रहे हैं। 13 अप्रैल, 2023 को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा सभागार का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री फिल्मी हस्तियों को महानायक -शेष पृष्ठ पांच पर

# त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान क्रैश, 18 की मौत



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन कंपनी सौर्य एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 19 लोग सवार थे। इनमें 18 लोगों की मौत की बात सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान पोखरा जा रहा था और सुबह करीब 11 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हवाई अड्डे पर तैनात एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विमान के पायलट को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि विमान में लगी आग को बुझा दिया गया है। पुलिस और दमकलकर्मी दुर्घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पोखरा जाने वाले सौर्य एयरलाइंस के विमान के उड़ान भरने के दौरान रनवे से बाहर निकल जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 19 लोग सवार थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटनास्थल से पांच शव बरामद हुए थे। जहाज के कैप्टन एमआर शाक्य को अस्पताल ले जाया गया है। हवाई अड्डे पर धुएं का घना गुबार देखा गया। पुलिस और दमकलकर्मी दुर्घटना स्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं। हादसे के बाद काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एहतियातन बंद कर दिया गया है। बीते साल भी नेपाल ने एक विमान हादसे में 72 लोगों की मौत हो गई थी। साल 2023 में यति एयरलाइंस का विमान नेपाल में हादसे का शिकार हो गया था। यति एयरलाइंस के हादसे में जान गंवाने वालों में पांच भारतीय भी शामिल थे। जांच में पता चला था कि यति एयरलाइंस का हादसा पायलट की गलती से हुआ था, जब विमान के पायलट ने गलती से पावर कट कर दिया था, जिससे विमान हादसे का शिकार हो गया।

## बजट भाषण में हर राज्य का नाम लेना संभव नहीं : वित्त मंत्री



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को विपक्ष के इन आरोपों का खंडन किया कि विपक्षी साशी राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। वित्त मंत्री ने राज्यसभा में कहा कि किसी राज्य का बजट भाषण में नाम नहीं लिया गया, इसका अर्थ यह नहीं है कि उस राज्य को कुछ नहीं दिया गया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज इसे मुद्दा बनाया। इसके जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन को समझना चाहिए कि हर राज्य के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत आवंटन होता है। कांग्रेस पार्टी ने सालों तक देश में बजट पेश किया है। उन्हें भी पता है कि बजट भाषण में हर राज्य का नाम नहीं लिया जाता। वित्त मंत्री ने महराष्ट्र का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के वडावन में 76 हजार करोड़ से पोर्ट का निर्माण होने जा रहा है। उसका बजट भाषण में जिक्र नहीं है।

सुप्रभात
*पहले वो आप पर ध्यान नहीं देंगे, फिर वो आप पर हंसेंगे, फिर वो आप से लड़ेंगे, और आप जित जाएंगे।*
- अज्ञात

## न्यूज गैलरी

### ओडिशा में अचानक दस हजार लोग बेघर

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर में लगभग 10 गांव के लोगों को स्थानांतरित किया गया है। यहां रहने वाले लगभग 10,581 लोगों को अलग-अलग जगह भेजा गया हैज वजह, एक मिसाइल का परिक्षण। बालासोर जिले के चांदीपुर के तट पर निर्धारित एलसी-3 मिसाइल परीक्षण की तैयारी में है जिसके लिए 10,000 से ज्यादा निवासियों को स्थानांतरित किया जा गया है। रिपोर्ट -शेष पृष्ठ पांच पर

### अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में कानून व्यवस्था हुई बेहतर : केंद्र

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद समग्र कानून-व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। रोजाना होने वाली हड़ताल, पत्थरबाजी और बंद रखे जाने की घटनाएं अब अतीत की बात हो गई हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को -शेष पृष्ठ पांच पर

# मणिपुर की महिलाओं ने निकाली रैली, असम में मारे गए तीन लोगों के लिए मांगा न्याय



**चुराचांदपुर।** मणिपुर से कुकी और हमार समुदायों की दो महिला संगठनों ने चुराचांदपुर जिले में एक रैली की। रैली के दौरान महिला ने असम में पुलिस मुठभेड़ में तीन हमार शख्स की हत्या की सुप्रीम कोर्ट के जज से जांच कराने की मांग की। कुकी महिला संगठन फॉर ह्यूमन राइट्स और हमार महिला संघ द्वारा आयोजित रैली में भाग लेने वाले लोग मुओलवाइफेई खेल के मैदान से शांति मैदान के पास वॉल ऑफ रिमेंबरेंस तक चले। असम के कछार जिले में कुछ दिन पहले हुई मुठभेड़ के कारण विवाद शुरू हो गया है। पुलिस ने दावा किया था कि मुठभेड़ में हमार के तीन उग्रवादियों को मारा गया। इसके बाद हमार संगठनों ने मुठभेड़ पर सवाल खड़े किए थे। कई हमार समुदाय संगठनों ने असम पुलिस के साथ कथित मुठभेड़ की निंदा करते राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) से इन न्यायेतर -शेष पृष्ठ पांच पर

## दो दिन बंद के बाद भारत-बांग्लादेश व्यापार फिर शुरू

**कोलकाता ( हि.स. )।** पड़ोसी देश में हिंसा के कारण दो दिनों से बंद भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार बुधवार को फिर से शुरू हो गया है। पश्चिम बंगाल के प्रमुख स्थलीय बंदरगाहों जैसे पेट्रापोल, घोजाडांगा, फूलबाड़ी और महदीपुर में बांग्लादेशी कस्टम्स के काम शुरू करने और इंटरनेट लिंक के बहाल होने के बाद व्यापार फिर से शुरू हो गया। लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (पेट्रापोल) के प्रबंधक कमलेश सैनी ने कहा कि -शेष पृष्ठ पांच पर

## सीएपीएफ और असम राइफल्स में 10 प्रतिशत पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित : नित्यानंद राय

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स (एआर) में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) और राइफलमैन के पदों पर भर्ती में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत रिक्तियां आरक्षित करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, ऊपरी आयु सीमा में रियायत और व्यक्तिगत शारीरिक दक्षता परीक्षा (आईपीपीटी) से छूट देने का प्रावधान किया गया है। गृह राज्य मंत्री ने सीएपीएफ और एआर में रिक्तियों के संबंध में कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स (एआर) में 01 जुलाई 2024 तक कुल स्वीकृत पदों की संख्या 10,45,751 के मुकाबले 84,106 है। रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है। मंत्रालय यूपीएससी, एसएससी और संबंधित बलों के माध्यम से रिक्तियों को तेजी से भरने के लिए गंभीर कदम उठा रहा है और उठाता रहेगा।

# एंटी पेपर लीक कानून में दस साल की सजा, एक करोड़ का जुर्माना



**पटना ( हि.स. )।** नीट-यूजी परीक्षा समेत कई पेपर लीक के केंद्रों में से एक बिहार ने सरकारी परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए एक कड़ा विधेयक बिहार विधानसभा से बुधवार को पारित कर दिया। विधानसभा के मॉनसून सत्र में पारित विधेयक में व्यक्तियों और संगठनों दोनों के लिए परीक्षाओं में अनियमितताओं में शामिल पाए जाने पर 10 साल तक की जेल की सजा और एक करोड़ जुर्माना का प्रावधान है। इसमें दोषी पाए जाने वालों की संपत्ति कुर्क करने का भी प्रावधान है। साथ ही यह गिरफ्तार किए गए लोगों के लिए जमानत पाना मुश्किल बनाता है। बिहार सार्वजनिक परीक्षा (पीई) (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 को राज्य के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को पेश किया और विपक्ष के वॉकआउट के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया। विपक्ष के वॉकआउट का उद्देश्य अराजकता और बिहार को विशेष दर्जा न दिए जाने का विरोध करना था। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पारित करते हुए नीट-यूजी पेपर लीक मामले में कहा कि नीटी-यूजी की दुबारा परीक्षा नहीं होगी। चीफ जस्टिस -शेष पृष्ठ पांच पर

# ग्लोबल पासपोर्ट इंडेक्स में भारत की बढ़ोतरी, 58 देशों में मिलेगी वीजा फ्री एंट्री




**नई दिल्ली।** देश की ताकत का अंदाजा उसके पासपोर्ट से लगाया जाता है। सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया में सबसे पावरफुल पासपोर्ट है। अब पासपोर्ट रैंकिंग की लिस्ट में भारत ने भी बढ़ोतरी की है। यूके स्थित हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की रैंकिंग के अनुसार, भारत को इस लिस्ट में 82वां स्थान मिला है। रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के आंकड़ों पर आधारित है। 2022 में भारत 87वें स्थान पर था। वहीं 2023 में भारत को 84वां स्थान प्राप्त हुआ था। भारत के पासपोर्ट पर 58 देशों में वीजा फ्री एंट्री है। सिंगापुर के पासपोर्ट वाले लोग 195 देशों में वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं, सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया का सबसे ताकतवर पासपोर्ट है। दूसरे नंबर पर फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और स्पेन के पासपोर्ट हैं, जिन पर 192 देशों और क्षेत्रों में वीजा फ्री एंट्री की सुविधा मिलती है। तीसरे स्थान पर आस्ट्रिया, फिनलैंड, आयरलैंड, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया और स्वीडन हैं। प्रत्येक के पास वीजा के बिना 191 देशों तक पहुंच की सुविधा मौजूद है। ब्रिटेन, बेल्जियम, डेनमार्क, न्यूजीलैंड, नार्वे और स्विट्जरलैंड -शेष पृष्ठ पांच पर

# दिल्ली सफर पर पीएम मोदी से मिलेंगी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पीएमओ से मांगा समय

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गुरुवार को तीन दिवसीय दौरे पर दिल्ली जा रही हैं। इस दौरे के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का समय मांगा है। इस बैठक में ममता बनर्जी राज्य की विभिन्न मांगों पर चर्चा करेंगी। राज्य प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुख्य रूप से नीति आयोग की बैठक में शामिल होने जा रही हैं, जो शनिवार को होनी है। राज्य प्रशासन इस बैठक में उनके भाषण के लिए आवश्यक जानकारी एकत्र कर रहा है। ममता ने बुधवार को विधानसभा में अपने कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए इस बारे में जानकारी दी थी। ममता बनर्जी गुरुवार शाम को दिल्ली पहुंचेंगी। शुक्रवार को ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के संसदीय दल के साथ बैठक होगी, जो संसद भवन या बंग भवन में हो सकती है। इस बैठक का अंतिम निर्णय ममता बनर्जी ही लेंगी। इस दौरान उनकी मुलाकात इंडी गठबंधन के नेताओं और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से भी हो सकती है। लोकसभा चुनाव के बाद यह ममता और सोनिया गांधी की पहली मुलाकात हो सकती है। लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद ममता बनर्जी का यह पहला दिल्ली दौरा है। वह प्रधानमंत्री से मिलने के



साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। आवास योजना और मनरेगा के तहत राज्य को मिलने वाली राशि काफी समय से लंबित है। ममता बनर्जी ने कई मौकों पर केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर आड़े हाथों लिया है। ममता बनर्जी राज्य की बकाया राशि को लेकर भी प्रधानमंत्री से बातचीत करेंगी। नीति आयोग की बैठक में शामिल होने को लेकर तृणमूल कांग्रेस और इंडी गठबंधन के अन्य सदस्यों में मतभेद उभर आए हैं। सोमवार शाम को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई बैठक में विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों ने तृणमूल को सूचित किया कि कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस बैठक में शामिल न होने का निर्णय लिया है। इसके बावजूद ममता बनर्जी इस बैठक में शामिल होंगी, जबकि उन्होंने पिछली नीति आयोग की बैठक में हिस्सा नहीं लिया था।

# महाराष्ट्र के पांच जिलों में बाढ़ के हालात, एनडीआरएफ अलर्ट मोड पर

**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र में पिछले सप्ताह से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से सूबे के पांच जिले भंडारा, कोल्हापुर, सांगली, रायगढ़, गढ़चिरौली बाढ़ की चपेट में हैं। जिला प्रशासन ने इन जिलों में नदियों के तटीय इलाकों में रहने वालों को सुरक्षित स्थल पर जाने की अपील की है। इसके साथ ही एनडीआरएफ टीमों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। भंडारा जिले में पिछले चार दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश होने से वैनगंगा नदी भी खतरे के निशान को पार कर गई है। इसके चलते भंडारा के पास करधा छोटे पुल पर पानी आ जाने के कारण इस पुल को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। लगातार बारिश के कारण भंडारा जिले के गोसेखुर्द बांध में पानी की आवक बढ़ गई है।अब गोसेखुर्द बांध पानी का भंडारण बढ़ने की वजह से बांध के 33 गेट खोल दिए गए हैं। इसके चलते बड़ी मात्रा में पानी नदी में छोड़ा जा रहा है और प्रशासन ने नदी के किनारे के गांवों को अलर्ट जारी कर दिया है। जिला प्रशासन नदी के तटीय इलाकों में रहने वालों को सुरक्षित स्थल पर स्थलांतरित भी कर रहा है। कोल्हापुर जिले में पिछले पांच दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण अब पंचगंगा नदी का जलस्तर 41



फीट तक पहुंच गया है। पंचगंगा नदी का चेतावनी स्तर 39 फीट है और खतरे का स्तर 43 फीट है। जिले में भारी बारिश से सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। कोल्हापुर-रत्नागिरी, कोल्हापुर-गगनबावड़ा हाईवे यातायात के लिए बंद हैं।

पुणे-बेंगलुरु हाईवे की ओर जाने वाला रास्ता भी बंद कर दिया गया है। गढ़चिरौली में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। गढ़चिरौली में पिछले 5 दिनों से बाढ़ के हालात हैं। गढ़चिरौली में लगातार बारिश और बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस बारिश के कारण गढ़चिरौली में नदी, नाले और नालों में बाढ़ आ गई है। इस बाढ़ के कारण कई गांवों का संपर्क टूट गया है। हाईवे पर बाढ़ का पानी आने से 4 प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग गढ़चिरौली-चामोर्शी, गढ़चिरौली-नागपुर, आष्टी-अल्लापल्ली, अलापल्ली-भामरागढ़ बंद हो गए हैं। इन 4 हाईवे के साथ ही जिले की 12 सड़कें भी बंद हो गई हैं। बाढ़ की स्थिति के कारण जिले में तीन दिनों से सब्जी, दूध और ब्रेड जैसी आवश्यक वस्तुओं की कमी हो गयी है। रायगढ़ जिले में पिछले कई दिनों से हो रही बारिश से कुंडलिका नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। इससे नदी किनारों पर बसे लोगों को स्थलांतरित करने का काम जिला प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। सांगली नदी में कृष्णा नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। इससे जिला प्रशासन सतर्क है। सुबह से ही मुंबई में लगातार बारिश हो रही है। कई इलाकों में जलभराव हो गया है लेकिन मुंबई नगर निगम की ओर से पंपिंग के सहयोग जलनिकासी का काम जारी है।

## राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास 'आया सावन झूम के'

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर के अधिकांश हिस्सों में आज सुबह से झमाझम बारिश हो रही है। कल भी कुछ हिस्सों में हल्की बरसात हुई। इससे तापमान में गिरावट आई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि आज और कल (बुधवार और गुरुवार) भी दिल्ली में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। इस बीच मौसम की मेहरबानी से राष्ट्रीय राजधानी की हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। विभाग का अनुमान है कि आज के तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। यह 34 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा सकता है। कल दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से एक




डिग्री ज्यादा 36.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर पर 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा का स्तर 95 से 65 प्रतिशत तक रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार (मंगलवार) को दिल्ली का एक्यूआई 93 रहा। इस स्तर की हवा को 'संतोषजनक' श्रेणी में रखा जाता है। राजधानी दिल्ली में कल शाम साढ़े पांच तक कहीं-कहीं अच्छी बारिश हुई है। पालम में 6.6, लोधी रोड और रिज क्षेत्र में बूंदाबांदी, आयानगर में 0.7, पूसा क्षेत्र में 6.0, पीतमपुरा में 3.5 और मयूर विहार में 8.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने आज सुबह एक्स हैंडल पर फोटो और विवरण साझा किया है। इसमें कहा गया है कि अशोक रोड में सीवरेज पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण सी-हेक्सागन से विंडसर पैलेस की ओर 14, अशोक रोड के सामने यातायात प्रभावित है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि तदनुसार यात्रा की योजना बनाएं।

## शुभेंदु अधिकारी पर विधानसभा में हमले का दावा, आरोप तृणमूल विधायक पर

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी पर हमले के आरोप लगे हैं। विधानसभा में महिला उत्पीड़न पर चर्चा की मांग को लेकर भाजपा के विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में वाकआउट किया। इस दौरान पूर्वस्थली के तृणमूल विधायक तपन चटर्जी और शुभेंदु अधिकारी के बीच तीखी बहस हुई। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि बहस के दौरान उन्हें शारीरिक रूप से उत्पीड़ित किया गया। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मैं विधानसभा में उत्पीड़ित हुआ हूं। अगर कोई भाजपा विधायक पर हमला होता है, तो उसकी जिम्मेदारी स्पीकर की है। शुभेंदु ने इस घटना को लेकर विधानसभा के स्पीकर को भी एक पत्र भेजा, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्वस्थली के विधायक ने उन्हें शारीरिक रूप से उत्पीड़ित किया और अपशब्दों का प्रयोग किया। सूत्रों के अनुसार, पूर्वस्थली के विधायक



के क्षेत्र में जाकर शुभेंदु ने उन पर हमला किया था। शुभेंदु ने विधायक की बेटी के माध्यमिक परीक्षा के अंकों का जिक्र करते हुए उनकी सरकारी नौकरी पर सवाल उठाया था। इस पर तपन चटर्जी ने बुधवार को विधानसभा के गलियारे में शुभेंदु से सवाल किए, जिससे बहस शुरू हो गई। तपन चटर्जी ने कहा कि उन्होंने केवल यह जानना चाहा कि शुभेंदु ने ऐसे बयान क्यों दिए। उन्होंने पुलिस स्टेशन और विधानसभा के स्पीकर के पास शिकायत दर्ज कराई है। शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों को उन्होंने खारिज करते हुए कहा कि वहां और भी लोग थे। क्या कोई फोटो है जिसमें दिखे कि मैंने उन्हें मारा है? मैंने कहा कि वह झूठ बोल रहे हैं। वह झूठे हैं।

## नीट परीक्षा पर विपक्ष के रवैये को लेकर भाजपा का निशाना, कहा- राहुल गांधी ने देश की छवि को किया खराब

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट के नीट-यूजी परीक्षा रद्द करने की मांग खारिज किए जाने के फैसले पर भाजपा ने संतोष जताया है। नीट को लेकर विपक्ष के रवैये पर निशाना साधते हुए भाजपा उनसे देश से माफी मांगने की मांग की है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा कि विपक्ष के नीट परीक्षा को लेकर दिए बयानों से छात्रों में अविश्वास का माहौल बना और विश्व में छवि खराब हुई। विपक्ष की इस रवैये की भाजपा ने भर्त्सना की है। बुधवार को अपने आवास में प्रेसवार्ता में पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के चार दिन बाद देश के सामने कुछ तथ्य रखना जरूरी है। करीब 23.5 लाख छात्रों ने आवेदन किया था और उन्हें नीट परीक्षा के लिए बैठाया गया था। इसमें 571 शहरों में परीक्षाएं आयोजित की गईं। सीबीआई जांच के




बाद जिम्मेदार छात्रों पर कार्रवाई की गई। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्पष्ट कहा कि अब दोबारा परीक्षा कराने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि इसके कारण बहुत समस्या उत्पन्न होगी, बच्चों का सेशन गड़बड़ होगा। जिन्होंने ईमानदारी से परीक्षा दी है, उनका भविष्य अंधकार में जाएगा। जो एससी, एसटी और ओबीसी रिजर्वेशन के बच्चे हैं, उन्हें परेशानी होगी। इसलिए कोर्ट ने कहा कि हम परीक्षा रद्द नहीं करेंगे। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष से सवाल किया कि जब इतनी ईमानदारी से काम हुआ है, तो राहुल गांधी क्यों इस परीक्षा को लेकर भ्रम फैला रहे थे, क्या ये भारत की परीक्षा व्यवस्था को दुनिया में बदनाम करना चाहते हैं। क्या राहुल गांधी माफी मांगेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष को, खासकर राहुल गांधी को होम वर्क करके अपने बयान देने चाहिए। राहुल गांधी का बयान गैरजिम्मेदाराना है, जिसकी भाजपा भर्त्सना करती है।

## निजी ऑपरेटरों ने बंगाल सरकार से पीपीपी मॉडल के तहत राज्य-स्वामित्व वाली बसें चलाने की अनुमति मांगी

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में निजी बस ऑपरेटरों के एक संगठन ने राज्य परिवहन विभाग से आग्रह किया है कि उनके 15 साल पुराने वाहनों को अगस्त तक हटाए जाने के बाद, उन्हें सार्वजनिक-निजी-साझेदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत राज्य-स्वामित्व वाली बसें चलाने की अनुमति दी जाए। यह जानकारी जॉइंट काउंसिल ऑफ बस सिंडिकेट के महासचिव तपन बनर्जी ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस बाबत उन्होंने परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती को एक पत्र भी भेजा है। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में, 15 साल पुराने बसों और अन्य व्यावसायिक वाहनों को शहर की सड़कों से हटाना अनिवार्य है। 2009 या 2010 में सड़क पर उतरी बसें 2024 या 2025 में चलना बंद कर देंगी। बनर्जी ने कहा कि पीपीपी मॉडल के तहत, निजी ऑपरेटर गैर-परिचालन राज्य-स्वामित्व वाली बसों को चला सकते हैं और संबंधित परिवहन निगम को प्रति माह 14 हजार रुपये का भुगतान कर सकते हैं। पहले से ही निजी ऑपरेटर बारुईपुर-हावड़ा स्टेशन मार्ग पर बीएफओ बोर्ड प्रदर्शित करने वाली 14 बसें चला रहे हैं। परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने बताया, "राज्य परिवहन विभाग पहले इस मार्ग पर तीन से चार बसें दो-दो ट्रिप चलाता था।

नई व्यवस्था के तहत, निजी ऑपरेटर सभी 14 बसें चार-पांच ट्रिप के साथ चला रहे हैं।" उन्होंने यह भी बताया कि अक्टूबर में पूजा से पहले शहर के हब और दक्षिण कोलकाता के गंतव्यों से जोड़ने वाले चार और मार्ग चालू होंगे क्योंकि 30 से अधिक निजी ऑपरेटर पहले से ही रुचि दिखा चुके हैं। बनर्जी ने कहा, कई बस मालिकों को अपने 15 साल पुराने वाहनों को स्क्रैप करना पड़ेगा क्योंकि उनके पास नए बीएस-6 मानक वाले वाहनों को खरीदने की सामर्थ्य नहीं है, जिनकी कीमत 25-30 लाख रुपये होगी। उन्होंने बताया कि संघ ने पहले राज्य सरकार से कोविड स्थिति के कारण दो साल तक अधिकांशतः निष्क्रिय रहने वाले वाहनों के लिए दो साल की विंडो देने का आग्रह किया था, लेकिन परिवहन विभाग से कोई अनुकूल प्रतिक्रिया नहीं मिली। वर्तमान स्थिति में, यदि इन बस मालिकों को पीपीपी मॉडल के तहत बीएफओ योजना का विकल्प चुनने की अनुमति दी जाती है, तो यह निजी बस उद्योग को आंशिक रूप से पुनर्जीवित कर सकता है। फेजिंग-आउट मानदंडों के अनुसार, जुलाई 2024 से जुलाई 2025 के बीच शहर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में चलने वाली 32 हजार से अधिक निजी बसों का 90 प्रतिशत सड़क से हट जाएगा। एक वरिष्ठ परिवहन अधिकारी ने बस ऑपरेटरों के संगठन के प्रस्ताव का स्वागत किया और कहा कि वे इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, बसों को राज्य डिपो में रखना होगा और मार्गों को बिना कटौती किए ट्रिप पूरी करनी होगी।

## एएमयू कैंपस में गोलीबारी से दो कर्मचारी घायल, आरोपी गिरफ्तार

**अलीगढ़,(ईएमएस)।** यूपी के अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी कैंपस में बुधवार को गोलियां चली। हमलावरों ने दो कर्मचारियों के ऊपर फायरिंग की जिसमें दोनों कर्मचारी घायल हो गए उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें भर्ती कर लिया गया है। कैंपस में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने दो हमलावरों को पकड़ लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी गई है। गौरतलब है एएमयू अक्सर विवादों में बना रहता है। इस साल होली के मौके पर मार्च में यहां बवाल हुआ था। होली कार्यक्रम मना रहे छात्रों पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया था। इसके बाद बड़ी संख्या में छात्र सिविल लाइन थाना पहुंचे और पुलिसकर्मियों का घेराव किया था। बीते मई में एएमयू के




एसएस हॉल परिसर में छात्रों के दो गुटों में मारपीट हो गई थी। इस घटना में बीटेक फर्स्ट इयर का छात्र बुरी तरह घायल हो गया था। दहशत फैलाने के लिए एक गुट ने हवाई फायरिंग भी की थी। कैंपस में तैनात जवानों ने दो आरोपी छात्रों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। घायल बीटेक छात्र को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था।

## सरकार मौजूदा सिस्टम से इतनी बड़ी परीक्षा आयोजित नहीं करा सकती

**-नीट पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राज्यसभा सांसद ने दी प्रतिक्रिया**

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी 2024 परीक्षा रद्द करने से इनकार कर दिया है। इस फैसले पर राज्यसभा सांसद व वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि एनडीए को पूरी तरह से बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार मौजूदा सिस्टम के तहत इतनी बड़ी परीक्षा आयोजित नहीं करा सकती है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि पेपर लीक हुआ है। सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी दिल्ली से मामले की जांच करने को कहा है कि इन मुद्दों से कैसे निपटा जाए। कोर्ट ने इसके सबूत मांगे हैं कि पेपर किस हद तक लीक हुआ था। सिब्बल ने कहा सवाल यह है कि इस सरकार में हर परीक्षा में पेपर लीक क्यों होता है। उन्होंने कहा कि इसमें कौन शामिल है और पेपर लीक किसके फायदे के लिए हो रहा है। बिना योग्यता वाले लोग कौन हैं जिन्हें




नौकरी मिली। एनटीए को पूरी तरह से बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हमने एक आईएएस अधिकारी को झूठे जाति प्रमाण पत्र के आधार पर सेवाओं में आते देखा है। उन्होंने कहा कि आपको इस बीमारी से निपटना है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार नीट-यूजी 2024 की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया जिनमें विवादों से घिरी इस परीक्षा को रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग की गई थी। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि इसकी विश्वसनीयता के व्यवस्थित तरीके से प्रभावित होने और अन्य गड़बड़ियों को दर्शाने वाली कोई सामग्री रिकॉर्ड में नहीं है। कोर्ट का यह अंतरिम फैसला है और बाद में विस्तृत फैसला सुनाया जाएगा।

## आंध्र प्रदेश के स्पेशल पैकेज पर भड़की तेलंगाना सरकार

**हैदराबाद(ईएमएस)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को केंद्रीय बजट को लेकर निराशा जताई और आरोप लगाया कि इसमें तेलंगाना के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 8 कांग्रेस सांसद इस बजट में तेलंगाना की अनदेखी को लेकर विरोध दर्ज कराएंगे। सीएम ने कहा, हमारे 8 कांग्रेस सांसद निश्चित रूप से अन्य सांसदों के साथ अपना विरोध व्यक्त करेंगे। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम केवल आंध्र प्रदेश के लिए फंड देने के बारे में नहीं है, बल्कि तेलंगाना के बारे में भी है। विधानसभा में, हम प्रश्नकाल के बाद इस अन्याय पर चर्चा करेंगे। मैं 8 भाजपा सांसदों और एआईएमआईएम सांसदों से अनुरोध करता हूं कि वे 8 कांग्रेस सांसदों के विरोध कार्यक्रम में भाग लें। सभी को राजनीति से ऊपर उठकर राज्य के लिए लड़ना चाहिए। विरोध प्रदर्शन में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद भी भाग ले सकते हैं। सीएम रेड्डी ने आंध्र प्रदेश को बजट में स्पेशल पैकेज दिए जाने पर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि आंध्र के साथ तेलंगाना को भी विशेष आवंटन दिया जाना चाहिए था। इससे पहले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी.रामाराव ने भी केंद्रीय बजट को लेकर निराशा जताते हुए कहा कि इसमें तेलंगाना के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि 48 लाख करोड़ रुपये का बजट होने के बावजूद केवल कुछ राज्यों को इसका लाभ मिला है। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को वित्तवर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश किया। नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला केंद्रीय बजट है। तेलंगाना की 17 लोकसभा सीट में से आठ-आठ पर भाजपा एवं कांग्रेस की जीत का संदर्भ देते हुए रामाराव ने कहा कि लोगों को सोचना होगा कि जब वे दो राष्ट्रीय दलों को 16 सीट देते हैं तो क्या होता है। इस लोकसभा चुनाव में बीआरएस को तेलंगाना में एक भी सीट नहीं मिली है।

उन्होंने कहा, यह निराशाजनक है कि पूरे बजट भाषण में तेलंगाना का उल्लेख तक नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के बेटे रामा राव ने कहा, यहां तक कि मौजूदा मुख्यमंत्री और तेलंगाना के मंत्रियों ने दिल्ली दौरे के दौरान कई अनुरोध किए थे जिन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। एक बार फिर, तेलंगाना को इस केंद्रीय बजट में कुछ भी नहीं मिला है। रामाराव ने कहा कि तेलंगाना के लोगों को आंध्र प्रदेश और बिहार को आवंटित धनराशि पर गौर करना चाहिए जहां संसद की अधिक सीटें हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को यह समझने की जरूरत है कि तेलंगाना के विकास के लिए अपनी राजनीतिक पहचान और ताकत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जनता आठ सांसद होने के बावजूद कोई धन आवंटित नहीं करने का सबक भाजपा सरकार को सिखाएगी। आंध्र प्रदेश के लिए विशेष श्रेणी के दर्जे की बढ़ती मांग के बीच, मंगलवार को केंद्रीय बजट में राज्य को उल्लेखनीय आवंटन देने का वादा किया गया, जिसमें राजधानी अमरावती के विकास के लिए 15,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। आम बजट पेश होने से पहले, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राष्ट्रीय राजधानी का दो बार दौरा किया था, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उनके समक्ष विभिन्न अनुरोध प्रस्तुत किए।आंध्र प्रदेश के लिए बजट में आवंटन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की तेलुगु देशम पार्टी और अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना के महत्वपूर्ण समर्थन पर निर्भरता को रेखांकित करता है। तेदेपा के पास 16 लोकसभा सीटें हैं वहीं जनसेना के पास दो सीटें हैं। अमरावती के लिए निर्धारित सहायता से राज्य में तेदेपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार का मनोबल बढ़ने की उम्मीद है। इस सहायता से वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान पांच साल से रुकी हुई राजधानी परियोजना को गति मिलेगी।

## माटुंगा में ओवरहेड का वायर टूटने से मध्य रेलवे की सेवा प्रभावित

**मुंबई, (हि.स.)।** माटुंगा में बुधवार को सुबह ओवरहेड वायर टूटने से मध्य रेलवे की सेवा प्रभावित हो गई है। इससे कई लोकल गाड़ियां जगह-जगह रेलवे ट्रैक पर खड़ी हो गईं और यात्रियों को ट्रैक पर पैदल चलना पड़ा है। मध्य रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार आज सुबह माटुंगा स्टेशन के पास ओवरहेड वायर टूट जाने से मध्य रेलवे की सेवा बाधित हो गईं। लोकल गाड़ियां जगह-जगह खड़ीं हो गईं। सुबह का समय होने की वजह से समय पर ऑफिस पहुंचने के लिए यात्रियों को ट्रैक पर पैदल चलना पड़ा।



स्लो ट्रैक पर लोकल ट्रेन चल रही थी। उसी ट्रैक पर मेल और एक्सप्रेस गाड़ियां भी चलाई जा रही हैं, इसलिए लोकल गाड़ियां आधे घंटे देरी से चल रही हैं। प्रवक्ता के अनुसार मध्य रेलवे की मरम्मत टीम ने मौके पर पहुंचकर ओवर हेड वायर को जोड़ दिया है। बहुत जल्द मध्य रेलवे की सेवा पूर्ववत कर दी जाएंगी।

## रातभर चले एनकाउंटर में एक आतंकी ढेर, सेना का जवान घायल

**जम्मू(ईएमएस)।** बीती रात जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के जमकर फायरिंग हुई। इसमें एक आतंकी ढेर हो गया और सेना का एक जवान घायल हुआ है। सेना ने कहा कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को चुनौती दी। इस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और दोनों ओर से मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक सैनिक घायल हो गया। अभियान जारी है। श्रीनगर की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23-24 जुलाई को संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सूत्रों के अनुसार, सैनिकों को कृष्णाघाटी के



बट्टल अग्रिम क्षेत्र में आतंकवादियों के समूह की गतिविधियों का पता चला और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। सूत्रों ने बताया कि लांस नायक सुभाष कुमार भीषण मुठभेड़ में घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई।

उन्होंने बताया कि आतंकवादियों को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सैनिक का पार्थिव शरीर पोस्टमॉर्टम के बाद सेना को सौंप दिया गया है। हाल के महीनों में जम्मू में आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं, जिससे क्षेत्र में आतंकवाद के फिर से सिर उठाने की आशंका बढ़ गई है। बता दें कि इसके पहले, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार तड़के नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को सेना ने नाकाम कर दिया, जिस दौरान एक जवान शहीद हो गया था। व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सतर्क सैनिकों ने तड़के तीन बजे बट्टल सेक्टर में घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों की गोलीबारी का माकूल जवाब देकर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। कोर ने कहा, भारी गोलीबारी के दौरान एक वीर जवान घायल हो गया। अभियान जारी है।

## जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से 2,907 अमरनाथ तीर्थयात्रियों का 27वां जत्था रवाना

**जम्मू, (हि.स.)।** जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से बुधवार सुबह 2,907 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। 2,907 तीर्थयात्रियों के 27वें जत्थे में 2,194 पुरुष, 598 महिलाएं, 11 बच्चे, 91 साधु और 13 साध्वियां हैं। सीआरपीएफ और पुलिस की सुरक्षा के बीच 103 वाहनों में इन सभी को भगवती नगर बेस कैंप से सुबह 3.40 बजे रवाना किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से 1,773 तीर्थयात्री पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग से रवाना हुए, जबकि 1,134 श्रद्धालुओं ने छोटा लेकिन अधिक



ढलान वाला 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग चुना। 52 दिवसीय यात्रा 29 जून को कश्मीर के बालटाल और पहलगाम बेस कैंप से औपचारिक रूप से शुरू हुई थी, जो 19 अगस्त को समाप्त होगी।

# अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का उत्थान हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री



**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि परिवर्तित बजट 2024-25 में प्रदेश के युवा, महिला, किसान तथा गरीब के उत्थान को लक्ष्य में रखते हुए योजनाओं तथा कार्यक्रमों की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि विकास की बयार से राजस्थान का कोई भी क्षेत्र अछूता ना रह जाए। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट सौगातों के लिए कोटा, ब्यावर और जैतारण से आई जनता की धन्यवाद सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में काम कर रहे जनप्रतिनिधि जनता की आम समस्याओं से वाकिफ होते हैं। साथ ही, जनता भी अपनी मांगों को लेकर उनके पास आती है। राज्य सरकार भी जनप्रतिनिधियों की क्षेत्र से संबंधित विकास की मांगों पर तत्परता से कार्य कर रही है तथा जनता से किए गए सभी वादों को पूरा किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए उल्लेखनीय फैसले किए हैं। संकल्प पत्र में किए गए लगभग 45 फीसदी वादे पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गेहूं की एमएसपी पर 125 रुपए का बोनस देकर 2,400 रुपए प्रति क्विंटल खरीद मूल्य किया और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देय राशि 6 हजार रुपए से बढ़ाकर 8 हजार रुपए की। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी, पंचायती राज, नगरीय निकाय तथा आंगनबाड़ी कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि जैसे अनेक जनकल्याणकारी निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह जनहितैषी निर्णय लिए जाएंगे तथा संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। उन्होंने *स्वच्छ भारत अभियान* की शुरुआत कर स्वच्छता का संदेश देने और *बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ* अभियान चलाकर लड़के-लड़कियों का लिंगानुपात सुधारने का महत्वपूर्ण काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी न केवल देश को आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से आगे बढ़ाना चाहते हैं अपितु पर्यावरण को संजोने के लिए भी वे लगातार जागरूकता ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने पर्यावरण दिवस, 5 जून को *एक पेड़ मां के नाम* अभियान की शुरूआत की है, जिससे अधिक से अधिक लोग पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि हम सभी एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाकर उसकी देख-रेख का भी संकल्प लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में कोटा, ब्यावर तथा जैतारण के चहुंमुखी विकास के लिए ढेरों सौगातें दी गई हैं। जैतारण में 30 करोड़ रुपए की लागत से समौखी से बलाड़ा, पृथ्वीपुरा से लौटोती, बलुन्दा से खराड़ी, कालब खुर्द से काणूजा, बूटीवास से रास, निमाज से चावण्डिया कलां, कावलिया से आनन्दपुर कालू सड़कों के सुदृढ़ीकरण व चौड़ाईकरण का कार्य करवाया जाएगा। वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर पर लगभग 110 करोड़ रुपए व्यय कर संबंधित रेलवे स्टेशनों को दो लेन सड़क से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जैतारण में 220 केवी जीएसएस निर्माण, रास-ब्यावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, जैतारण में सहायक अभियंता (खनिज) कार्यालय, ब्यावर में अनुसूचित जाति छात्रावास खोले जाएंगे तथा निम्बाज (जैतारण) पशु चिकित्सालय का प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नयन किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि औद्योगिक नगरी, कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का काम शुरू किया जाएगा। राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभ्यारण-कोटा का ईको सेंसेटिव जोन के रूप में चिह्नीकरण कर मास्टर प्लान, रामगंज मंडी में महिला पुलिस थाना, स्टोन मंडी एवं स्टोन कलस्टर का उन्नयन सहित अनेक सौगातें कोटा को दी गई हैं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प पर काम करते हुए अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए योजनाओं तथा कार्यक्रमों का संचालन कर रही है तथा उनका उत्थान राज्य सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हम सबको भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जरूरतमंदों को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करनी चाहिए। *सबका साथ-सबका विकास* की सोच के साथ ही विकसित राजस्थान और विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी।

## लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने कारगिल युद्ध वीरों को दी श्रद्धांजलि



**जयपुर ( हिंस )।** दक्षिण पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने कारगिल युद्ध की जीत के 25 साल और कारगिल में हमारे बहादुर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान की याद में प्रेरणा स्थल जयपुर सैन्य स्टेशन पर बुधवार को पुष्पांजलि अर्पित की। जयपुर सैन्य स्टेशन के सभी रैंकों के सम्मानित दिग्गजों ने भी कारगिल युद्ध के दौरान बहादुरी से लड़ने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। रक्षा विभाग के जनसम्पर्क अधिकारी कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि कारगिल विजय दिवस रजत जयंती महोत्सव पूरे देश में जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर प्रसिद्ध जीत के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है, जहां हमारे बहादुरों ने असाधारण धैर्य, साहस और धैर्य का परिचय दिया था। इस शुभ अवसर पर सप्त शक्ति कमान द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें 21 से 26 जुलाई 2024 तक मेगा वृक्षारोपण अभियान, सैन्य बैंड का प्रदर्शन, हथियार और उपकरण प्रदर्शनी, प्रेरक फिल्में दिखाना, वीरता पुरस्कार विजेताओं और युद्ध के दिग्गजों द्वारा प्रेरक वार्ता, बच्चों द्वारा युद्ध स्मारकों का दौरा और पुष्पांजलि समारोह आदि शामिल हैं।

## किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी लड़ेंगे पेहवा से विधानसभा चुनाव

**यमुनानगर ( हिंस )।** हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय किसान यूनियन और संयुक्त संघर्ष पार्टी की एक संयुक्त बैठक हीरा पैलेस यमुनानगर में हुई। जिसमें हजारों की संख्या में किसानों ने भाग लिया। बुधवार को संयुक्त संघर्ष पार्टी के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि आज की बैठक में यह फैसला लिया गया है कि हरियाणा में आने वाले विधानसभा चुनाव में संयुक्त संघर्ष पार्टी सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि अब तक हमने मजदूर और किसान की लड़ाई सड़क पर लड़ी है और अब विधानसभा में भी जनता की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी हमें जरूरत है कि हम अपने बीच में से ही सच्चे और ईमानदार लोग चुनकर विधानसभा में भेजें, जो जनता की लड़ाई लड़ मजबूती से सकें।

## सफाईकर्मी हड़ताल पर, दूसरे धड़े ने संभाली सफाई की कमान

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर। सफाई कर्मचारी की भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर बुधवार से प्रदेशभर के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू कर दी है। संयुक्त वाल्मिकी एवं सफाई श्रमिक संघ के पधाधिकारियों ने कहा कि अगर सरकार ने हमारी मांग को जल्द पूरा नहीं किया। तो प्रदेशभर में वाल्मीकि समाज सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। वहीं शहर की सफाई व्यवस्था की कमान दूसरे धड़े ने संभाल ली है। इससे पहले दिन सफाई व्यवस्था सहीं रही और शहर से कचरा उठा। संयुक्त वाल्मिकी एवं सफाई श्रमिक संघ के अध्यक्ष नन्दकिशोर डंडोरिया ने बताया कि प्रदेश में सरकार ने जो 24 हजार 797 पदों पर सफाई कर्मचारी की भर्ती की है। उस भर्ती के नियमों में कुछ संशोधन का प्रस्ताव संघ ने सरकार को दिया था। इन मांगों पर सरकार और संघ के बीच 15 मार्च को समझौता भी हुआ। समझौते में नगरीय निकायों में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों (अस्थायी) को वरियता देने एवं जिन अभ्यर्थियों के साल 2012 और 2018 की भर्ती के प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन हैं। उन पर नीतिगत निर्णय करके नियुक्ति देने पर सहमति बनी थी। लेकिन सरकार ने सहमति पत्र को दरकिनार कर भर्ती करने की तैयारी शुरू की है। जिसे हम किसी भी सूरत में बर्दाश नहीं करेंगे। जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज में वर्तमान में 8 हजार से ज्यादा सफाई कर्मचारी कार्यरत है। ये कर्मचारी हड़ताल पर है। इन मांगों को लेकर अड़ा संघ सफाई कर्मचारियों की भर्ती मस्टरोल के आधार पर की जाए। जिसमें 1 साल तक पहले कर्मचारी से काम करवाया जाए, उसके बाद नियुक्ति दी जाए। वाल्मिकी समाज के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाए। पूर्व की जिन भर्तियों में कोर्ट में मामला विचाराधीन है या जिन पर निर्णय हो चुका है उनमें नियुक्ति के आदेश जारी किए जाए।

## पृष्ठ तीन का शेष

### मोरीगांव में जापानी ...

हालांकि, इस जुलाई में धुबड़ी में पांच मामले सामने आए हैं। डॉ. चौधरी ने निवारक उपायों के बारे में बताया, जिसमें प्रारंभिक निदान और उपचार प्रोटोकॉल, इनडोर अवशिष्ट छिड़काव और कीटनाशक-उपचारित मच्छरदानियों का वितरण शामिल है। इसके अतिरिक्त, जापानी इन्सेफेलाइटिस के बारे में जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपायों को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं, खासकर मानसून के मौसम के दौरान जब यह बीमारी अधिक तेजी से फैलती है। जेई के अलावा, धुबड़ी में डेंगू और मलेरिया के मामले भी सामने आए हैं। सात पुरुषों और पांच महिलाओं में डेंगू का निदान किया गया है, जबकि 18 पुरुषों और दो महिलाओं में मलेरिया का निदान किया गया है। इस चिंताजनक स्थिति ने जिले को सख्त सुरक्षा सावधानियों और स्वच्छता उपायों को लागू करने के लिए प्रेरित किया है। जापानी इंसेफेलाइटिस मच्छर जनित फ्लेविवायरस है, जो डेंगू, येलो फीवर और वेस्ट नाइल वायरस के समान जीनस से संबंधित है। जेई का कोई इलाज नहीं है, उपचार गंभीर लक्षणों को कम करने और संक्रमण पर काबू पाने में रोगियों की सहायता करने पर केंद्रित है।

### आईआईएम-गुवाहाटी...

अधिक जीवंत बनाने में एक मार्गदर्शक सिद्धांत बना हुआ है। शिक्षा मंत्रालय शैक्षणिक संस्थानों और शिक्षकों की क्षमताओं को मजबूत करने, 21वीं सदी की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच को सक्षम करने और असम की शैक्षिक प्राथमिकताओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। प्रधान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शिक्षा को मातृ-शिला और सपूर्वोदय को दिशा-निर्देश के रूप में रखते हुए, पीएम श्री नरेंद्र मोदी की सरकार आकांक्षाओं को साकार करने, लोगों को सशक्त बनाने और असम को विकसित भारत के विकास इंजन में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चिदंबरम ने ...

कानूनी गारंटी के साथ किसानों को एमएसपी देनी चाहिए। वे मांग करते हैं कि मार्च 2024 तक दिए गए शिक्षा ऋण की किस्तों के लिए बकाया राशि पर ब्याज माफ करना चाहिए। चिदंबरम ने अग्निवीर योजना को पूरी तरह से रद्द करने की मांग की। साथ ही उन्होंने नीट को खत्म करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि यदि कुछ राज्य इसे बनाए रखना चाहते हैं, तो नीट नहीं चाहने वाले अन्य सभी राज्यों को छूट मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार अगर इन मांगों को नहीं मानेगी तो यह मांग पूरे देश से उठेगी। यह तब तक उठती रहेंगी जब तक सरकार इन मांगों को पूरा नहीं कर देती।

### मुख्यमंत्री हिमंत ने ...

इसकी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए सुझाव दिए। सीतारमण ने शर्मा को असम में हाइड्रो-कार्बन उद्योगों से रॉयल्टी से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया और राज्य के रासायनिक और हाइड्रोकार्बन उद्योगों को बढ़ावा देने के उनके प्रस्तावों पर विचार किया। बैठक सकारात्मक रूप से संपन्न हुई तथा दोनों नेताओं ने असम के विकास और वृद्धि के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की।

### ममता के कार्यक्रम ...

पुरस्कार प्रदान करने वाले थे। 2021 में सत्ता बरकरार रखने के बाद, तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार राज्य के अब तक के सबसे लोकप्रिय अभिनेता की पुण्यतिथि मनाती है। 24 जुलाई 1980 को जन्मे उत्तम कुमार को उनकी लोकप्रिय फिल्मों के लिए जाना जाता है, जिनमें 1956 साहेब बीबी गोलाम, 1957 हरानो सूर और 1961 सप्तपदी शामिल हैं।

### मणिपुर की ...

मौतों का स्वत: संज्ञान लेने का आग्रह किया है। 17 जुलाई को सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सुबह-सुबह एक ऑपरेशन में कछार पुलिस ने असम और पड़ोसी मणिपुर के तीन हमार उग्रवादियों को मार गिराया। पुलिस ने दो एके -47 राइफल, एक दूसरी राइफल और एक पिस्तौल भी बरामद की है। दोनों संगठनों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ज्ञापन भी लिखा था कि हम मामले के तथ्यों को समझने के लिए विस्तृत जांच के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल के गठन का अनुरोध करते हैं।

### दो दिन बंद के...

पेट्रापोल सीमा से व्यापार आज बुधवार सुबह से फिर से शुरू हो गया है, जब बेनापोल पक्ष ने मालवाहक ट्रकों को स्वीकार करना शुरू किया। पेट्रापोल, जो उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में स्थित है, दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा स्थलीय बंदरगाह है और भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि बेनापोल सीमा फिर से कार्य कर रही है। कुल 220 ट्रक आज पेट्रापोल से बांग्लादेश में प्रवेश किए, जबकि 27 ट्रक बांग्लादेश से आए। बेनापोल स्टाफ एसोसिएशन के महासचिव साजेदुर रहमान ने कहा कि बांग्लादेश कस्टम विभाग के काम शुरू करने और इंटरनेट सेवाओं के बहाल होने के बाद व्यापार फिर से शुरू हो गया है। हालांकि भीड़ के कारण प्रवाह धीमा है, यह अगले कुछ दिनों में सामान्य हो जाएगा क्योंकि बहुत बड़ा बैकलॉग है।

### एंटी पेपर लीक ...

डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने यह भी नोट किया था कि परीक्षा का पेपर कम से कम दो केंद्रों, बिहार के पटना और झारखंड के हजारीबाग में लीक हुआ था। बिहार में राज्य स्तरीय परीक्षाओं के लिए कई पेपर लीक हुए हैं और राज्य के गिरोह राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं के लिए पेपर लीक करने या परीक्षा प्रक्रिया से छेड़छाड़ करने में भी शामिल पाए गए हैं। राज्य का पेपर लीक बिल पिछले महीने एक केंद्रीय कानून की अधिसूचना के बाद आया है। सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत, जिसे 21 जून को अधिसूचित किया गया था, कोई भी व्यक्ति या व्यक्ति जो पेपर लीक करने या उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ करने का दोषी पाया जाता है, उसे कम से कम तीन साल की जेल की सजा मिलेगी।

### ग्लोबल पासपोर्ट...

चौथे स्थान पर हैं। वहीं, अमेरिका एक दशक से भी अधिक समय से सूचकांक में गिरावट जारी रखे हुए है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया छठे और अमेरिका आठवें स्थान पर है। उधर पाकिस्तान की अगर बात करें तो पाकिस्तान ग्लोबल रैंकिंग की लिस्ट में 100वें स्थान पर है। पाकिस्तानी पासपोर्ट के जरिए केवल 33 देशों वीजा फ्री एंट्री की जा सकती है। 2023 में पाकिस्तान का पासपोर्ट दुनिया में 106 नंबर पर था। साथ ही 2023 में पाकिस्तानी पासपोर्ट पर 32 देशों में ही बिना वीजा घूमा जा सकता था, लेकिन अब 33 देशों में जाया जा सकता है।

### ओडिशा में ...

के अनुसार, परीक्षण के लिए साढ़े तीन किलोमीटर का एक क्षेत्र निर्धारित किया गया है। प्रशासन और पुलिस के मार्गदर्शन में, निवासियों को सुरक्षित रखने के लिए दस गांवों से लोगों को स्थानांतरित किया जा रहा है। कुल मिलाकर 10,851 व्यक्तियों को अस्थायी आश्रयों में ले जाया गया है, जिनमें कई चक्रवात आश्रय और बाकी चिन्हित केंद्र शामिल हैं। यहां सभी के रहने के लिए पुख्ता इंतेजाम किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, चिकित्सा टीमों, पुलिस और अग्निशमन विभागों को इन शिविरों में तैनात किया गया है। साथ ही दस से ज्यादा सरकारी अधिकारी और कर्मचारी विस्थापित लोगों की मदद के लिए नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा, क्षेत्र में 22 प्लाटून पुलिस बल को भी तैनात किया गया है ताकि कानून और व्यवस्था बनी रहे। डीआरडीओ ने मिसाइल टेस्ट के लिए रेंज के लिए जरूरी तैयारी कर ली है। किसी भी मिसाइल की टेस्टिंग से पहले रेंज की तैयारी की जाती है, जिसके तहत वहां रह रहे ग्रामीणों को सुरक्षित जगहों पर लेकर जाया जाता है।

### अनुच्छेद 370 हटने ...

राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त किए जाने के बाद से केंद्र शासित प्रदेश में संगठित रूप से पथराव और संगठित हड़ताल की कोई घटना नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि इस साल 15 जुलाई तक केंद्र शासित प्रदेश में 11 आतंकवादी घटनाएं हुईं। 2023 में यह आंकड़ा 46 था जबकि 2018 में 228 आतंकवादी घटनाएं हुई थीं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 10 सुरक्षाकर्मी और 14 नागरिक मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद शांति, प्रगति और समृद्धि देखी जा रही है।

कुछ मिनट में जिंदगी नहीं बदलती, पर कुछ मिनट में सोच कर लिया हुआ फैसला पूरी जिंदगी बदल देता है। इसलिए फैसलों को अहमियत दीजिए


No. DLSA (D)

ADVERTISEMENT

**ADVERTISEMENT FOR THE CONTRACTUAL POST OF OFFICE ASSISTANT AND PEON IN THE OFFICE OF THE LEGAL AID DEFENSE COUNSEL SYSTEM UNDER DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, DARRANG AS PER THE LADCS MODIFIED SCHEME, 2022 OF NALSA**

As per Letter of ASLSA, Guwahati vide Letter No. 192/2019/1081 Dated 18/07/2024 and as per Resolution of Selection Committee Dated 22-07-2024 the earlier advertisement dated 12th June, 2024 has been partly modified as 01 number of post of Office Assistant and 02 numbers of posts for Peon has been increased in the following manner :

| Sl. No. | Name of the Posts | No. of incresed Posts | Total No. of Posts | Monthly Honorarium |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Office Assistant (Contractual) | 01 | 03 | Rs. 18,000/- (as per NALSA Guideline) |
| 02. | Peon (Contractual) | 02 | 03 | Rs. 12,000/- (as per NALSA Guideline) |

in ths regard, District Legal Services Authority, Darrang has decided to hold a ***Walk-in-interview and Computer Skill Test*** for appointment as Contractual engagement in the *Office Assistant posts* and ***Walk-in-Interview*** for appointment as Contractual engagement of *Peon post* in the office of the Legal Aid Defense Counsel System at District Legal Services Authority, Darrang as per the LADCS Modified Scheme, 2022 of NALSA

1. Details for the Post of Office Assistant (Contractual) :

| | | |
|---|---|---|
| 01 | **Name of Post** | Office Assistant (Contractual) |
| 02 | **Total Nos. of Post** | 03 (three) |
| 03 | **Honorarium** | Rs.18,000/-(Rupees Eighteen Thousand only Per month (fixed). |
| 04 | **Qualification** | Educational Quallfication :- Graduation in any discipline,<br>• Basic word processing skills and the ability to operate computer and skills to feed data.<br>• Good typing speed with proper setting of petition. Ability to take dictation. And prepare files for presentation in the Courts.<br>• File maintenance and processing knowledge. |
| 05 | **Mode of Recruitment** | Walk-in-Interview followed by Computer Skill Test |
| 06 | **Tenure** | Initially fora period of 01 (one) year |
| 07 | **Age** | Minimum : 18 years<br>Maximum : 40 years as on the date of advertisement.<br>Age Relaxation as per Govt. Rule |

2. Details for the post of Peon (Contractual):

| | | |
|---|---|---|
| 01 | **Name of Post** | Peon (Contractual) |
| 02 | **Total Nos. of Post** | 03 (three) - |
| 03 | **Honorarium** | Rs.12,000/-(Rupees Twelve Thousand only) per month (fixed). |
| 04 | **Qualification** | Educational Qualification:-Minimum Class VIII Pass. A candidate who has passed HSSLC or above shall be ineligible to apply for the post. |
| 05 | **Mode of Recruitment** | Walk-in-Interview a |
| 06 | **Tenure** | Initially for a period of 01 (one) year |
| 07 | **Age** | Minimum : 18 years<br>Maximum : 40 years as on the date of advertisement.<br>Age Relaxation as per Govt. Rule |

Terms and conditions:

1. The Candidate must be an Indlan Citizen as defined in Article 5 & 8 of the Constitution of India.
2. The applicants shall mention their valid Moblle Number (Preferably WhatsApp No.) and valid e-Mail ID in the application form without fall.
3. The candidates must bring all documents and testimonials in ORIGINAL at the time of Walk-in-Interview.
4. The candidates who have not earlier applied pursuant to the earlier Advertisement Dated 12-06-2024 may now apply for the increased/ additional post of Office Assistant (contractual)/01(one) post and Peon (contractual)/02 posts. The total numbers of posts being 03 for each of the aforesaid 02(two) post.
5. The Last Date of receipt of application for the post of Office Assistant is ***31.07.2024 till 12PM.*** No application will be entertained after 12 PM on 31.07.2024. The Last date of receipt of application for the post of Peon is ***01.08.2024 till 12 PM*** No application will be entertained after 12 PM on 01.08.2024. The verification of the testimonials followed by Walk-in-Interview of the eligible candidates for the Post of Office Assistant will be held on ***31-07-2024 itself from 3 PM onwards*** and the verification of the testimonials of the eligible candidates for the post of Peon will be held on **01-08-2024.** The Walk-in-Interview for the post of Peon will be held on **05-08-2024** and the same is applicable for the new eligible applicants.
6. Application submitted without proper supporting documents or. incamplete will be summarily rejected.
7. The Authority reserves the right to cancel, alter or modify the advertisement or other terms and conditions of the advertisement without any prior notice.
8. Candidates serving in Govt. Department should bring /submit their application through proper channel.
9. Canvassing directly or indirectly will immediately lead to rejection of candidature.
10. No TA/DA will be admissible to the candidates for attending the recruitment process.
11. No separate call letters will be issued. Applicants are requested to visit the Official website on regularly basis i.e. ***https://darrang.dcourts.gov.in***
12. The decision of the selection Committee shall be final in respect of any dispute, if arises out of the recruitment process.
13. The selection of candidates at all Stages of selection process will be purely provisional and subject to satisfying the prescribed eligibility conditions. The application will be subject to scrutiny at every stage and shall be rejected IF any defect Is detected.

**How to apply :**

1. Application in Standard Form (Assam Gazette In Part-IX) along with self attested copies of testimonials viz. Age proof certificate, Certificates and mark sheets regarding educational qualifications, Certificate/Diploma in Computer Application(minimum 06(six) months), caste Certificate from competent authority, Valid Employment Exchange registration certificate, Experiences Certificate (if any)etc. with 02 (Two) recent passport size photographs with signature on the reverse side of the photographs to be enclosed.
2. The Application must be sent through by Post to the ***O/o the District Legal Services Authority, Darrang, Pin : 784125, Assam,*** or may be dropped in the Drop Box for Application to be kept at the O/o the District Legal Services Authority, Darrang on or before ( for the post of Office Assistant) ***31.07.2024 till 12 PM*** and (for the post of Peon) ***01.08.2024 till 12 PM.***
3. Candidates will have to super scribe "Application for the post (they have applied)" on the envelope containing the application.
4. The application must be addressed to the ***Secretary, District Legal Services Authority, Darrang, Mangaldai.***

District & Sessions Judge-cum-Chairman,
District Legal Service Authority,
Darrang, Mangaldai

*-- Janasanyog /D/ 2944 /24/ 25-Jul-24*

संपादकीय

# बेतुके आदेशों से सांप्रदायिक सौहार्द पर आंच

**सावन** के माह में शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा का लंबा पौराणिक इतिहास रहा है। आस्था के साथ इसका सांप्रदायिक सौहार्द का पक्ष भी सबल रहा है। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार के एक हालिया आदेश से एक अनावश्यक विवाद को बल मिला है। दरअसल, प्रदेश सरकार ने आदेश दिया है कि कांवड़ मार्गों पर सभी खाद्य व पेय पदार्थों की दुकानों तथा होटलों के संचालकों व मालिकों को अपना नाम व पहचान प्रदर्शित करनी होगी। दलील दी गई है कि कांवड़धारियों की आस्था की पवित्रता को बनाये रखने तथा कांवड़ियों की शांतिपूर्ण आवाजाही सुनिश्चित करने के लिये आधिकारिक तौर पर यह कदम उठाया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हलाल-प्रमाणित उत्पाद बेचने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए विपक्षी दलों के नेताओं व अन्य संप्रदायों के लोगों ने आदेश को अल्पसंख्यकों को अलग-थलग करने की कोशिश बताया है। दरअसल, एक पखवाड़े से अधिक समय तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों और दुकानदारों के बीच अक्सर हिंसा देखने में आती रही है। जिसकी मुख्य वजह यह रही है कि कांवड़ियों और दुकानदारों के बीच मांसाहारी भोजन को लेकर बहस व विवाद होता रहा है। यही वजह है कि अगस्त, 2018 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान भड़की हिंसा व टकराव में निजी व सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं को सुप्रीम कोर्ट ने गंभीरता से लिया था। इतना ही नहीं, वर्ष 2022 में हरिद्वार में हरियाणा के कांवड़ियों के साथ हुए विवाद में सेना के एक जवान की कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी। निस्संदेह, कांवड़ यात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार के टकरावों से बचने के लिये राज्य सरकारों का दायित्व बनता है कि यात्रा मार्ग पर पर्याप्त संख्या पर पुलिसकर्मियों को तैनात करे। ताकि किसी भी प्रकार की हिंसा व गड़बड़ी को टाला जा सके। लेकिन एक बात तय है कि अल्पसंख्यकों द्वारा संचालित दुकानों को चिन्हित करने से न केवल सांप्रदायिक अलगाव को बढ़ावा मिलेगा, इस बात की भी कोई गारंटी नहीं है कि इससे कांवड़ियों व राहगीरों के बीच कोई टकराव नहीं होगा। दूसरी ओर केंद्र में सत्तारूढ़ राजग सरकार में शामिल भाजपा के दो सहयोगियों जनता दल यूनाइटेड तथा लोक जनशक्ति पार्टी ने भी यूपी सरकार के इस आदेश की आलोचना की है। वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस आदेश को असंवैधानिक बताया है। यह साफ है कि उत्तर प्रदेश में हाल के लोकसभा चुनावों में ध्रुवीकरण की रणनीति भाजपा के लिये लाभदायक साबित नहीं हुई थी। लेकिन पार्टी राज्य में होने वाले विधानसभा उपचुनाव से पहले इसे फिर आजमाने के प्रलोभन से बच नहीं पायी है। दरअसल, चुनावी उलटफेर के बाद अपेक्षित चुनाव परिणाम हासिल न कर पाने वाली भाजपा अपने निराश बहुसंख्यक मतदाताओं को फिर अपने पाले में करने के लिये लालायित नजर आ रही है। लेकिन राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि यह चाल भाजपा के लिए उलटी भी पड़ सकती है।

आस्था के साथ इसका सांप्रदायिक सौहार्द का पक्ष भी सबल रहा है। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार के एक हालिया आदेश से एक अनावश्यक विवाद को बल मिला है। दरअसल, प्रदेश सरकार ने आदेश दिया है कि कांवड़ मार्गों पर सभी खाद्य व पेय पदार्थों की दुकानों तथा होटलों के संचालकों व मालिकों को अपना नाम व पहचान प्रदर्शित करनी होगी। दलील दी गई है कि कांवड़धारियों की आस्था की पवित्रता को बनाये रखने तथा कांवड़ियों की शांतिपूर्ण आवाजाही सुनिश्चित करने के लिये आधिकारिक तौर पर यह कदम उठाया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हलाल-प्रमाणित उत्पाद बेचने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए विपक्षी दलों के नेताओं व अन्य संप्रदायों के लोगों ने आदेश को अल्पसंख्यकों को अलग-थलग करने की कोशिश बताया है। दरअसल, एक पखवाड़े से अधिक समय तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों और दुकानदारों के बीच अक्सर हिंसा देखने में आती रही है। जिसकी मुख्य वजह यह रही है कि कांवड़ियों और दुकानदारों के बीच मांसाहारी भोजन को लेकर बहस व विवाद होता रहा है। यही वजह है कि अगस्त, 2018 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान भड़की हिंसा व टकराव में निजी व सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं को सुप्रीम कोर्ट ने गंभीरता से लिया था।

### बजट में जहां बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है वहीं महंगाई को नियंत्रित करने की मंशा साफ दिखाई दी

# अर्थव्यवस्था को तीव्र गति एवं महाशक्ति बनाने वाला बजट

ललित गर्ग

तीसरे कार्यकाल का प्रथम सम्पूर्ण बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत किया, उनकी ओर से प्रस्तुत यह बजट एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला है। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, नौकरीपेशा का थोड़ी राहत, बुनियादी ढांचे में निवेश, पर्यटन को बढ़ावा, आदिवासी उन्नयन, क्षमता विस्तार, हरित एवं कृषि विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी के नये भारत-सशक्त भारत-विकसित पर बल दिया गया है।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का प्रथम सम्पूर्ण बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत किया, उनकी ओर से प्रस्तुत यह बजट एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला है। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, नौकरीपेशा का थोड़ी राहत, बुनियादी ढांचे में निवेश, पर्यटन को बढ़ावा, आदिवासी उन्नयन, क्षमता विस्तार, हरित एवं कृषि विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी के नये भारत-सशक्त भारत-विकसित पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री ने सरकार की 9 प्राथमिकताओं - खेती में उत्पादकता और मजबूती बढ़ाना, रोजगार और स्किल डेवलपमेंट, मानव संसाधन का समावेशी विकास और सामाजिक न्याय, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज, अर्बन डेलपमेंट, एनर्जी सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्नोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स का ऐलान किया है, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगा। बजट में जहां बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है वहीं महंगाई को नियंत्रित करने की मंशा साफ दिखाई दी है। विकास, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। सातवीं बार बजट प्रस्तुत कर वित्तमंत्री सीमारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिन्होंने वित्त मंत्री के रूप में पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में प्रस्तुत आम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित



अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, जो इस बजट से पूर्ण होता हुआ दिखाई देता है। इस बजट में मध्यम वर्ग को लम्बे अन्तराल के बाद 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। नए टैक्स रिजीम के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही नए टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स में भी कुछ अहम बदलाव करने का एलान किया है। मौजूदा नियमों के तहत एक वित्त वर्ष के दौरान अधिकतम 1 लाख रुपये तक के लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इस लिमिट को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दिया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'नवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिये बुनियादी अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की घोषणा की। वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण पूल भी बनाया जाएगा। मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाने का लक्ष्य है। 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण 4 का शुभारंभ किया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे। छात्रावासों और क्रेच के माध्यम से कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय सहयोग नीति लाएगी। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का भी प्रस्ताव है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में आर्थिक क्षेत्र में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद इस बजट प्रावधानों के माध्यम से देश को स्थिरता की तरफ ले जाते दिखाई पड़ रहे हैं। बजट हर वर्ष आता है। अनेक विचारधाराओं वाले वित्तमंत्रियों ने विगत में कई बजट प्रस्तुत किए। पर हर बजट लोगों की मुसीबतें बढ़ाकर ही जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट ने अर्थव्यवस्था में नयी परम्परा के साथ राहत की सांसें दी है तो नया भारत-सशक्त भारत-विकसित के निर्माण का संकल्प भी व्यक्त किया है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रेलों का विकास, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ किसानों, आदिवासियों, गांवों और गरीबों को ज्यादा तवज्जो दी गयी है। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। इस बार के बजट से हर किसी ने काफी उम्मीदें लगा रखी थीं और उन उम्मीदों पर यह बजट खरा उतरा है। विशेषतः नौकरीपेशा लोगों ने राहत की सांस ली है।

संभवतः इस बजट को नया भारत निर्मित करने की दिशा में लोक-कल्याणकारी बजट कह सकते हैं। यह बजट वित्तीय अनुशासन स्थापित करने की दिशाओं को भी उद्घाटित करता है। आम बजट न केवल आम आदमी के सपने को साकार करने, आमजन की आकांक्षाओं को आकार देने और देशवासियों की आशाओं को पूर्ण करने वाला है बल्कि यह देश को समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण एवं दूरगामी सोच से जुड़ा कदम है। बजट के सभी प्रावधानों एवं प्रस्तावों में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है।

दृष्टि कोण

# शेख हसीना को चरम भ्रष्टाचार और विकराल बेरोजगारी पर पाना होगा काबू तभी दे पाएंगी नया संदेश

**बांग्लादेश** एक बार फिर संकट के कगार से वापस लौट आया है, जिसमें न्यायालय के उस निर्णय से मदद मिली है, जिसमें 1971 में पाकिस्तान के साथ मुक्ति युद्ध में संघर्ष करने वाले लोगों के वंशजों के लिए शैक्षणिक संस्थानों एवं नौकरियों में आरक्षण कोटे में भारी कटौती की गई है। अदालत ने स्वतंत्रता सेनानियों के कोटे को 30 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी कर दिया है, जबकि नस्लीय अल्पसंख्यकों के दो फीसदी के कोटे को बरकरार रखा है और योग्यता आधारित चयन के लिए 93 फीसदी सीटें खुली रखी हैं। शीर्ष अदालत ने आरक्षण को पूरी तरह खत्म नहीं किया, बल्कि निचली अदालत के उस फैसले को रद्द किया है, जिससे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। शीर्ष अदालत के इस फैसले ने शेख हसीना सरकार और आंदोलनकारी छात्रों, दोनों की प्रतिष्ठा बचाई है। लेकिन काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि हसीना सरकार, जो विरोध प्रदर्शन की गंभीरता का आकलन करने में पूरी तरह विफल रही, बाद के हालात से कैसे निपटती है। यह एक लंबी प्रक्रिया की केवल शुरुआत है, जबकि सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार और युवाओं में बेरोजगारी जैसे गहरे कारण अब भी बने हुए हैं। हसीना के इस बयान ने भी आंदोलन को हवा दी कि 'अगर स्वतंत्रता सेनानियों को नहीं, तो क्या रजाकारों के लिए आरक्षण होना चाहिए।' उनका यह बयान इस्लामवादियों के खिलाफ उनके राजनीतिक हमले का एक हिस्सा था, जो अंदर और बाहर से उन्हें चुनौती देते रहते हैं। 'रजाकार' उन समूहों को कहा जाता है, जिनका इस्तेमाल पाकिस्तानी अधिकारियों ने 1971 में बांग्लादेश के हितों के खिलाफ किया था। इसने आंदोलनकारियों को भड़का दिया, जो किसी भी राजनीतिक दल के साथ संबद्धता से इन्कार करते हैं। लेकिन बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों के आंदोलन का एक लंबा इतिहास है, जिन्हें कथित रूप से बाहर से बढ़ावा मिलता है, जो किसी भी विरोध प्रदर्शन को हथिया लेते हैं और मौजूदा प्रदर्शन इसका अपवाद नहीं है। आंदोलनकारी छात्र आरक्षण की इस व्यवस्था को भेदभावपूर्ण मानते हैं और योग्यता के आधार पर भर्ती की मांग करते हैं। आजादी के बाद से यह बांग्लादेश का सबसे खराब संकट है, जिसमें अनुमानतः 100 से 130 लोगों की मौतें हुई हैं (आलोचकों का दावा है कि वास्तविक संख्या इससे अधिक है)। आंदोलन कई हफ्तों तक चला। इस आंदोलन में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया, जमात-ए इस्लामी एवं अन्य सामाजिक रूप से शक्तिशाली इस्लामी कट्टरपंथी समूहों की भूमिका देखी जा सकती है। पंद्रह साल से अधिक समय से लगातार सत्ता में काबिज हसीना, दुनिया की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महिला नेता हैं, जो वस्तुतः एकतरफा शासन करती हैं और उन पर तानाशाही के आरोप हैं। उन्हें बढ़ते मध्यम वर्ग से भी निपटना है, जो उनकी सरकार की आर्थिक प्रगति से मजबूत हुआ है, जो महत्वाकांक्षी है और नौकरी व बेहतर जीवन चाहता है। मुक्ति आंदोलन बांग्लादेशियों की भावनात्मक जीवन रेखा है, लेकिन आबादी के एक बड़े वर्ग ने उसमें भाग नहीं लिया था। इसी वर्ग की तीसरी पीढ़ी स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनकी तीसरी-चौथी पीढ़ियों को मिलने वाले आरक्षण को गैर-जरूरी मानती है, और अपनी कीमत पर कुछ लोगों को विशेषाधिकार दिए जाने से नाराज है। 17 करोड़ की आबादी वाले इस दक्षिण एशियाई राष्ट्र में आंदोलन कोई नई बात नहीं है, पिछले हफ्ते के प्रदर्शन जितने तीव्र थे, वैसे आज तक नहीं देखे गए। हालांकि 2009 में शेख हसीना के सत्ता में लौटने के बाद से बांग्लादेश तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन अन्य विकासशील देशों की तरह इसने पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं की है। यह कोविड-19 महामारी के कारण मंदी से जूझ रहा था, जब यूक्रेन युद्ध के कारण तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई। एक अनुमान के मुताबिक, 1.8 करोड़ बांग्लादेशी युवा रोजगार की तलाश में हैं। कम पढ़े-लिखे की तुलना में उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं में बेरोजगारी दर ज्यादा है। यह संकट मुल्क में सामाजिक बदलाव की स्थिति को भी दर्शाता है। पिछले आंदोलनों का नेतृत्व सरकारी विश्वविद्यालयों ने किया था, लेकिन इस बार निजी विश्वविद्यालयों की भागीदारी भी बराबर रही, जहां धनी परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। इस संकट ने बांग्लादेश के पड़ोसी देशों को भी चिंतित किया। वास्तव में यह आंदोलन तभी पनपने लगा था, जब हाल ही में हसीना ने दो बार भारत का दौरा किया। हसीना सरकार के प्रति दोस्ताना रवैया रखने वाले भारत ने इसे बांग्लादेश का अंदरूनी मामला बताया है, जबकि बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करने वाले भारत के पूर्वोत्तर राज्यों ने नेपाली, भूटानी एवं अन्य राष्ट्रों के छात्रों को वहां से निकलने में मदद की। 4,300 किलोमीटर की सीमा के दोनों ओर 600 से ज्यादा ट्रक फंसे हुए हैं, जिससे व्यापार और मानव आवाजाही प्रभावित हो रही है।

कुछ अलग

# बहुत कुछ गप है मगर सर्वर ठप है




**माइक्रोसॉफ्ट** का सर्वर ठप हो गया, तो तमाम एयरलाइंस, टीवी चैनल, बैंक वगैरह समेत जाने क्या-क्या ठप हो गया। सर्वर ने जो ठप न किया, उसे कई निकम्मे एंप्लाइज़ ने ठप कर दिया। एक सरकारी बैंक के कर्मचारी ने जवाब दिया कि आज कुछ न हो सकता, सर्वर ठप है। जबकि कस्टमर ने सिर्फ यह पूछा था कि भाई साहब बहुत गर्मी है पानी मिल सकता है क्या। भानगढ़ किले के भूत ने उस भुतहा टीवी कार्यक्रम में आने से इनकार कर दिया यह कहते हुए कि सर्वर ठप है। वैसे भानगढ़ किले का भूत परमानेंट न्यूज से गायब हो जाये, ऐसे सर्वर ठप्पीकरण का तो वेलकम किया जाना चाहिए। हर तरफ सर्वरी हल्ला रहा। सर्वर चलता रहा है, तो कोई न पूछता था। सर्वर रुक गया, तो चर्चा हो गयी। मतलब मामला कुछ-कुछ शादी के नाराज फूफा टाइप हो लिया। किसी शादी में कोई फूफा टाइप बहुत शराफत से खा-पीकर चले जायें, तो कोई नोटिस नहीं करता। अगर कोई फूफा नाराज हो जायें, हल्ला-सा काट दें, तो सब तरफ उनका नोटिस लिया जाता है। कई निकम्मों ने अपने निकम्मेपन की जिम्मेदारी सर्वर पर डाल दी। एक शराबी दारू पीकर दादर स्टेशन पर लुढ़क गया, पुलिस ने डपटा तो उसने बताया कि सर्वर ठप है। अब बस यह न हो कि राहजन आपको रिवाल्वर दिखाकर कहे कि निकाल दीजिये रकम और यह बहाना मत बनाइये कि सर्वर ठप है, बिना सर्वरबाजी के आपकी रकम मेरी जेब में आ सकती है। सर्वर ठप हुआ तो प्लेन न उड़े, जिसके पास जितने एडवांस्ड कंप्यूटर वाले प्लेन उसके प्लेन उतने ही ज्यादा ठप। पाकिस्तानी एयरफोर्स ने बयान जारी करके कहा कि हम तो अमेरिकन सर्वर पर डिपेंड ही नहीं करते, हम तो चाईनीज प्लेन्स पर डिपेंड हैं, दस में पांच बार तो चाईनीज प्लेन उड़ ही जाते हैं। तालिबानियों ने कहा कि हमारा क्या काम कंप्यूटर सर्वर से, हम तो हाथ से खींचकर ले जाते हैं रॉकेट, सर्वर चले या न चले, हमें क्या। तो हम पर कोई असर नहीं। टीवी चैनलों ने पूजा खेडकर के बारे में जितना दिखाया, उससे यह अंदाजा लगता है कि पूजा है तो मुमकिन है। जमीन पर कब्जा मुमकिन है, आडी गाड़ी मुमकिन है। कुछ भी मुमकिन है। अब यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन यानी यूपीएससी ने बताया कि पूजा ने फर्जीवाड़ा करके अपने सिग्नेचर, मां-बाप का नाम भी बदला। मुझे डर है कि अब चैनल कहीं यह न बता दें कि पूजा दरअसल इच्छाधारी नागिन है, यह रूप बदलकर आईएएस ऑफिसर भी हो सकती है। चैनल है, तो मुमकिन है।

देश दुनीया से

# समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले विकास का लाभ

मोदी शासन का पहला आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत होने से पहले देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों की राय ली जा रही है ताकि ये आर्थिक लाभ कतार में खड़े आखिरी आदमी तक पहुंच सके। अर्थशास्त्रियों से यह राय ली जा रही है कि देश में गरीबी कैसे कम होगी। अमीर-गरीब का भेद कैसे कम होगा। देश की पिछड़ती हुई कृषि में नई जान कैसे डाली जाएगी। कृषि आज भी देश का महत्वपूर्ण व्यवसाय है और इस क्षेत्र में आबादी का 50 प्रतिशत संलग्न है। प्रश्न यह है कि कृषि का योगदान सकल घरेलू आय में क्यों घटता जा रहा है? वर्तमान में, यह सकल आय के आधे हिस्से से घटकर केवल 15 प्रतिशत का रह गया है।

**तीसरी** पारी शुरू होते ही नई सरकार कह रही है कि देश में जितना आर्थिक विकास उनके शासनकाल में हुआ, उतना उनकी पूर्ववर्ती सरकारों ने नहीं किया। अब देश को नई पहचान देने का प्रयास हो रहा है। मोदी शासन का पहला आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत होने से पहले देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों की राय ली जा रही है ताकि ये आर्थिक लाभ कतार में खड़े आखिरी आदमी तक पहुंच सके। अर्थशास्त्रियों से यह राय ली जा रही है कि देश में गरीबी कैसे कम होगी। अमीर-गरीब का भेद कैसे कम होगा। देश की पिछड़ती हुई कृषि में नई जान कैसे डाली जाएगी। कृषि आज भी देश का महत्वपूर्ण व्यवसाय है और इस क्षेत्र में आबादी का 50 प्रतिशत संलग्न है। प्रश्न यह है कि कृषि का योगदान सकल घरेलू आय में क्यों घटता जा रहा है? वर्तमान में, यह सकल आय के आधे हिस्से से घटकर केवल 15 प्रतिशत का रह गया है। छोटे किसान निराशा, बदहाली और पिछड़ेपन के गर्त में हैं। गरीबी को दूर करने के लिए सिर्फ परिभाषाएं बदलना पर्याप्त नहीं है। यह आवश्यक है कि जनता के जीवन स्तर में सुधार हो और उनकी मूलभूत जरूरतें पूरी हों। मोदी सरकार अपनी तीसरी पारी का पहला बजट संसद में पेश करने जा रही है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का यह सातवां बजट है। हालांकि, नई राह पर चलने का दावा करने वाले आर्थिक विशेषज्ञों के सामने अभी कई प्रश्न हैं, जिन पर विचार करना आवश्यक है। यदि सरकार अपने पहले कदमों के रूप में इनकी घोषणा कर सके तो बेहतर होगा। एक समतावादी समाज की स्थापना संविधान का महत्वपूर्ण लक्ष्य रहा है, लेकिन जब निजी क्षेत्र को प्राधान्य मिलने लगा, तो निजी और सार्वजनिक भागीदारी के नाम पर धन का असमान वितरण और बढ़ गया। गरीब और गरीब होते गए, जबकि अमीरों की आर्थिक सामर्थ्य लगातार बढ़ती रही। यह कैसा विरोधाभास है जबकि दुनिया में भारत आर्थिक ताकत के रूप में मजबूत होता जा रहा है और यहां करोड़ों गरीब बदहाल हैं। अनियमित रोजगार है। बेरोजगार युवा स्थायी रोजगार न मिलने के कारण विदेशों की ओर पलायन कर रहा है या नशे की गर्त में डूब रहा है। इस समय सरकार के सामने सवाल यह है कि मध्यम और कमजोर वर्ग को कैसे राहत दी जाए? इस समय जो विकास हो रहा है, वह मुख्यतः निवेशकों के प्रयासों से है। यह विकास निजी क्षेत्र के डिजिटल, रोबोट युग के आगमन और कृत्रिम मेधा के कारण है। इसके बावजूद, देश के आम आदमी की बेरोजगारी की समस्या हल नहीं हो रही है। आंकड़े बताते हैं कि शहरों की तुलना में गांवों में बेरोजगारी बढ़ने लगी है। इसका कारण यह है कि हमने फसलें उगाने के बाद अपने खाद्य पदार्थों को फिनिश प्रोसैसिंग में नहीं डाला, जैसा कि सभी प्रगतिशील देश इस समय कर रहे हैं। अगर यह प्रसंस्करण उद्योग लघु और कुटीर उद्योगों के रूप में गांवों के आसपास स्थापित हो जाते, तो आज किसानों में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या पैदा न होती। वैसे लघु और कुटीर उद्योगों का प्रशस्तिगायन हर बजट में किया जाता है। मोदी सरकार की तीसरी पारी के इस पहले बजट में भी इसकी प्रशंसा की जा रही है, लेकिन वास्तविकता में इसका प्रभाव कहीं नजर नहीं आ रहा है। लघु और कुटीर उद्योगों में रोजगार देने की बहुत क्षमता है। हालांकि, न तो छोटे उद्यमियों, छोटे निवेशकों, या नौजवानों ने इस दिशा में ध्यान दिया है। इसके विपरीत, हाल के दिनों में लाल डोरा क्षेत्र, जहां ये उद्योग विकसित किए जा सकते थे, वहां संपन्न निवेशकों को भी निवेश करने की इजाजत दे दी गई। किसानों की आय दोगुनी करने के वादे के बाद भी किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य नहीं मिल रहा है। उनकी फसलों के लिए नियमित न्यूनतम समर्थन मूल्य एक कानूनी अनिवार्यता के रूप में सामने नहीं आ रहा है। इस समय महंगाई का बड़ा कारण पेट्रोल और डीजल की कीमतें हैं। इनकी कीमतों को जीएसटी के तहत लाने की मांग की जा रही है। जबकि पेट्रोलियम कम्पनियों को भारी लाभ होने के बावजूद कीमतें घटाई नहीं जा रही हैं। इस समय देश की जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात किया जाता है जो देश की विनिमय दरों और रुपये के मूल्य को निरंतर घटाता है। आयात महंगे हो जाते हैं और निर्यात सस्ते। जाहिर है कि महंगाई के कारण रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति में भी यथास्थितिवाद का बोलबाला है। रेपो रेट में पिछली सात-आठ घोषणाओं में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। जब तक ब्याज दर कम न होगी, नए निवेश को प्रोत्साहन कैसे मिलेगा? सरकार को अपनी तीसरी पारी शुरू करते हुए इन समस्याओं पर गंभीरता से विचार करना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा है कि आर्थिक विकास की उपलब्धियां केवल कागजी न रहकर, जमीनी स्तर पर लागू हों और समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकें।

आप का नजरीया

# जानलेवा प्रदूषण

**यह** बेहद चिंताजनक स्थिति है कि भारत के दस बड़े शहरों में हर दिन होने वाली मौतों में सात फीसदी से अधिक का मुख्य कारण हवा में व्याप्त प्रदूषण है। वहीं दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानी दिल्ली में यह आंकड़ा साढ़े ग्यारह प्रतिशत है। पिछले दिनों चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी चर्चित अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका लासेंट के अध्ययन में ये आंकड़े सामने आए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जिन शहरों में निर्धारित मानकों से अधिक प्रदूषण है, वहा भी प्रदूषण नियंत्रण के लिये केंद्र द्वारा आवंटित राशि का बड़ा हिस्सा अनुपयोगी रह जाता है। विडंबना देखिए कि 131 शहरों को आवंटित धनराशि का महज 60 फीसदी ही खर्च किया जाता है। यह स्थिति तब है जब देश के अधिकांश शहर गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने इस चुनौती के मुकाबले के लिये राष्ट्रीय वायु स्वच्छता कार्यक्रम के क्रियान्वयन की घोषणा 2019 में की थी। जिसका मकसद था कि खराब हवा के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को कम किया जा सके। कोशिश थी कि देश के चुनिंदा एक सौ तीस शहरों में वर्ष 2017 के मुकाबले वर्ष 2024 तक घातक धूल कणों की उपस्थिति को बीस से तीस फीसदी कम किया जा सके। कालांतर नये लक्ष्य निर्धारित किये गए और कहा गया कि दो वर्ष का समय आगे बढ़ाकर लक्ष्य को चालीस फीसदी कर दिया जाए। दरअसल, इस अभियान के अंतर्गत वार्षिक आधार पर वायु स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाता है। इस अभियान के तहत वातावरण में व्याप्त धूल को नियंत्रित करने वाले कदम उठाये जाते हैं। मसलन सार्वजनिक यातायात को प्रोत्साहन, शहरों में पौधरोपण करके हरियाली का दायरा बढ़ाना, कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन, इलेक्ट्रानिक वाहनों को प्रोत्साहन तथा इन वाहनों के लिये चार्जिंग स्टेशन बनाने जैसे अभियान को गति देना। यह कार्यक्रम प्रदूषण से ग्रस्त चुनिंदा शहरों में चलाया जाना था। लेकिन राज्य सरकारों व स्थानीय प्रशासन की तरफ से इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि इस अभियान की निगरानी केंद्र सरकार के कुछ विभागों के अलावा राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण भी करता रहा है। लेकिन स्थानीय निकायों व प्रशासन ने संकट की गंभीरता को नहीं समझा। इस दिशा में अपेक्षित सक्रियता नजर नहीं आई। उल्लेखनीय है कि प्रदूषित शहरों को वार्षिक लक्ष्यों के अनुरूप कार्यक्रम संचालित करने थे। ये वे शहर थे जहां पांच सालों तक हवा की गुणवत्ता लक्षित मानकों से कम रही थी। केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिये करीब साढ़े दस हजार करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। लेकिन सिर्फ साठ फीसदी राशि ही इस मकसद के लिये खर्च की गई। वहीं सत्ताईस शहरों ने बजट का तीस फीसदी ही खर्च किया। कुछ शहरों ने तो इस मकसद के लिये आवंटित धन का बिल्कुल उपयोग नहीं किया। यह स्थिति इस गंभीर चुनौती को लेकर आपराधिक लापरवाही को ही दर्शाती है। जाहिर है ऐसी लापरवाही से इन शहरों की हवा सुधारने के लक्ष्य हासिल करना असंभव ही लगता है।



# इमरान के पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए अदियाला जेल पहुंची फोरेंसिक टीम, पूर्व प्रधानमंत्री ने किया इंकार

**लाहौर ।**

पूर्व प्रधानमंत्री ने आदियाला जेल फॉरेंसिक को पॉलीग्राफ और वॉयस मैचिंग टेस्ट कराने से मना कर दिया। दरअसल इमरान खान पर पिछले साल हुई हिंसा के सिलसिले में मुकदमा चल रहा है। इस मामले की जांच लाहौर पुलिस द्वारा शुरू की गई है। फॉरेंसिक टीम के 12 सदस्य इमरान खान के टेस्ट के लिए आदियाला जेल पहुंचे थे।

पिछले साल हुई हिंसा के मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम जब आदियाला जेल पहुंची, तो इमरान खान ने टेस्ट कराने से इंकार कर दिया। 71 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 190 मिलियन पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 9 मई 2023 को देशभर में दंगे भड़क गए थे। उन पर 200 से अधिक मामले दर्ज हैं और वे पिछले साल अगस्त से जेल में कैद हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में लाहौर पुलिस की टीम जब परीक्षण करने के लिए जेल परिसर पहुंची, तब उनके साथ पंजाब फोरेंसिक साइंस एजेंसी (पीएफएसए) के विशेषज्ञ भी थे। पीएफएसए विशेषज्ञों को पूर्व प्रधानमंत्री पर पॉलीग्राफ, वॉयस मैचिंग और फोटोग्रामेट्री परीक्षण करने थे।

पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई संस्थापक इमरान खान ने पुलिस के सवालों का 15 मिनट तक जवाब दिया। जब डीएसपी आसिफ ने न्याय करने की कसम खाई। लेकिन पंजाब फोरेंसिक साइंस एजेंसी की टीम के सामने इमरान खान ने पॉलीग्राफ और वाइस मैचिंग टेस्ट और फोटोग्रामेट्री परीक्षण से इनकार कर दिया। इमरान खान ने कहा कि वह कई संस्थानों की जांच के दायरे में हैं। वे अपनी पिछली जांच पूरी होने के बाद पुलिस को समय देंगे। बता दें कि 9 मई के विरोध प्रदर्शन के दौरान, कथित पीटीआई कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जनरल मुख्यालय और स्मारकों सहित सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया और तोड़फोड़ की। इस अभूतपूर्व हिंसा के बाद देश के अधिकारियों ने पीटीआई के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की। इसके साथ ही सैन्य अदालतों में 100 से अधिक पीटीआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा भी चलाया। स्वीकार की शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की बात इमरान खान ने सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के आदेश देने से इनकार किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम हसीना ने कर्फ्यू के आदेश पर दी सफाई, कहा- जनता की सुरक्षा के लिए उठाया था कदम



**ढाका।** बांग्लादेश में पुलिस और प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच झड़प हुई। जिसके बाद प्रधानमंत्री ने कर्फ्यू लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही हिंसा करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश भी दिए। अब प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने इस आदेश की सफाई देनी पड़ रही है। उन्होंने अपनी सफाई में कहा है कि उस दौरान उठाए गए कदम लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए थे। बांग्लादेश में पुलिस और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थी। छात्र विवादास्पद नौकरी कोटा प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे थे, जिसके तहत 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में लड़ने वाले दिग्गजों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए कोटा घटाकर मात्र 5 प्रतिशत कर दिया। इस प्रकार, सिविल सेवा की 93 प्रतिशत नौकरियां अब योग्यता आधारित होंगी। जबकि शेष 2 प्रतिशत जातीय अल्पसंख्यकों, ट्रांसजेंडर और शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए आरक्षित रहेंगी। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि पुलिस और छात्रों के बीच हुई हिंसक झड़प में 100 से ज़्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर सरकार अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दे सकी है। बता दें कि इस हिंसा के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कर्फ्यू लागू करने और देखते ही गोली मारने के आदेश दिए थे। अदालत का फैसला आने के बाद अब प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सफाई देनी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि पूर्ण बंद कार्यक्रम के लागू होने और आरक्षण आंदोलन से संबंधित हाल की घटनाओं के कारण पूरे देश के आम लोगों का जीवन और आजीविका प्रभावित हो गई है। हसीना ने कहा कि इन परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जीवन को सामान्य स्थिति में लाने के लिए अस्थायी रूप से कर्फ्यू लगाया। देशव्यापी हिंसा के बाद इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गईं। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, निम्न आय वर्ग और कामकाजी लोगों, विशेषकर रिक्शा और वैन चालकों, फेरीवालों, विक्रेताओं, दिहाड़ी मजदूरों और परिवहन श्रमिकों जैसे दैनिक वेतन भोगियों की सामान्य आय-सृजन गतिविधियां बाधित हुई हैं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अकल्पनीय पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है।

### अमेरिका की सबसे बड़ी अधीनस्थ कोर्ट में कामकाज ठप, काउंटी की सभी 36 अदालतें रहीं बंद



**लॉस एंजिलिस ।** अमेरिका की सबसे बड़ी अधीनस्थ अदालत 'सुपीरियर कोर्ट ऑफ लॉस एंजिलिस काउंटी' पिछले सप्ताह रैनसमवेयर हमले के कारण बंद रही। अदालत के अधिकारियों ने बताया कि यह सप्ताहांत तक बंद रही। अदालतें काम- काज के लिए खुली रहीं लेकिन काउंटी की सभी 36 अदालतें नहीं खुलीं। पीठासीन जज सामंथा पी. जेसनर ने कहा, कोर्ट में अप्रत्याशित साइबर हमले से क्षति रोकने, सूचना की अखंडता-गोपनीयता की रक्षा करने तथा भविष्य में नेटवर्क स्थिरता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग सभी नेटवर्क प्रणालियों को बंद करना पड़ा। अब सभी 36 अदालतें भारतीय समयानुसार पुनः खुलेंगी। अधिकारियों ने कहा, यह हमला माइक्रोसॉफ्ट से संबंधित सॉफ्टवेयर 'अपडेट' की वजह से उपकरणों के प्रभावित होने की घटना से जुड़ा हुआ नहीं है। इसलिए यह काफी खतरनाक भी है। डाटा से छेड़छाड़ नहीं अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि उपयोगकर्ताओं के डाटा से छेड़छाड़ की गई थी।

### ब्रिटेन की नई सरकार प्रवासियों के लिए नौका आवास पर रोक लगाएगी, कहा- पट्टे का नवीनीकरण नहीं करेंगे

**लंदन ।** ब्रिटेन की नई लेबर सरकार ने घोषणा की कि वह अगले साल से प्रवासियों के लिए विवादास्पद नौका आवास पर रोक लगाएगी। गृह मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार जनवरी में इंग्लैंड के दक्षिणी तट पर स्थित बिब्बी स्टॉकहोम के उपयोग के लिए पट्टे की अवधी खत्म होने पर इसका नवीनीकरण नहीं करेगी। मंत्रालय ने आगे कहा कि शरण देने के लिए 500 लोगों के लिए इसे बनाया गया था। पिछली कंजर्वेटिव सरकार के द्वारा बनाया गया नौका आवास की लगातार आलोचना हुई है और पिछले साल अगस्त से ही वहां प्रावासियों को ले जाया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सनक के प्रशासन ने कहा था कि ऐसा करने से शरण के दावेदारों की आवास लागत कम करने में मदद मिलेगी। ब्रिटिश विदेश सचिव डेविड लैमी आज से भारत दौरे पर हैं ब्रिटिश विदेश सचिव डेविड लैमी भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आएंगे।

# प्रचार अभियान के लिए कमला हैरिस ने तीन दिन में करोड़ों जुटाए, ट्रंप की टीम पहुंची चुनाव आयोग







**वॉशिंगटन ।**

भारतवंशी कमला हैरिस ने 50 घंटे से भी कम समय में राष्ट्रपति अभियान के लिए 11 लाख से अधिक लोगों से 10 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। इसी को लेकर अब विवाद खड़ा हो गया है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी गलियारों में लगातार हलचल मची हुई है। यहां आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट्स की तरफ से कमला हैरिस मैदान में हैं। दोनों प्रतिद्वंद्वी एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इस बीच, ट्रंप की प्रचार टीम ने संघीय चुनाव आयोग (एफईसी) में एक शिकायत दी है। उनका कहना है अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की प्रचार टीम द्वारा जुटाए गए धन को उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को नहीं सौंपा जा सकता। यह है मामला गौरतलब है, जो बाइडन ने एलान किया था कि वह राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने भारतवंशी कमला हैरिस के नाम का समर्थन किया था। हैरिस ने 50 घंटे से भी कम समय में राष्ट्रपति अभियान के लिए 11 लाख से अधिक लोगों से 10 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। इसी को लेकर अब विवाद खड़ा हो गया है। इस अधिनियम का उल्लंघन ट्रंप की प्रचार टीम के वकील डेविड वरिंगटन ने शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने तर्क दिया कि हैरिस की प्रचार टीम को धन सौंपना 1971 के संघीय चुनाव अभियान अधिनियम का खुलेआम उल्लंघन होगा। हालांकि, हैरिस की प्रचार टीम ने इन आरोपों को निराधार बताया। इतिहास में सबसे बड़ा योगदान वरिंगटन ने बाइडन द्वारा हैरिस को करीब 10 करोड़ डॉलर का योगदान देने का आरोप लगाया है। उन्होंने शिकायत में कहा कि यह इतिहास में सबसे बड़ा उल्लंघन हैं। आयोग चुप नहीं बैठ सकता, जब एक उम्मीदवार इतना धन ले रहा है। यह पूरी तरह से गलत है। उनका कहना है, कमला हैरिस जो बाइडन के प्रचार अभियान द्वारा जुटाए गए 9.15 करोड़ डॉलर को पाने की कोशिश कर रही हैं। यह संघीय चुनाव अभियान अधिनियम 1971 के इतिहास में सबसे अधिक योगदान और उल्लंघन होगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर कमला हैरिस 2024 में किसी पद के लिए उम्मीदवार होतीं, तो संघीय कानून के अनुसार उन्हें उम्मीदवारी का एक बयान दाखिल करना होता और उनका नाम उनकी अधिकृत समिति के नाम पर दिखाई देना चाहिए। लेकिन कमला हैरिस का नाम उनकी कथित अधिकृत समिति, राष्ट्रपति पद के लिए बाइडन के नाम पर नहीं दिखाई देता है और उनके लिए उम्मीदवारी का कोई बयान मौजूद नहीं था। रिपब्लिकन ध्यान भटकाने के लिए लगा रहे आरोपः हैरिस की टीम हैरिस की प्रचार टीम के प्रवक्ता चार्ल्स क्रेचमर लुटवाक ने शिकायत का जवाब देते हुए कहा, रिपब्लिकन जल सकते हैं कि डेमोक्रेट डोनाल्ड ट्रंप और उनके सहयोगियों को हराने के लिए उत्साहित हैं, लेकिन आधारहीन कानूनी दावे केवल उनका ध्यान भटकाएंगे, जबकि हम स्वयंसेवकों को शामिल कर रहे हैं, मतदाताओं से बात कर रहे हैं और यह चुनाव जीत रहे हैं। एफईसी के एक प्रवक्ता ने प्रवर्तन मामलों पर चर्चा नहीं करने पर एजेंसी की नीति का हवाला देते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने के बाद बाइडन राष्ट्र को संबोधित करेंगे; सेहत को लेकर चल रहीं थी अफवाहें

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने के बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगे। अपने संबोधन में बाइडन अपने देशवासियों को अपने फैसले के बारे में बताएंगे और नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी डिप्टी कमला हैरिस का समर्थन करेंगे। बिडेन ने ओवल ऑफिस से राष्ट्र को संबोधित करूंगा कि आगे क्या होने वाला है, तथा मैं अमेरिकी लोगों के लिए काम कैसे पूरा करूंगा। यह इस महीने दूसरी बार होगा जब बिडेन राष्ट्र को संबोधित करेंगे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रम्प पर हत्या की असफल कोशिश के एक दिन बाद 14 जुलाई को देश को संबोधित किया था। कोरोना संक्रमित होने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से दिखे बाइडन कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन पहली बार सार्वजनिक तौर पर दिखाई दिए। जो बाइडन की अनुपस्थिति को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाहों का दौर चल रहा था। दरअसल कोरोना संक्रमण के चलते आइसोलेशन में रहने के दौरान ही बाइडन ने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी से हटने का एलान किया था। यही वजह है कि बाइडन की अनुपस्थिति को लेकर अफवाहों का दौर शुरू हो गया था। सोशल मीडिया पर चल रहीं थी अफवाहें सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों में कहा जा रहा था कि 81 वर्षीय जो बाइडन की सेहत लगातार खराब हो रही है। कुछ लोगों ने यहां तक दावा कर दिया कि बाइडन की हालत इतनी गंभीर है कि उनका बचना अब मुश्किल है। सोशल मीडिया पर जो कहां हैं ट्रेंड भी करने लगा था। हालांकि अब सार्वजनिक तौर पर बाइडन के दिखाई देने पर इन सभी अफवाहों पर रोक लग गई है। कोरोना संक्रमित होने के बाद से ही जो बाइडन डेलावेयर स्थित अपने घर में आइसोलेशन में थे। बीमार होने के बाद पहली बार जो बाइडन सार्वजनिक रूप से दिखाई दिए।

# श्रीलंका ने माफी मांगीः कोविड पीड़ित मुस्लिमों का कराया था जबरन दाह संस्कार, कहा- भविष्य में ऐसा नहीं होगा



**कोलंबो ।**

श्रीलंका की सरकार ने औपचारिक रूप से मुस्लिम कोविड पीड़ितों के जबरन दाह संस्कार करने के लिए माफी मांगी है। साथ ही भविष्य में ऐसी गलती ना करने का आश्वासन दिया है।

श्रीलंकाई सरकार ने माफी मांगते हुए कहा कि कोविड काल के दौरान डब्ल्यूएचओ के आश्वासन की अनदेखी की गई थी। जिसमें इस्लामी संस्कारों के अनुरूप दफनाना सुरक्षित था। सरकार ने आगे कहा कि एक नया कानून दफनाने या दाह-संस्कार के अधिकार की गारंटी देगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में मुसलमानों या किसी अन्य समुदाय के अंतिम संस्कार रीति-रिवाजों का उल्लंघन न हो।

## मुस्लिम प्रतिनिधियों ने किया स्वागत

श्रीलंका के सदन में मुस्लिम प्रतिनिधियों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। साथ ही कहा कि मुस्लिम की आबादी द्वीप की कुल आबादी का 10 प्रतिशत है और कोविड काल के बाद से अब तक मुसलमान सदमे में हैं। श्रीलंका में बौद्ध बहुसंख्यंक हैं परंपरागत रूप से मुसलमान अपने मृतकों को मक्का की ओर मुंह करके दफनाते हैं। श्रीलंका के बहुसंख्यक बौद्धों का आम तौर पर अंतिम संस्कार किया जाता है, जैसा कि हिंदुओं का होता है।

## सरकार ने कहा था- दफनाने से महामारी फैल जाती है

कोविड काल के दौरान श्रीलंका की सरकार ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए मृतकों को दफनाने की अनुमति नहीं दी थी। उसने कुछ विशेषज्ञों का हवाला देते हुए दावा किया था कि कोविड-19 से मरे लोगों को दफनाने से पानी दूषित हो जाएगा, जिससे महामारी और फैल जाएगी। सरकार के इस आदेश की संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने भी आलोचना की थी। कई अधिकार समूहों ने कहा था कि श्रीलंका मृतकों और उनके परिजनों, खासतौर पर मुस्लिमों, कैथोलिक और कुछ बौद्धों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने में विफल रहा है। इस्लामी देशों के संगठन (ओआईसी) ने भी इस फैसले को पलटने के लिए जिनेवा में अपील की थी।

# काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर क्रैश हुआ विमान, प्लेन में सवार 19 में से 18 की मौत

**काठमांडू ।**

नेपाल की राजधानी काठमांडू में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक विमान क्रैश हो गया। इसमें 19 लोग सवार थे। बताया गया है कि विमान रनवे से फिसल गया और बाहर जाकर क्रैश हो गया। नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन कंपनी सौर्य एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 19 लोग सवार थे। इनमें 18 लोगों की मौत की बात सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान पोखरा जा रहा था और सुबह करीब 11 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हवाई अड्डे पर तैनात एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विमान के पायलट को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि विमान में लगी आग को बुझा दिया गया है। पुलिस और दमकलकर्मी दुर्घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं।

## उड़ान भरने के दौरान हुआ हादसा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पोखरा जाने वाले सौर्य एयरलाइंस के विमान के उड़ान भरने के दौरान रनवे से बाहर निकल जाने के कारण



यह दुर्घटना हुई। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 19 लोग सवार थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटनास्थल से पांच शव बरामद हुए थे। जहाज के कैप्टन एमआर शाक्य को अस्पताल ले जाया गया है। हवाई अड्डे पर धुएं का घना गुबार देखा गया। पुलिस और दमकलकर्मी दुर्घटना स्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं। हादसे के बाद काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एहतियातन बंद कर दिया गया है। साल 2023 में भी हुआ था नेपाल में बड़ा विमान हादसा बीते साल भी नेपाल ने एक विमान हादसे में 72 लोगों की मौत हो गई थी। साल 2023 में यति एयरलाइंस का विमान नेपाल में हादसे का शिकार हो गया था। यति एयरलाइंस के हादसे में जान गंवाने वालों में पांच भारतीय भी शामिल थे।

# 2023 में हर मिनट एक एड्स रोगी ने गंवाई अपनी जिंदगी आम इन्सान की पहुंच से बाहर 40,000 डॉलर के दो इंजेक्शन

**संयुक्त राष्ट्र ।**

बीते साल दुनिया में लगभग 4 करोड़ लोगों में एड्स की बीमारी देने वाला एचआईवी वायरस पाया गया था। इनमें से 90 लाख लोग इसका कोई इलाज नहीं करवा पाए। नतीजन, हर मिनट कोई न कोई रोगी एड्स की वजहों से मर रहा था।



यह खुलासा संयुक्त राष्ट्र ने अपनी ताजा रिपोर्ट में किया है। यह हाल तब है जब दुनिया में एड्स महामारी को खत्म करने की दिशा में प्रगति की जा रही है। यूएन की रिपोर्ट बताती है कि इसकी प्रगति की रफ्तार अब धीमी पड़ने लगी है। इसका कारण फंड का कम होना है। इस वजह से तीन नए क्षेत्रों मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका, पूर्वी यूरोप, मध्य एशिया और लैटिन अमेरिका में इसका संक्रमण बढ़ रहा है।

**बीते साल 6 लाख से अधिक लोगों की गई जान** – एड्स से जुड़ी बीमारियों से 2023 में लगभग 6,30,000 लोग मारे गए। यह 2004 की 21 लाख मौतों के मुकाबले बहुत कम है। इस महामारी को खत्म करने की वैश्विक कोशिशों का नेतृत्व कर रही संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, नवीनतम आंकड़ा 2025 के लिए रखे गए 2,50,000 की कम मौतों के लक्ष्य से दोगुना से भी अधिक है।

**2030 तक एड्स खत्म करेंगे** – यूएनएड्स की कार्यकारी निदेशक विनी ब्यानिमा ने कहा, वैश्विक नेताओं ने 2030 तक एड्स को खत्म करने का संकल्प लिया है। लेकिन रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में नए संक्रमण तीन गुना से अधिक यानी 13 लाख थे। लैंगिक असमानता से अफ्रीका के कुछ हिस्सों में किशोरियों और युवा महिलाओं में एचआईवी के मामले बढ़े। हाशिए पर रहने वाले समुदायों में वैश्विक स्तर पर नए संक्रमणों का अनुपात 2010 के 45 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 55 प्रतिशत हुआ। एक साल के लिए दो इंजेक्शन के दाम 40,000 डॉलर (33.47 लाख रु.) हैं, जो आम आदमी की पहुंच से बाहर है।

# 84 साल में सबसे गर्म रहा जुलाई का यह दिन, वैश्विक तापमान के पिछले रिकॉर्ड से कितना अधिक

**पेरिस ।**

यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा के निदेशक कार्लो बुओंटेम्पो ने कहा कि जैसे-जैसे जलवायु गर्म होती जा रही है, हम आने वाले महीनों और वर्षों में नए रिकॉर्ड देखेंगे। जलवायु परिवर्तन के भयानक परिणाम दिखने शुरू हो गए हैं। दुनियाभर में भीषण गर्मी, बाढ़, बेमौसम बरसात जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। इस बीच वैश्विक स्तर पर तापमान के परिवर्तन पर नजर रखने वाली एजेंसी ने झुलसा देने वाली गर्मी को लेकर आंकड़े जारी किए। पिछले हफ्ते अमेरिका समेत यूरोपीय देशों में लू और गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया था। ताजा आंकड़ों के अनुसार 21 जुलाई सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए दुनिया के इतिहास का अब तक का सबसे गर्म दिन बन गया है। इस दिन औसत तापमान पिछले 84 वर्षों के तुलना में अधिक दर्ज किया गया।

## पिछले साल जुलाई के तापमान का रिकॉर्ड तोड़ा

लंदन स्थित यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा के अनुसार, पहली बार वैश्विक औसत सतही वायु तापमान 17.09 डिग्री




सेल्सियस (62.76 डिग्री फारेनहाइट) दर्ज किया गया है। जिसने पिछले साल जुलाई के तापमान का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले साल 17.08 डिग्री सेल्सियस (62.74 फारेनहाइट) तापमान दर्ज किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले सप्ताह संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप और रूस के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी का प्रकोप देखा गया। कॉपरनिकस का कहना है कि 21 जुलाई को इस बार दैनिक औसत तापमान का पुराना रिकॉर्ड टूट गया।

## जीवाश्म ईंधन के कारण जलवायु परिवर्तन

रूस के उन इलाकों में भी लोगों के पसीने निकल रहे थे, जहां ठंड होती है। कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा के अनुसार, गर्मी ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 1940 के बाद सबसे गर्म दिन 21 जुलाई था, जो पिछले साल की छह जुलाई के 17.08 डिग्री सेल्सियस के रिकॉर्ड को पार कर गया। पिछले साल की बात करें तो तीन से लेकर छह जुलाई तक रोजाना गर्मी के रिकॉर्ड टूटे थे। वैज्ञानिकों ने बताया था कि जीवाश्म ईंधन के कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है। निदेशक कार्लो बुओंटेम्पो ने कहा कि पिछले 13 महीनों में तापमान और पिछले रिकॉर्ड के बीच का अंतर चौंका देने वाला है। जैसे-जैसे जलवायु गर्म होती जा रही है, हम आने वाले महीनों और वर्षों में नए रिकॉर्ड देखेंगे।

## उत्तरी गोलार्ध पर गर्मी का प्रकोप अधिक

दुनिया बड़े पैमाने पर जलवायु परिवर्तन के संकट को टालने के लिए विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार करने के कगार पर खड़ी है। जुलाई इस तय सीमा के करीब पहुंचने का लगातार 13वां महीना है। सी3एस के वैज्ञानिकों के मुताबिक, पिछले साल जून के बाद से हर महीना रिकॉर्ड पर सबसे गर्म महीना रहा है। कोपरनिक्स के अनुसार जून 2023 से लेकर लगातार 13 महीने की बात करें तो पर्यावरण में तेजी से बदलाव देखने को मिले हैं। उत्तरी गोलार्ध में गर्मी का प्रकोप अधिक देखने को मिला है। 21 जुलाई ग्रह पर सबसे गर्म दिन रहा है। वैज्ञानिकों ने आशंका जताई है कि पिछले साल के बाद टूटा ये रिकॉर्ड अंतिम नहीं हो सकता। अभी जुलाई के कई दिन बाकी हैं। यह रिकॉर्ड भी टूट सकता है। अप्रैल में जलवायु परिवर्तन और मौसम की प्राकृतिक घटना अल नीनो के कारण गर्मी का कम ही प्रकोप देखने को मिला था। लेकिन अब उसका असर जुलाई के महीने पर देखने को मिल रहा है।

# देश में संसाधनों और कच्चे माल की कोई कमी नहीं : ब्रजेश यादव



**मेरठ, (हि.स.)।** एमएसएमई विकास कार्यालय आगरा के उप निदेशक ब्रजेश यादव ने कहा कि आज उद्यमिता का युग है और हमारे देश में संसाधनों और कच्चे माल की कोई कमी नहीं है। हम लोगों को अपने उत्पादों में मात्र बदलाव करने की जरूरत है इसके लिए हमारे युवाओं में हुनर की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि युवक एवं युवतियों को स्वरोजगार स्थापित के लिए प्रेरित करने और हुनर विकसित करने के लिए साप्ताहिक उद्यमिता एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ बुधवार को एमएसएमई विकास कार्यालय आगरा के उप निदेशक ब्रजेश यादव ने किया। रेलवे रोड स्थित जी-नेट इंस्टॅयूट ऑफ कम्प्यूटर एंड मोबाइल टेक्नॉलोजी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को डेस्कटॉप पब्लिशिंग के क्षेत्र (जैसे-विज्ञापन, स्कीन प्रिटिंग, इत्यादि) की जानकारी देने के साथ-साथ प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने, लोन लेने के तौर तरीके, राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा स्वरोजगार स्थापति करने हेतु चलाई जा रही योजनाएँ जैसे प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना इत्यादि की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के उपरान्त सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। सेन्टर प्रभारी शहजाद आलम, माजदा फातिमा ने आभार व्यक्त किया।

# पूर्वांचल के पनियाले को मिलेगा पुनर्जीवन, लाखों किसान परिवार होंगे लाभान्वित




**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल से लुप्तप्राय हो रहे पूर्वांचल के पनियाले को पुनर्जीवन मिलने वाला है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध लखनऊ स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान पिछले साल से इस बाबत पहल कर रहा है। इस कार्य में गोरखपुर स्थित जिला उद्यान विभाग और स्थानीय स्तर के कुछ प्रगतिशील किसान भी बागवानी संस्थान की मदद कर रहे हैं। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के निदेशक टी. दामोदरन ने बताया कि संस्थान का प्रयास होगा कि यहां से विकसित किए जाने वाले पौधों के फलों की गुणवत्ता बेहतर हो। बागवानों को कैनोपी प्रबंधन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इससे बागों का रखरखाव भी आसान होगा। पनियाला के पेड़ उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज क्षेत्रों में पाये जाते हैं। पांच छह दशक पहले इन क्षेत्रों में बहुतायत में मिलने वाला पनियाला अब लुप्तप्राय है। स्वाद में यह खट्टा कुछ मीठा और थोड़ा सा कसैला होता है। स्वाद में खास होने के साथ यह औषधीय गुणों से भरपूर होता है। पनियाला को लुप्त होने से बचाने और बेहतर गुणवत्ता के पौध तैयार करने के लिए पिछले साल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के वैज्ञानिकों ने गोरखपुर और पड़ोसी जिलों के पनियाला बाहुल्य क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया। इस दौरान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दुष्यंत मिश्र एवं डॉ. सुशील कुमार शुक्ल ने कुछ स्वस्थ पौधों से फलों के नमूने लिए। दोनों वैज्ञानिकों ने बताया कि अब संस्था की प्रयोगशाला में इन फलों का भौतिक एवं रासायनिक विश्लेषण कर उनमें उपलब्ध विविधता का पता किया जा जाएगा। उपलब्ध प्राकृतिक वृक्षों से सर्वोत्तम वृक्षों का चयन कर उनको संरक्षित करने के साथ कलमी विधि से नए पौधे तैयार कर इनको किसानों और बागवानों को उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ. दुष्यंत ने बताया कि इस साल दशहरे के आसपास जब पनियाला का पीक सीजन होता है उस समय संस्था की टीम जाकर गुणवत्ता के फल लाकर उनकी गुणवत्ता चेक करेगी। जो सबसे बेहतर गुणवत्ता के फल होंगे उनसे ही नर्सरी तैयार कर किसानों को दी जाएगी। निदेशक दामोदरन का कहना है कि संस्था किसानों को तकनीक के अलावा बाजार उपलब्ध कराने तक सहयोग करेगी। औषधीय गुणों से भरपूर पनियाला के लिए जीआई टैगिंग संजीवनी साबित होगी। इससे लुप्तप्राय हो चले इस फल की पूछ बढ़ जाएगी। सरकार द्वारा इसकी ब्रांडिंग से भविष्य में यह भी टेराकोटा की तरह गोरखपुर का खास ब्रांड होगा।

**लाखों किसान परिवार होंगे लाभान्वित –** कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार (गोरखपुर) के वरिष्ठ हॉर्टिकल्चर वैज्ञानिक डॉ. एसपी सिंह के अनुसार जीआई टैग मिलने का लाभ न केवल गोरखपुर के किसानों को बल्कि देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीरनगर, बहराइच, गोंडा और श्रावस्ती के बागवानों को भी मिलेगा। ये सभी जिले समान एग्रोक्लाइमेटिक जोन (कृषि जलवायु क्षेत्र) में आते हैं। इन जिलों के कृषि उत्पादों की खूबियां भी एक जैसी होंगी।

**जीआई टैग के लाभ –** जीआई टैग किसी क्षेत्र में पाए जाने वाले कृषि उत्पाद को कानूनी संरक्षण प्रदान करता है। जीआई टैग द्वारा कृषि उत्पादों के अनधिकृत प्रयोग पर अंकुश लगाया जा सकता है। यह किसी भौगोलिक क्षेत्र में उत्पादित होने वाले कृषि उत्पादों का महत्व बढ़ा देता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जीआई टैग को एक ट्रेडमार्क के रूप में देखा जाता है। इससे निर्यात को बढ़ावा मिलता है, साथ ही स्थानीय आमदनी भी बढ़ती है। विशिष्ट कृषि उत्पादों को पहचान कर उनका भारत के साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात और प्रचार-प्रसार करने में आसानी होती है।

**आर्थिक महत्व –** पनियाला परंपरागत खेती से अधिक लाभ देता है। कुछ साल पहले करमहिया गांव सभा के करमहा गांव में पारस निषाद के घर यूपी स्टेट बायोडायवर्सिटी बोर्ड के आर. दूबे गये थे। पारस के पास पनियाला के नौ पेड़ थे। अक्टूबर में आने वाले फल के दाम उस समय प्रति किग्रा 60-90 रुपये थे। प्रति पेड़ से उस समय उनको करीब 3300 रुपये आय होती थी। अब तो ये दाम पांच से छह गुने तक हो गए हैं। लिहाजा आय भी इसी अनुरूप बढ़ गई। खास बात ये है कि पेड़ों की ऊंचाई करीब नौ मीटर होती है। लिहाजा इसका रखरखाव भी आसान होता है।

# सितंबर माह से मुरादाबाद-गाजियाबाद रूट पर चलेंगी सात ई-बसें




**मुरादाबाद, (हि.स.)।** आगामी सितम्बर माह से गाजियाबाद से मुरादाबाद और मुरादाबाद से गाजियाबाद के लिए सात ई-बसों का संचालन किया जाएगा। यह बसें एक बार चार्ज होने पर लगभग 250 किलोमीटर चल सकती हैं। ई-बसों के संचालन से बढ़ते प्रदूषण में भी कुछ कमी आएगी। मुरादाबाद परिक्षेत्र की क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने बुधवार को बताया कि परिवहन निगम की ओर से ई-बसों के चलाने का रूट निर्धारित कर दिया गया है। किराया बसों के आने के बाद निर्धारित होगा। गाजियाबाद से मुरादाबाद रूट पर सात ई-बसें चलेंगी। ये बसें सिटी बस से बड़ी होंगी। इनकी लंबाई 12 मीटर होगी। मुरादाबाद से गाजियाबाद जाने व आने वाले यात्री अब वातानुकूलित (एसी) बसों में सफर कर सकेंगे। किराया मुख्यालय द्वारा निर्धारित किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक ने आगे बताया कि चार्जिंग प्वाइंट बनाने के लिए जगह चिन्हित कर लिया गया है। चार्जिग प्वाइंट बनने में करीब तीन महीने का समय लग जाएगा। शासन के निर्देशानुसार काम शुरू कर दिया जाएगा।

# बरेली मण्डल के जनप्रतिनिधि सीएम योगी से मिले



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को उनके सरकारी आवास पर बरेली मंडल से आए विधायकों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री योगी इससे पहले देवीपाटन, आजमगढ़ समेत कई अन्य मण्डलों के जनप्रतिनिधियों से भेंट कर कर चुके हैं। सीएम योगी ने जनप्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान उनके जिले में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी लेते हैं। अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर जनप्रतिनिधियों की राय ले रहे हैं। इस मौके पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने रियाजुल अंसारी से की मुलाकात



**रांची, (हि. स.)।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रियाजुल अंसारी का इलाज रांची के बरियातू स्थित जयप्रकाश नगर के मां ललिता पालीडॉक" हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद चल रहा हैं। बुधवार को अंसारी को देखने और उनका हाल-चाल जानने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कृषि बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान एवं अन्य विशिष्ट लोग पहुंचे। रियाजुल अंसारी पिछले गुरुवार को अधिक पेट दर्द, बुखार, जौंडिस, पित्त की थैली में पत्थर एवं इन्फेक्शन की शिकायत लेकर मां ललिता पालीडॉक में भर्ती हुए थे। वहां उनका ऑपरेशन लेप्रोस्कॉपीक सर्जन डॉ अजीत कुमार एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉक्टर कौशल की टीम ने किया। ऑपरेशन के बाद अभी उनकी स्थिति में काफी सुधार है।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव 27 और 28 को




**रांची, (हि.स.)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में आइक्यूएसी और हेरिटेज सोसाइटी के तत्वावधान में दो दिवसीय ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन 27 और 28 जुलाई को किया जायेगा। इसमें देश के प्रतिष्ठित संस्थानों और विवि के लोग जनजातीय संस्कृति और विरासत पर प्रकाश डालेंगे। इस संबंध में विवि के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी जनजातीय संस्कृति और उसकी विरासत को सहेजें, संरक्षित करें और नयी पीढ़ी को उससे अवगत करायें। यह दो दिवसीय ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव उसी दिशा में एक प्रयास है, जहां देश के विषय विशेषज्ञ इतिहास, दर्शनशास्त्र, साहित्य, कला, पर्यटन और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आपसी विमर्श और संवाद स्थापित करेंगे, जिससे इस कॉन्क्लेव की समाप्ति के बाद कई सार्थक निष्कर्षों पर पहुंचा जा सके। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में डॉ धम्मरत्न, नव नालंदा महाविहार, डीम्ड विश्वविद्यालय, डॉ अनंत आशुतोष, अध्यक्ष, हेरिटेज इंडिया, प्रो संजय पासवान, पूर्व कैबिनेट मंत्री, प्रो दीनबंधु पांडेय, सदस्य, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज, डॉ आनंद वर्धन, बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली और प्रो विजय शंकर शुक्ल, बीएचयू शामिल हैं।

# पोस्ट ऑफिस कर रहा गंगाजल की बिक्री





**मुजफरपुर (ईएमएस)।** मुजफ्फरपुर के प्रधान डाकघर में गंगाजल की बिक्री की जा रही है। श्रद्धालु गंगाजल की खरीदारी कर रहे हैं। सावन का महीना शुरू हो चुका है। सावन में इस बार पोस्ट ऑफिस शिव भक्तों के लिए जिले के प्रधान डाकघर से गंगाजल की बिक्री की जा रही है। हिंदू धर्म में सावन का माह पवित्र और प्राचीन समय से विशेष महत्व रखता है। इस महीने में कई श्रद्धालु पैदल यात्रा कर गंगाजल लेकर भगवान शिव को जलाभिषेक करते हैं। सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित माना जाता है। इस समय बेलपत्र और गंगाजल अर्पित करने से भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं। इस महीने हजारों कांवड़िया गंगाजल लेने गंगोत्री जाते हैं, लेकिन हर किसी के लिए पवित्र गंगाजल लेने गंगोत्री जाना संभव नहीं है। इसको लेकर भारतीय डाक विभाग ने उनके लिए यह पहल शुरू की है। हेड पोस्ट ऑफिस में शिव भक्तों के लिए गंगाजल की बिक्री शुरू की गई है। 250 एमएल गंगाजल की बोतल मात्र 30 रुपए में आसानी से खरीदी जा सकती है। प्रधान डाक घर के सीनियर पोस्ट मास्टर ने बताया कि डाक विभाग ने शिव भक्त के लिए विशेष इंतजाम किया है। अब गंगोत्री और ऋषिकेश का शुद्ध पैकिंग में गंगाजल डाकघर में पहुंच गया है। यही नहीं कांवड़ियों के साथ-साथ यहां के लोगों को वहां का गंगाजल पसंद आ रहा है। इसीलिए इसकी खरीदारी भी कर रहे हैं। डाक विभाग से श्रावण में गंगाजल मंगाने वालों की संख्या बढ़ गई है। इसके लिए डाक विभाग के काउंटर पर इसको रखा जा रहा है ताकि आने वाले शिव भक्त को कोई परेशानी न हो। इसके अलावा इस डाक विभाग द्वारा मुजफ्फरपुर के अलग-अलग शिव मंदिर के पास भी गंगाजल उपलब्ध कराने का काम करेगी।

# लखनऊ कचहरी में विद्युत कटौती से अधिवक्ताओं में आक्रोश


**लखनऊ, (हि.स.)।** लखनऊ के कचहरी परिसर में मंगलवार को अपराह्न दो बजे विद्युत कटौती हुई। इसके बाद सायंकाल तक विद्युत आपूर्ति नहीं हुई। बुधवार को सुबह के वक्त जब अधिवक्ता कचहरी परिसर में पहुंचें तो उन्हें मालूम हुआ कि अभी तक विद्युत व्यवस्था सुचारु रुप से संचालित नहीं हो सकी है। इससे अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। कैसरबाग क्षेत्र में बीते चौबीस घंटे में विद्युत आपूर्ति कई बार बाधित हुई। इसी दौरान कचहरी में तार टूटने के कारण विद्युत व्यवस्था बाधित हुई और इसे बुधवार की सुबह 11 बजे तक ठीक नहीं किया जा सका। विद्युत विभाग के अवर अभियंता और कर्मचारियों से अधिवक्ताओं ने वार्ता करनी चाही लेकिन उनके फोन व्यस्त बताते रहे। लखनऊ बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे यज्ञमणि ने बताया कि कचहरी परिसर में ही विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गयी है। इससे अधिवक्ताओं के चैम्बर में लगे पंखे बंद हो गये है। जिससे भीषण गर्मी और उमस का माहौल है। अधिवक्ताओं को कार्य करने में कठिनाई हो रही है। उनके द्वारा उपकेन्द्र पर सम्पर्क किया गया है लेकिन वहां सुबह के वक्त कोई जिम्मेदार अधिकारी आया ही नहीं है। उन्होंने बताया कि इतनी लम्बी कटौती होगी तो इससे कार्य में बाधा आयेगी। इसको देखते हुए अधिशासी अभियंता से शिकायत के लिए फोन लगाया लेकिन उनका फोन ही नहीं लगा। अधिवक्ता हित में विद्युत आपूर्ति को जल्द संचालित कराये। जिससे अधिवक्ताओं के उठने बैठने में कठनाई ना हो सके।

# वनवासी कल्याण केंद्र के निः शुल्क कोचिंग सेंटर 'निर्माण' में नामांकन प्रक्रिया शुरू




**रांची, (हि.स.)।** प्रशासनिक सेवा की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा संचालित 'निर्माण' निशुल्क कोचिंग संस्थान में दसवें सत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रतिभावान और आर्थिक रूप से कमजोर जनजाति एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थी जो जेपीएससी या अन्य राज्य प्रशासनिक सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए यहां पर निशुल्क कोचिंग दी जाती है। इच्छुक विद्यार्थी वनवासी कल्याण केंद्र के प्रशासनिक कार्यालय से फॉर्म प्राप्त करके 20 सितंबर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदकों के लिए लिखित चयन परीक्षा 22 सितंबर को होगी। परीक्षा में सफल विद्यार्थी ही नए सत्र में नामांकन के लिए पात्र होंगे। इस संबंध में वनवासी कल्याण केंद्र के प्रांत प्रचार प्रमुख सुनील सिंह ने बताया कि निर्माण निशुल्क कोचिंग के पिछले 9 सत्रों में अभी तक 300 विद्यार्थियों ने लाभ उठाया है। इसमें कईयों ने राज्य प्रशासनिक एवं अन्य सरकारी सेवाओं की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। निर्माण का एक उद्देश्य यह भी है कि झारखंड को ऐसे प्रतिभावान, कर्मठ और ईमानदार अधिकारी देना जो बिना लोभ और पक्षपात के झारखंड वासियों के विकास के स्वरूप को साकार करें। इच्छुक विद्यार्थी www.vanvasikalyankendra.org या मो. 8292579267, 9955 210993 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# बिहार विधानसभा से एंटी पेपर लीक कानून ध्वनिमत से पारित, विपक्ष का वाक आउट



**पटना, (हि.स.)।** बिहार की नीतीश कुमार की अगुवाई वाली राजग सरकार ने बुधवार को विधानसभा के मॉनसून सत्र में पेपर लीक और परीक्षा धोखाधड़ी को रोकने के उद्देश्य से एंटी-पेपर लीक कानून पेश किया, जिसे ध्वनिमत से पास कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष हंगामा करता रहा और सदन से वाक आउट कर गया। विपक्ष के हंगामे के बीच प्रभारी मंत्री विजय चौधरी ने बिहार विधानसभा में राज्य सरकार की तरफ से बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक-2024 पेश किया। इस बीच विपक्ष वाक आउट कर गया। इसके बाद सदन में बहुमत के आधार पर विधेयक पास हो गया। नये कानून में प्रावधान किया गया है कि पेपर लीक या इससे जुड़ी किसी भी गतिविधि में शामिल होने वाले इस कानून के तहत दोषी होंगे। इस कानून के अधीन सभी अपराध संज्ञेय एवं गैरजमानती होंगे। अब पेपर लीक की जांच भी डीएसपी रैंक के अधिकारी करेंगे। नए कानून के तहत परीक्षा के पेपर लीक करने के दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को 10 साल तक की जेल और एक करोड़ तक का जुमार्ना हो सकता है। यह कानून व्यापक है, जो छात्रों, शिक्षकों और अन्य लोगों सहित सभी संबंधित पक्षों पर लागू होता है। सदन में बिहार सरकार ने एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा करते हुए कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी को रोकने के लिए यह कानून बना है। नीट की परीक्षा में जो धांधली हुई है उसे रोकने के लिए केंद्र सरकार ने भी नियम बनाया है, जो पूरे देश में लागू हो गया है लेकिन विपक्ष के सदस्य सदन से बाहर चले गए। सदन के बाहर आकर राजद विधायक रेखा कुमारी ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के बारे में कहा कि वह महिला विरोधी हैं। वह विधायक जरूर बन गई हैं लेकिन अब तक उन्हें अधिकार नहीं मिला है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर कलक्ट्रेट के बचत भवन में बना कंट्रोल रूम




**मेरठ, (हि.स.)।** कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने कलक्ट्रेट स्थित बचत भवन में कंट्रोल रूम बनाया है। यह कंट्रोल रूम दो अगस्त कांवड़ मेला समाप्ति तक 24 घंटे क्रियाशील रहेगा। हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। अभी हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली राज्यों को जाने वाले कांवड़िये मेरठ से होकर गुजर रहे हैं। कांवड़ियों की सुविधा के लिए पुलिस प्रशासन ने मोदीपुरम में दिशा सूचक बोर्ड लगवाए हैं। दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान को जाने वाले कांवड़िये एनएच-58 बाईपास से होकर गुजरेंगे। जबकि बुलंदशहर, हापुड़, मेरठ आदि जिलों के कांवड़ियों को मेरठ शहर के अंदर से गुजारा जाएगा। कांवड़ियों की सुविधा के लिए कलक्ट्रेट स्थित बचत भवन में कंट्रोल रूम बनाया गया है। अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति) नोडल अधिकारी कांवड कंट्रोल रूम राजपाल सिंह ने बताया कि कांवड मेला-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यह कंट्रोल रूम दो अगस्त कांवड मेला समाप्ति तक 24 घंटे क्रियाशील रहेगा। यदि कांवड यात्रा के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी शिकायत या समस्या है तो वह कांवड कंट्रोल रूम बचत भवन कलक्ट्रेट मेरठ में स्थापित दूरभाष संख्या 0121-2664134 एवं 0121-2667080 पर दर्ज करा सकता है।

# हेरहंज के डाटम पातम जलप्रपात में नहाने के दौरान डूबे किशोर का शव बरामद



**पलामू, (हि.स.)।** लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के डाटम पातम जलप्रपात में सोमवार को नहाने के दौरान पानी में डूबे किशोर का 24 घंटे बाद शव बरामद किया गया। युवक की पहचान पलामू जिले तरहसी थाना क्षेत्र के पसहर कसमार ग्राम निवासी बिगू गोस्वामी का पुत्र रंजन गोस्वामी (16)के रूप में हुई है। बुधवार को डेड बॉडी का पोस्टमार्टम लातेहार सदर अस्पताल में किया गया। दोपहर तक शव घर आने की संभावना है। घटना के बाद से रंजन के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सोमवार को अपनी बहन की सोमवारी पूजा कराने के बाद रंजन अपने चार दोस्तों के साथ हेरहंज के डाटम पातम जलप्रपात घूमने के लिए घर से निकला था। उसके दो दोस्त डालटनगंज से, जबकि रंजन समेत तीन युवक गांव से निकले थे। सभी बाइक से मौके पर पहुंचने के बाद जलप्रपात में नहाने उतरे थे। इसी क्रम में पानी की गहराई में रंजन डूब कर लापता हो गया था। उसके साथी गांव में पहुंचकर घटना की जानकारी ग्रामीणों को देकर मौके से फरार हो गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर प्रशासनिक पदाधिकारी मौके पर पहुंचे थे और किशोर को ढूंढने में जुटे हुए थे। इसी बीच उसकी डेड बॉडी पानी में तैरते हुए 24 घंटे बाद मंगलवार देर शाम बरामद हुई। कब्जे में लेकर डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद से फरार चल रहे रंजन के दो साथी को मंगलवार शाम पकड़ा गया है, जबकि उसके दो अन्य साथी अभी भी लापता हैं। पुलिस उनको ढूंढने का प्रयास कर रही है। दरअसल घटना के बाद डर से उसके चारों साथी मौके से फरार हो गए थे। इधर घर पर रंजन के परिजन उसकी डेड बॉडी का इंतजार कर अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे हुए हैं। लातेहार सदर अस्पताल से पोस्टमार्टम के बाद जब बॉडी आएगी तो क्रियाकर्म किया जाएगा। परिजनों का कहना है कि रंजन 2 महीने पटना में काम करने के बाद रविवार को घर आया था। खर्च बर्च करने के बहाने उसके साथी उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए, जिससे यह घटना हुई।

# हत्या की शिकार अज्ञात लड़की की हुई पहचान



**नवादा, (हि .स.) ।** नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना इलाके में एक लड़की की ईंट पत्थर से कूचकर की गई हत्या का खुलासा बुधवार को हो गया है। मृतका नाबालिग थी। वह वैशाली जिले के हाजीपुर की रहने वाली थी। पिता द्वारा शव की पहचान की गई। जिसके बाद शव को पुलिस ने परिजनों को सुपुर्द कर दिया। नवादा में ही खुरी नदी के तट पर शव का अंतिम संस्कार किया गया. किउल-गया रेलखंड पर स्थित बाघीबरडीहा स्टेशन परिसर के एक जर्जर कमरे में सोमवार की सुबह किशोरी का शव पाया गया था। पुलिस प्रथम द्दष्टया हत्या की बात मान अनुसंधान कर रही थी। इस बीच यह पता चला कि हाजीपुर की एक लड़की मिसिंग है। पिता द्वारा वहां के थाना को बेटी के अगवा किए जाने की शिकायत दी गई थी। पुलिस मामले की जांच करती कि नवादा में एक अज्ञात युवती का शव पाए जाने की सूचना पिता को मिली। जिसके बाद पिता ने वहां के पुलिस से संपर्क किया। तस्वीर से पहचान के बाद पिता नवादा पहुंचे। सदर अस्पताल नवादा में बेटी के शव की पहचान की, जिसके बाद पुलिस ने औपचारिक रूप से शव पिता को सौंप दिया। वारिसलीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि मृतका नाबालिग थी। उसके अपहरण के आरोपित की तलाश की जा रही है। वैसे, जो सूचना है उसके मुताबिक लखीसराय के एक युवक पर लड़की के अपहरण का आरोप है। हालांकि, पुलिस इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं कर रही है। बहरहाल, शव की पहचान होने के बाद नवादा पुलिस ने राहत की सांस ली है। अब आरोपित की तलाश की जा रही है।

# नालंदा जिले में बीडीओ व सीओ लगाएंगे जनता दरबार

**नालंदा (ईएमएस)।** बिहार के नालंदा जिले में आम जनता की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिलाधिकारी ने एक आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार जिले में सभी बीडीओ व सीओ जनता दरबार लगायेंगे। यह फैसला प्रशासन और जनता के संवाद को बढ़ावा देने और शासन को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है। आदेश के अनुसार नालंदा के सभी बीडीओ और सीओ प्रतिदिन सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक अपने कार्यालयों में जनता दरबार लगायेंगे। इसके अलावा तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता और अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी सप्ताह में कम से कम 3 दिन जनता दरबार आयोजित करेंगे।




# रियलमी 13 प्रो सीरीज 5जी 30 जुलाई को होगा लॉन्च, फुल वाटरप्रूफ है स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।**
शुरू के दिनों में जब स्मार्टफोन आए थे तब उनकी टेक्नोलॉजी वैसी नहीं थी जो अब है। पहले ब्लर फोटो और सुस्त परफॉर्मेंस से लेकर कमजोर स्क्रीन और शॉर्ट बैटरी लाइफ आम बात होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है।पिछले कुछ सालों में, हमने स्मार्टफोन की क्वालिटी में उल्लेखनीय विकास देखा है, जिसमें हर जनरेशन का फोन इनोवेशन और यूजर एक्सपीरियंस की सीमाओं को आगे बढ़ा रहा है। आज के स्मार्टफोन पहले से कहीं ज्यादा पावरफुल और टिकाऊ हैं। किसी भी तेजी से विकसित हो रही टेक्नोलॉजी की तरह, इसमें हमेशा सुधार की गुंजाइश होती है। बेहतरीन स्मार्टफोन की तलाश इंडस्ट्री को आगे बढ़ाता रहता है। अपने 13 प्रो सीरीज 5जी के अपकमिंग लॉन्च के साथ, रियलमी एक्सीलेंस की गारंटी दे रहा है। ब्रांड का प्राइमरी फोकस सभी सेगमेंट में अपने प्रोडक्ट की क्वालिटी में सुधार करना है। 13 प्रो सीरीज 5जी के साथ, रियलमी का लक्ष्य न केवल प्रभावशाली जानकारी देना है, बल्कि क्वालिटी की नींव पर निर्मित प्रीमियम स्मार्टफोन एक्सपीरियंस प्रदान करना है, जो खास तौर से मिड-हाई सेगमेंट में कस्टमर्स की जरूरतों और डिमांड को पूरा करता है। बेहतर क्वालिटी वाले स्मार्टफोन और बेहतर एक्सपीरियंस प्रदान कर रियलमी का लक्ष्य मिड-हाई स्मार्टफोन मार्केट में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। रियलमी एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता है जहां बैटरी की परेशानी न हो, एक ऐसा भविष्य जो ज्यादा कैपेसिटी, स्मार्ट पावर मैनेजमेंट और ऐसी टेक्नोलॉजी से संचालित हो जो आपके लाइफ के साथ चलती रहे। यह केवल परफॉर्मेंस के बारे में नहीं है, यह मजबूती के बारे में है। रियलमी ऐसे डिवाइस बनाने का प्रयास करता है, जो टिकाऊ और पावरफुल हो, जो डेली लाइफ की परेशानियों को आसानी से हल कर सके। कल्पना कीजिए कि आप अचानक बारिश में फंस गए, आपका फ्यूचर रियलमी स्मार्टफोन, अपनी आईपी65 प्लस रेटिंग के साथ, बारिश को ऐसे झेल जाएगा जैसे कुछ भी नहीं हुआ हो। फ्यूचर रियलमी स्मार्टफोन पानी में गिरने के बाद भी पूरी तरह से काम करते रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### गुजरात में भूटान के राजा और प्रधानमंत्री से अरबपति कारोबारी अदाणी की मुलाकात, मकसद-सहयोग के अवसर तलाशना



**नई दिल्ली** । भूटान के राजा और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत दौरे पर आया। गुजरात की अपनी दो दिवसीय यात्रा पर इस दल ने मुंद्रा और खावड़ा में अदाणी समूह के प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना स्थलों का दौरा किया। अदाणी ने दोनों के साथ मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कीं। भारत के अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी ने भूटान के राजा और प्रधानमंत्री से गुजरात में मुलाकात की। दोनों के साथ मुलाकात की तस्वीरें शेयर कर अदाणी ने कहा भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक और प्रधानमंत्री भूटान दाशो त्शेरिंग टोबगे की मेजबानी कर बेहद खुश हैं। उन्होंने खावड़ा और मुंद्रा बंदरगाह में 30 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा साइट का दौरा करने के लिए दोनों का आभार भी प्रकट किया। अदाणी ने कहा कि भारत और भूटान स्थायी और हरित भविष्य के लिए थंडर ड्रैगन की भूमि के साथ सहयोग को बढ़ावा देने को प्रतिबद्ध हैं। ऐसे में वे भी अपनी भूमिका को लेकर उत्साहित हैं। सूत्रों ने कहा कि भूटान के शीर्ष नेताओं की यात्रा का प्राथमिक उद्देश्य अदाणी समूह के साथ कई क्षेत्रों में व्यापक सहयोग के अवसरों का पता लगाना था। मुंद्रा में, अदाणी समूह भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक बंदरगाह का संचालन करता है, जबकि खावड़ा में यह दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क विकसित कर रहा है। भूटान का लक्ष्य बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास में समूह की विशेषज्ञता को देखते हुए सहयोग करना है। अदाणी ने कहा कि भूटान की जीवंत भावना और पर्यावरण-अनुकूल पहलों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को देखकर उन्हें काफी प्रेरणा मिलती है। गौरतलब है कि जलविद्युत भूटान की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो इसके सकल घरेलू उत्पाद और निर्यात राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देती है। भूटान अपनी उत्पादित बिजली का एक बड़ा हिस्सा भारत को निर्यात करता है, जिससे भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में भी मदद मिलती है।

### जल्द आ रहा मोटोरोला का नया स्मार्टफोन, मिलेगी 68वॉट की चार्जिंग, लुक भी जबरदस्त




**नई दिल्ली** । मोटोरोला कंपनी का नए स्मार्टफोन जल्द लॉन्च होने वाला है। फोन की लॉन्च डेट के बारे में कंपनी की तरफ से अभी कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी गई है। कंपनी के इस अपकमिंग फोन का नाम मोटोरोला एग्ज 50 नीयो है। इस फोन के फोटोज लीक कर दिये है। इस लीक में फोन के कलर और डिजाइन को देखा जा सकता है। शेयर किए गए फोटो से अंदाजा लगाया जा रहा है कि कंपनी इस फोन में 6.4 इंच का फुल एचडी+ पीओएलईडी ऑफर कर सकती है। इसके रियर में तीन कैमरे दिए गए हैं। फोन वीगन लेदर फिनिश और पैंटोन कलर्स में आएगा। लीक रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी इस फोन में 6.4 इंच का फुल एचडी+ पीओएलईडी डिस्प्ले ऑफर कर सकती है।

### व्हाट्सएप ला रहा है नया फीचर, नाम से कर सकेंगे चैट



**नई दिल्ली** । व्हाट्सएप एक नया फीचर लेकर आ रही है। इसमें बिना नंबर के नाम के आधार पर चैटिंग की सुविधा मिलेगी। व्हाट्सएप मे चैटिंग करने पर प्राइवेसी सुरक्षित रहेगी। व्हाट्सएप नए फीचर की टेस्टिंग कर रही है। इसकी टेस्टिंग पूरी हो जाने के बाद यूजर नेम के नाम से व्हाट्सएप में आसानी से चेट किया जा सकेगा। किसी नंबर को सेव करने की जरूरत नहीं होगी। सर्च इंजन के माध्यम से व्हाट्सएप नई सुविधा शुरू करने जा रहा है। सोशल मीडिया में प्राइवेसी को लेकर सरकार तरह-तरह के कानून बना रही है। उसी तरीके से आईटी कंपनियां भी संदेश भेजने के लिए अपने उपभोक्ताओं की प्राइवेसी के लिए नए-नए तरीके निकाल रही है।

# अमेरिका में रहने वाले भारतीयों ने मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट को सराहा, कहा- घरेलू उपभोक्ताओं को फायदा



**वॉशिंगटन ।**
अमेरिका में रहने वाले भारतीयों ने मोदी सरकार के पहले बजट की तारीफ की है। दरअसल अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों के संगठन द यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट की सराहना की है और कहा है कि इससे घरेलू उपभोक्ताओं और विदेशी निवेशकों को फायदा होगा। साथ ही बजट में भारत में व्यापार शुरू करने की प्रक्रिया को भी आसान बनाया गया है। इससे भारत में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### विदेशी कंपनियों पर टैक्स घटाने के फैसले की तारीफ की

यूएसआईएसपीएफ ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भारत सरकार को अच्छा बजट पेश करने के लिए बधाई भी दी। यूएसआईएसपीएफ ने बयान में कहा कि मोदी सरकार का बजट समावेशी राजकोषीय सावधानी, विकास आधारित पहल के बीच का अच्छा संतुलन है, जो घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही विदेशी निवेशकों को भी फायदा देगा। साथ ही भारत में व्यापार शुरू करने की प्रक्रिया को भी आसान बनाया गया है। यूएसआईएसपीएफ ने विदेशी कंपनियों पर टैक्स के 35 प्रतिशत घटाने के फैसले का भी स्वागत किया।

### एंजेल टैक्स हटाने से देश में स्टार्टअप इकोसिस्टम बेहतर होगा

बयान में कहा गया है कि टैक्स घटाने से न सिर्फ घरेलू और विदेशी निवेशकों के बीच संतुलन बनेगा, साथ ही इससे वैश्विक निवेश को बढ़ावा मिलेगा और कंपनियां चीन से भारत शिफ्ट हो सकेंगी। संगठन ने चिकित्सीय उपकरणों, मोबाइल फोन, चार्जर और सौर ऊर्जा उपकरणों पर टैक्स में कटौती कर अहम फैसला लिया है। इससे घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ेगा और सप्लाई चेन भी बेहतर होगी, जो भारत में औद्योगिक विकास के लिए अहम है। यूएसआईएसपीएफ के अनुसार, भारत के इनोवेशन सिस्टम में कई गड्ढे हैं, लेकिन एंजेल टैक्स हटाने के फैसले से देश में स्टार्टअप सिस्टम को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही घरेलू और विदेशी स्तर पर फंडिंग भी बढ़ेगी।

कैंसर की दवाओं पर टैक्स घटाने की भी तारीफ की गई है। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी कदम उठाए गए हैं और अहम खनिज, ऊर्जा स्थानांतरण नीतियों और डिजिटलीकरण को लेकर किए गए फैसलों की भी यूएसआईएसपीएफ ने तारीफ की।

### विशेषज्ञों की रायः बजट संतुलित; रोजगार, युवा और महिलाओं पर ध्यान दिया लेकिन स्वास्थ्य की झोली में बहुत कम आया

**नई दिल्ली।** सरकार का पूरा बजट काफी संयमित है। इसमें रोजगार, युवा और महिलाओं के साथ-साथ कौशल पर काफी ध्यान दिया गया है। यह काफी अहम है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर भारत के पास अपार क्षमताएं हैं। यहां कौशल विकास को बढ़ावा देने से दुनियाभर में भारतीयों के लिए अवसर पैदा होंगे। हालांकि, स्वास्थ्य क्षेत्र को उसका बहुत छोटा हिस्सा मिला है। इसे लेकर बहुत ज्यादा खुशी नहीं है, लेकिन कैंसर दवाओं से सीमा शुल्क हटाना एक अच्छी सोच है। इससे उन हजारों मरीजों को सीधे तौर पर फायदा होने वाला है, जो लगातार कैंसर से लड़ाई लड़ रहे हैं। यह इसलिए, क्योंकि इन दवाओं का खर्चा काफी महंगा है। साथ ही बजट में एक्सरे ट्यूब और डिजिटल डिटेक्टर के घटकों पर सीमा शुल्क में छूट की घोषणा भी बेहतर है, लेकिन पूरे स्वास्थ्य बजट में कोई बड़ा बदलाव नहीं है। कई स्वास्थ्य योजनाएं हैं, जिन्हें विस्तार दिया जा सकता है। इसमें हम आयुष्मान भारत जैसी महत्वाकांक्षी योजना की बात कर सकते हैं, जो देश के आखिरी छोर तक के व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का सबसे बड़ा विकल्प है। देश के स्वास्थ्य क्षेत्र को इस बजट से काफी उम्मीदें थीं, क्योंकि स्वास्थ्य देखभाल का खर्च बढ़ता जा रहा है। डॉलर की कीमत में लगातार उछाल होने से काफी कीमत चुकानी पड़ रही है, लेकिन पिछले दो से तीन बजट में सरकार की ओर से इसे लेकर कोई नीति सामने नहीं आई। स्वास्थ्य जीएसटी और भुगतान में देरी पर चर्चा नहीं सरकार के स्वास्थ्य बजट में दो महत्वपूर्ण तथ्यों पर चर्चा नहीं हुई है। पहला मुद्दा, स्वास्थ्य और जीएसटी कर का भुगतान है। निजी क्षेत्र के स्वास्थ्य प्रदाताओं को अलग-अलग इनपुट पर जीएसटी का भुगतान करना होता है, लेकिन इसके बदले में सरकार से क्रेडिट नहीं मिलता। इसकी वजह से एक तनाव पैदा हो रहा है।

# अदाणी ग्रीन ने खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट में शुरू किया पवन ऊर्जा का उत्पादन



**अहमदाबाद।**
अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने कहा कि कंपनी ने गुजरात के खावड़ा में स्थित 30,000 मेगावाट (30 गीगावाट) क्षमता वाले दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट में पहली 250 मेगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता का संचालन शुरू कर दिया है।इसके साथ ही खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट की कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता 2,250 मेगावाट हो गई है।

अदाणी ग्रीन एनर्जी के पास भारत में सबसे बड़ा ऑपरेशनल रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो है, जिसका आकार 11,184 मेगावाट का है।

देश की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी की ओर से इस दौरान कहा गया कि खावड़ा भारत में सबसे बड़ा पवन ऊर्जा का सोर्स है। 8 मीटर प्रति सेकंड की हवा की रफ्तार इसे पवन ऊर्जा उत्पादन के लिए एक उपयुक्त स्थान बनाती है। खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट में दुनिया की सबसे बड़ी और अधिक क्षमता वाली ऑफशोर विंड टरबाइन लगी है, जिसमें प्रत्येक की क्षमता 5.2 मेगावाट है। 5.2 मेगावाट क्षमता वाली इस टरबाइन के रोटर का व्यास 160 मीटर है और इसकी ऊंचाई करीब 200 मीटर है, जोकि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के बराबर है और दुनिया में सबसे बड़े हैं। खावड़ा में लगी 5.2 मेगावाट की विंड टरबाइन बनाने में जर्मन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है और यह अदाणी न्यू इंडस्ट्री लिमिटेड की मुद्रा पोर्ट स्थित फैक्ट्री में बनाई गई है। अदाणी ग्रीन की ओर से खावड़ा की बंजर जमीन को क्लीन और किफायती ऊर्जा के हब के रूप में बदल दिया गया है। खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट आसानी से 1.61 करोड़ घरों को ऊर्जा दे सकता है। खावड़ा स्थित दुनिया का सबसे बड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट वैश्विक डिकार्बनाइजेशन में प्रयासों को बढ़ाता है, साथ ही इस क्षेत्र में भारत की प्रगति को भी दर्शाता है।

भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग टोबगे ने गुजरात के खावड़ा में दुनिया की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी साइट का दौरा किया।

# महिंद्रा थार रोक्स 15 अगस्त को होगी लॉन्च



**नई दिल्ली ।**
स्वदेशी कंपनी महिंद्रा की अपकमिंग गाड़ी का नाम महिंद्रा थार रोक्स होगा। कंपनी की यह कार आगामी 15 अगस्त को लॉन्च होगी महिंद्रा ने अपकमिंग थार का टीजर शेयर कर डिजाइन की झलक दिखाई है। महिंद्रा थार आरओएक्सएक्स में 3-डोर मॉडल की तुलना में कई बड़े अपडेट देखने को मिल रहे हैं। इसके फ्रंट फेसिया में गोलाकार एलईडी हेडलैंप और इंटीग्रेटेड एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट के साथ एक अपडेटेड ग्रिल दिख रही है। इसमें नए एलॉय व्हील्स, रियर फेंडर के ठीक ऊपर की 4म4 बैजिंग, ब्लैक कलर में व्हील आर्च क्लैडिंग और सी-शेप्ड एलईडी टेल लैम्प भी देखे जा सकते हैं। उम्मीद की जा रही है कि इसमें ज्यादा बड़ा बूट स्पेस भी मिलेगा।

फीचर्स अपकमिंग महिंद्रा थार में लंबे पिलर्स के साथ बॉक्सी शेप, वर्टीकल स्लेटेड फ्रंट ग्रिल, गोल आकार की हेडलाइट्स, फ्लेयर्ड व्हील आर्च, अपराइट टेलगेट पर लगे स्पेयर व्हील, मस्कुलर बंपर सेक्शन, रेक्टेंगुलर टेल लैंप्स, वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी सपोर्ट के साथ 9-इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस चार्जर, ऑटोमैटिक एसर, मल्टी-फंक्शनल स्टीयरिंग व्हील, रूफ माउंटेड स्पीकर्स, मल्टीपल एयरबैग्स, हिल स्टार्ट कंट्रोल, ईएसी समेत कई फीचर्स मिलने की उम्मीद है। इस गाड़ी में एक 2.0-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन, 2.2-लीटर डीजल इंजन और 1.5-लीटर डीजल इंजन मिल सकता है। 1.5-लीटर डीजल इंजन को छोड़कर ये बाकी 2 पावरट्रेन इसके 3- डोर मॉडल में पहले से मिल रहे हैं।

बता दें कि कंपनी का अपने नए मॉडल को लाने का उद्देश्य अपनी अनूठी डिजाइन, उन्नत तकनीक और बेहतर प्रदर्शन के साथ एसयूवी बाजार में तहलका मचाना है।

# एंजल टैक्स खत्म होने से बढ़ेंगे स्टार्टअप, एमएसएमई के लिए सरकार की ऋण गारंटी

**अहमदाबाद।**
**विकसित भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार ने स्टार्टअप व उद्योगों को मजबूती देने के लिए अहम घोषणाएं की हैं। स्टार्टअप पर लगने वाले एंजल टैक्स को खत्म कर दिया गया है।**




एंजल टैक्स मनमोहन सिंह सरकार 2012 में लाई थी। तब प्रणब मुखर्जी वित्त मंत्री हुआ करते थे। इसके अनुसार, जब कोई गैर-सूचीबद्ध कंपनी निवेशकों को शेयर जारी करके पैसा जुटाती है तो उस पर लगने वाले टैक्स को एंजल टैक्स कहा जाता था। यह टैक्स उस प्रीमियम पर लगता था जो निवेशक शेयरों के वास्तविक मूल्य से ज्यादा चुकाते थे। स्टार्टअप्स और निवेशकों लंबे समय से यह तर्क देते रहे हैं कि यह इनोवेशन और फंडिंग में बाधा डालता है। एंजल टैक्स खत्म कर सरकार ने इन्हें बड़ी राहत दी है।

वहीं, जीडीपी में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी की वाले एमएसएमई सेक्टर के लिए वित्त पोषण, नियामकीय बदलावों और प्रौद्योगिकी समर्थन के साथ बजट में आठ बड़ी घोषणाएं की गई हैं। इन उद्योगों को 100 करोड़ की ऋण गारंटी दी गई है। इसके तहत मशीनरी और उपकरण की खरीद के लिए कुछ भी गिरवी रखे बिना व तीसरे पक्ष की गारंटी के बिना एमएसएमई ऋण ले पाएंगे। इन ऋणों के जोखिम को पूलिंग के आधार पर कवर किया जाएगा। इसके लिए स्ववित्त पोषित गारंटी निधि बनाई जाएगी। उधर, सरकार अब एमएसएमई के लिए ऋण सुविधा को सुलभ बनाने पर जोर देगी।

इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को एमएसएमई के लिए दिए जाने वाले ऋण के लिए अपने आकलन प्रणाली में बदलाव करने होंगे। सभी सार्वजनिक बैंक इसके लिए अपने स्वतंत्र इन-हाउस तंत्र विकसित करेंगे। इसके लिए वे एमएसएमई के डिजिटल फुटप्रिंटों के अंकों के आधार पर ऋण आकलन मॉडल विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

# विकसित भारत की ओर केंद्र के पांच कदम, शुरू होगा सुधारों का नया दौर

**नई दिल्ली ।**
सरकार ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए अगली पीढ़ी के सुधारों की प्राथमिकताएं तय कर ली हैं। इस दिशा में मुख्यत: पांच कदम उठाए जाएंगे, जिसमें प्रौद्योगिकी अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण को रफ्तार देना, जनविश्वास विधेयक 2.0 के तहत कारोबार आसान बनाना, राज्यों को कारोबार सुधार कार्ययोजना पर अमल और डिजिटलीकरण के लिए प्रोत्साहन देना, डाटा प्रबंधन, क्षेत्रवार डाटाबेस तैयार करना और नई पेंशन योजना की समीक्षा करना शामिल है।

सरकार का कहना है, वित्त वर्ष 24-25 में 7.2 प्रतिशत की दर से वृद्धि के अनुमान के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था तमाम देशों की तुलना में मजबूत स्थिति में है। इसे और रफ्तार देने के लिए बजट में रोजगार और निवेश बढ़ाने पर खासा जोर रहा। आर्थिक विकास के समग्र दृष्टिकोण के साथ सरकार आर्थिक नीति फ्रेमवर्क बनाएगी और अगली पीढ़ी के सुधारों के जरिये सतत उच्च विकास सुनिश्चित करेगी। सुधारों पर सफलता के साथ अमल के लिए केंद्र-राज्य सहयोग और समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया है। सरकार का मानना है कि राज्यों के विकास से ही देश का विकास होगा।

पर्यटन के जरिये रोजगार व निवेश वृद्धि अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए भारत को वैश्विक पर्यटन केंद्र के तौर पर स्थापित करने का भी प्रस्ताव है। इससे न केवल रोजगार और निवेश के मौके बढ़ेंगे बल्कि अन्य क्षेत्रों के लिए भी आर्थिक अवसर उत्पन्न होंगे। सरकार उत्पादकता में सुधार और बाजारों को अधिक कुशल बनाने के साथ कारोबार में आसानी को भी प्रोत्साहित करेगी। पहल...भू-अभिलेखों का होगा डिजिटलीकरण, भूमि संबंधी कार्यों के लिए मिलेगी आर्थिक मदद भूमि प्रशासन और प्रबंधन से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भूमि सुधारों में तेजी आएगी। इसे अगले तीन वर्षों में पूरा करने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में जीआईएस मैपिंग के साथ भू-अभिलेखों को डिजिटल



किया जाएगा। संपत्ति अभिलेख अपडेट और कर प्रशासन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणाली बनेगी। - ग्रामीण क्षेत्रों में भू-सुधार से सुगम होंगी कृषि सेवाएं - सभी भूखंडों के लिए अनन्य भूखंड पहचान संख्या (यूएलपीआईएन) अथवा भू-आधार निर्धारित किया जाएगा। - नक्शों का डिजिटलीकरण होगा और मौजूदा स्वामित्व के अनुसार मानचित्र उप-प्रभागों का सर्वेक्षण कराया जाएगा। - भू-रजिस्ट्री गठन और कृषक रजिस्ट्री से जोड़े जाने से ऋण प्रवाह सुगम होंगी। सुधार से सरलता टैक्सोनॉमी : जलवायु अनुकूलन और उपशमन के लिए पूंजी उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य के साथ जलवायु वित्त के लिए टैक्सोनॉमी विकसित की जाएगी।

इससे जलवायु प्रतिबद्धताएं पूरी करने में मदद मिलेगी। एफडीआई : प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और ओवरसीज निवेश के लिए नियमों को सरल किया जाएगा ताकि एफडीआई बढ़े, प्राथमिकताओं पर आधारित निवेश हो और ओवरसीज निवेशों के लिए भारतीय रुपये के उपयोग के लिए अवसर बढ़ें। डाटा प्रबंधन : डाटा शासन, डाटा और सांख्यिकी संग्रह में सुधार के लिए डिजिटल इंडिया मिशन के तहत स्थापित विभिन्न क्षेत्रीय डाटाबेस की पूरी क्षमताओं का इस्तेमाल किया जाएगा। शुल्क कटौती : 10 ग्राम सोना खरीदने पर बचेंगे 6,075 रुपये सोना, चांदी और प्लेटिनम समेत कुछ कीमती धातुओं पर लगने वाले सीमा शुल्क में कटौती की गई है। सोने-चांदी पर सीमा शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत और प्लैटिनम पर 15.4 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत किया गया है। अब सोने, चांदी और प्लैटिनम के आभूषण खरीदना अब सस्ता पड़ेगा...फैसले के बाद 22 कैरेट सोने की 10 ग्राम के आभूषण पर सीधे 6,075 रुपये की बचत होगी। ऐसे समझें : अभी 22 कैरेट सोने के आभूषण खरीदने पर 67,500 रुपये चुकाने पड़ते हैं। इसमें 15 प्रतिशत यानी 10,125 रुपये सीमा शुल्क होता है। अब यही आभूषण खरीदने के लिए 6 प्रतिशत सीमा शुल्क यानी 4,050 रुपये देना होगा। इस तरह, 6,075 रुपये बचेंगे।

जनगणना टली,1309 करोड़ मिले जनगणना के लिए सरकार ने 1,309.46 करोड़ रुपये का आवंटन किया है जबकि 2021-22 में 3,768 करोड़ दिए गए थे। हालांकि जनगणना अपने तय समय 2021 में नहीं कराई जा सकी। इस साल आम चुनाव कराए गए हैं। इस पर करीब एक लाख करोड़ रुपये का खर्च आया है। इसके चलते 2024 में जनगणना कराए जाने की संभावना नहीं है। जीएसटी में जुर्माना घटाने का फायदा उठाने की समयसीमा अब 60 दिन वित्त मंत्री ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी ने आम लोगों पर कर का बोझ कम करते हुए अनुपालन बोझ और व्यापार एवं उद्योग के लिए लॉजिस्टिक लागत को कम किया है। उन्होंने जीएसटी को सफल करार दिया। व्यापार को सुगम बनाने के लिए जीएसटी कानून में कई संशोधन किए गए हैं।

# प्यार अंधा होता है और शादी आंखें खोलने वाली चीज : राम गोपाल वर्मा

**-हार्दिक-नताशा के तलाक के बाद किया क्रिप्टिक पोस्ट**



**मुंबई (ईएमएस)।** भारतीय खिलाडी हार्दिक पांड्या और मॉडल नताशा स्टेनकोविक के अलग होने की अनाउंसमेंट के तुरंत बाद शादी और तलाक को लेकर फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने क्रिप्टिक पोस्ट शेयर की है। राम गोपाल वर्मा ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा, शादी नरक में तय होती हैं और तलाक स्वर्ग में तय होते हैं। इसके बाद उन्होंने कहा, ह्णमुझे हैरानी है कि आजकल की शादी सच में उतनी ही लंबी चलती है जितने दिन माता-पिता विवाह करते हैं। आरजीवी ने आगे फिर कहा, बुढ़ापे में देखभाल के लिए शादी करने की तुलना में सैलरी पर नर्स एक बेहतर विकल्प है।

राम गोपाल वर्मा ने आगे कहा, नर्स इसे नौकरी के रूप में करेगी जबकि पत्नी बूढ़े आदमी को हमेशा के लिए दोषी महसूस कराएगी। प्यार अंधा होता है और शादी आंखें खोलने वाली चीज है। निर्देशक ने यह भी कहा, एक शादी तभी सफल हो सकती है जब आपके पास एक ही व्यक्ति के साथ बार-बार प्यार में पड़ने की असाधारण क्षमता हो। राम गोपाल वर्मा ने अपने आखिरी ट्वीट में लिखा, आजकल तलाक के बढ़ते मामले को देखते हुए, सबसे बड़े मूर्ख वे गरीब माता-पिता हैं जो शादी के लिए बहुत ज्यादा पैसे खर्च करते हैं। उन्होंने हैरानी जताई की आजकल की शादियां ज्यादा लंबी नहीं चलती हैं। उन्होंने बुढ़ापे में देखभाल के लिए शादी करने से ज्यादा सैलरी पर नर्स रखना एक अच्छा विकल्प है। इसके अलावा शादी और प्यार पर कई और कमेंट्स भी किए हैं। बता दें, हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक के अलग होने की घोषणा के बाद आरजीवी के बयान सामने आए हैं। हार्दिक और नताशा तीन तरह वेडिंग सेरेमनी की थी। नताशा स्टेनकोविक और हार्दिक पांड्या ने इंस्टाग्राम पर अपने तलाक पर दिए बयान में लिखा, 4 साल साथ रहने के बाद, हार्दिक और मैंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। हमने साथ मिलकर अपना बेस्ट देने की कोशिश और बेस्ट दिया भी और हमें विश्वास है कि यह हम दोनों के हित में है। यह हमारे लिए एक कठिन निर्णय था।

# आमिर खान से तलाक के बाद खुश हैं किरण राव, बोलीं- दोस्ती का रिश्ता अब भी कायम

**- किरण ने कहा, उन्हें अपने रिश्ते को परिभाषित करने किसी कागज की जरूरत नहीं**



**मुंबई (ईएमएस)।** किरण राव और आमिर खान तलाक के बाद भी बहुत अच्छे दोस्त बने हुए हैं। दोनों के बीच शादी का रिश्ता भले ही खत्म हो गया हो लेकिन दोस्ती का रिश्ता अब भी कायम है। हालांकि, आमिर की एक्स वाइफ किरण ने बताया है कि वो तलाक के बाद बहुत खुश हैं और उन्हें जरा भी तनहा महसूस नहीं होता है। किरण और आमिर बेटे आजाद राव खान के माता-पिता हैं। भले ही बॉलीवुड का ये खूबसूरत जोड़ा अब एक्स कपल बन चुका है, लेकिन दोनों को अक्सर एक दूसरे के साथ समय बिताते हुए देखे जाते हैं। हाल ही में जब किरण राव की फिल्म लापता लेडिज आई थी, तब दोनों ने एक साथ इस फिल्म का प्रमोशन किया था। दोनों काफी खुश लग रहे थे। उनको देखकर फैंस भी चकमा खा गए थे कि इनका तलाक हुए है कि नहीं। अब तलाक के करीब तीन साल बाद किरण ने आमिर खान से अलग होने के बाद वाली जिंदगी के बारे में बात की। किरण राव ने हाल ही में फेय डिसूजा संग अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर काफी कुछ शेयर किया। उन्होंने बताया कि आमिर खान से उनका तलाक लेना बेहद सुखद रहा है। नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरत होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि हम इंसान हैं और हम बड़े होने के साथ-साथ इंसान के तौर पर भी बदलते हैं। हमें अलग-अलग चीजों की जरूरत होती है। मुझे लगा कि तलाक मुझे खुश कर देगा। ईमानदारी से कहूं तो इसने मुझे बहुत खुश किया है। वह आगे बताती हैं कि आमिर खान से पहले भी सिंगल ही थी, वह सिंगल ही अपनी आजादी को दिल से इंजॉय करती थीं।

मुझे अकेलापन महसूस होता था, लेकिन अब अपने बेटे आजाद की वजह से उन्हें ऐसा महसूस नहीं होता। मुझे लगता है कि अकेलापन ही एकमात्र ऐसी चीज है, जिसके बारे में ज्यादातर लोग थोड़ा चिंतित रहते हैं जब उनका तलाक हो जाता है या कोई साथी खो जाता है। हालांकि, अब मुझे अकेलापन महसूस नहीं होता। मुझे दोनों परिवारों का सपोर्ट मिलता है। किरण राव ने ये भी माना कि आमिर खान संग 15 साल की शादी खत्म करना भी उनके लिए आसान नहीं था। उन्होंने बताया कि दोनों को इस रिश्ते को खत्म करने में काफी वक्त लगा। किरण राव ने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला कि भले ही वह और आमिर अलग हो गए हों, लेकिन उन्हें अपने रिश्ते को परिभाषित करने के लिए किसी कागज की जरूरत नहीं है। उनके बीच अभी भी काफी सारा प्यार है, बहुत सारा सम्मान है, बहुत सारी यादें हैं, खुशी गम और एक साथ शेयर किए विचार आदि ऐसी बहुत सी चीजे हैं जो हम एक-दूसरे में देखते हैं। इसलिए, मैं उन्हें खोना नहीं चाहती थी। मैं यह कहने के लिए पर्याप्त थी, हां, हमें यह कहने के लिए कागज की जरूरत नहीं है कि हम शादीशुदा हैं, लेकिन हम जानते हैं कि हम एक-दूसरे के लिए क्या मायने रखते हैं। यह एक साझेदारी है जो तलाक के बावजूद समय की कसौटी पर खरी उतरेगी।


# कंगुवा में तमिल सुपरस्टार सूर्या एक नए अवतार में

**-फिल्म का 10 अक्टूबर को होगा प्रदर्शन**



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म कंगुवा के निमार्ता सूर्या के रोमांचकारी परिवर्तनों को दिखाने वाले दिलचस्प पोस्टरों के साथ दर्शकों को रोमांचित कर रहे हैं। इस फिल्म में दर्शक अभिनेता को तीन बिल्कुल अलग-अलग अवतारों में देखेंगे। दर्शकों को सुपरस्टार के तीन अलग-अलग रूप देखने को मिलेंगे जो फिल्म का हिस्सा होंगे। दिशा पटानी और बॉबी देओल की मुख्य भूमिकाओं वाली यह फिल्म 10 अक्टूबर, 2024 को हिंदी सहित कई भाषाओं में रिलीज होने वाली है।अब तक हमने कंगुवा से सूर्या की गहन और रोमांचकारी झलकियाँ देखी हैं, लेकिन उनके लुक के साथ और भी आश्चर्य की बात है। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, कंगुवा में सूर्या तीन अलग-अलग लुक में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म में अपनी भूमिका के लिए बहुत बड़ा बदलाव किया है। प्रत्येक किरदार का लुक अलग होगा जो पहले कभी नहीं देखा गया है और यह फिल्म की कहानी में एक अलग तरह की साज़िश जोड़ेगा। बता दें कि सूर्या ने तमिल नव वर्ष के दौरान एक पोस्टर जारी करते हुए अपने दो लुक पहले ही जारी कर दिए थे, जिसमें अभिनेता ने एक योद्धा के रूप में अपना अवतार दिखाया था और दूसरा आधुनिक समय का अवतार था। कंगुवा की बात करें तो यह इस साल की सबसे महंगी फिल्मों में से एक है, जिसका अनुमानित बजट 350 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके अलावा, इस फिल्म को भारत के विभिन्न महाद्वीपों के सात अलग-अलग देशों में शूट किया गया है। निमार्ताओं के दिमाग में एक बहुत ही खास लुक था, और यह एक बहुत ही अनोखी फिल्म होने का वादा करती है जो हमें प्रागैतिहासिक काल में वापस ले जाती है। निमार्ताओं ने एक्शन और सिनेमैटोग्राफी जैसे तकनीकी विभागों के लिए हॉलीवुड से विशेषज्ञों को काम पर रखा है और इसमें 10,000 से अधिक लोगों की विशेषता वाले सबसे बड़े युद्ध दृश्यों में से एक सहित महाकाव्य दृश्य हैं।

# सलमान की कॉमेडी प्रतिभा का जश्न मनाया है पार्टनर में




डेविड धवन द्वारा डायरेक्टेड पार्टनर सिर्फ.एक फि ल्म नहीं थी; बल्कि इस फिल्म के जरिए सुपर स्टार सलमान खान की कॉमेडी प्रतिभा का जश्न मनाया गया। उनके चार्म और परफेक्ट टाइमिंग ने प्रेम के किरदार में जान फूंक दिया। सलमान खान स्टारर फिल्म पार्टनर की रिलीज को आज 17 साल हो गए हैं। सलमान खान और उनके ऑन-स्क्रीन पार्टनर गोविंदा के बीच की केमिस्ट्री ने कहानी में ढेर सारा ह्यूमर जोड़ दिया। साथ में, इस फिल्म के जरिए उन्होंने ढेर सारे ना भूलने वाले पल बनाए जिन्हें फैंस आज भी याद करते हैं। अपने बेहतरीन कास्ट के अलावा, पार्टनर का साउंडट्रैक भी बहुत पॉपुलर हुआ। सोनी दे नखरे और डू यू वाना पार्टनर जैसे गानों ने फिल्म की एनर्जी को बढ़ाया और इसे एक कल्चरल हिट बना दिया। सलमान खान की पार्टनर सिर्फ. उसके बॉक्स ऑफि स की सफलता के बारे में नहीं थी, बल्कि यह भी दिखाती है कि सलमान खान एक वसेर्टाइल एक्टर हैं, जो कॉमेडी के साथ-साथ एक्शन में भी माहिर हैं। यह फि ल्म उनके करियर में एक महत्वपूर्ण पल थी, जिसने साबित किया कि वह अपने चार्म और ह्यूमर से दर्शकों को अपनी तरफ खीच सकते हैं।

# राजामौली पर आने वाली है एक डॉक्यूमेंट्री, ट्रेलर जारी

**-फिल्म इंडस्ट्री की हस्तियां कर रही राजामौली की प्रशंसा**



**मुंबई (ईएमएस)।** मशहूर डायरेक्टर एस.एस राजामौली के ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री आने वाली है, जिसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। डॉक्यूमेंट्री मॉडर्न मास्टर्सः एसएस राजामौली का ट्रेलर जारी किया गया। इसमें इंडियन फिल्म इंडस्ट्री की हस्तियां राजामौली की प्रशंसा कर रही हैं। ट्रेलर की शुरूआत में राजामौली कहते है, मैं अद्भुत कहानियां कहना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि लोग फिल्म में दिलचस्पी लें। इसके बाद जूनियर एनटीआर कैमरे के सामने आते हैं और कहते हैं, वह सिर्फ फिल्में बनाने के लिए पैदा हुए हैं। उन कहानियों को कहने के लिए पैदा हुए हैं जो किसी ने पहले कभी नहीं सुनी। इसके बाद प्रभास कहते हैं कि वह राजामौली जैसे किसी व्यक्ति से पहले कभी नहीं मिले। उनका काम देख वह कभी-कभी शॉक्ड हो जाते हैं। वहीं, स्टार राम चरण ने कहा, जब भी मैं उनकी फिल्म देखता हूं तो खुद को थर्ड पर्सन के रोल में पाता हूं। जूनियर एनटीआर कहते हैं कि उनके साथ बहस करने का कोई मतलब नहीं है। वो जो चाहते हैं, बस वो कर दो और निकल जाओ। उनके अंदर इमोशन्स नहीं है। ट्रेलर में कुछ बिहाइंड-द-सीन्स भी दिखाए गए हैं। इसमें वह एक्टर्स को एक-एक सीन करके बताते नजर आ रहे हैं कि कैसे करना है। वो खुद स्टंट भी करते दिख रहे हैं।राजामौली का अपने काम के प्रति समर्पण और जुनून को इस डॉक्यूमेंट्री में दिखाया गया है। ट्रेलर के आखिर में वह कहते हैं, मैं जिस एक चीज का गुलाम हूं, वह है मेरी कहानी। डॉक्यूमेंट्री मॉडर्न मास्टर्सः एसएस राजामौली को अप्लॉज एंटरटेनमेंट और फिल्म कंपेनियन स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है। इसमें उनके करीबी सहकर्मियों समेत जेम्स कैमरून, जो रूसो, करण जौहर, प्रभास, राणा दग्गुबाती, जूनियर एनटीआर और राम चरण आदि नजर आएंगे। इस बायोग्राफिकल डॉक्यूमेंट्री के डायरेक्टर राघव खन्ना हैं। इसका प्रीमियर 2 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। बता दें कि मशहूर डायरेक्टर एस.एस राजामौली ने इंडियन सिनेमा की न सिर्फ दिशा बदली है, बल्कि दशा बदलने का भी काम किया है। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर दमदार परफॉर्म करती हैं। उनकी फिल्मों ने रातोंरात कई कलाकार को सुपरस्टार बनाया है।

# नेटफ्लिक्स पर बहुत पॉप्युलर हुई हीरामंडीः द डायमंड बाजार



वेब सीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार नेटफ्लिक्स पर पॉप्युलर हो गई है। संजय लीला भंसाली की इस वेबसीरीज में ग्रैंड विजुअल्स, कमाल की परफॉर्मेंस, दिलचस्प कहानी और जबरदस्त म्यूजिक है, जो दर्शकों का दिल जीत रही है। नेटफ्लिक्स ने अपने क्यू2 2024 अर्निंग्स कॉल में घोषणा की है कि एक सीरीज नेटफ्लिक्स इंडिया की अब तक की सबसे पॉपुलर ड्रामा सीरीज है, जिसे 15 मिलियन बार देखा गया है। कंपनी की क्यू2 2024 अर्निंग्स कॉल के दौरान एसएलबी के बारे में बात करते हुए, नेटफ्लिक्स के को-सीईओ टेड सारंडोस ने कहा, एसएलबी भारत के सबसे मशहूर फिल्ममेकर्स में से एक हैं। उन्होंने नेटफ्लिक्स के लिए यह बहुत ही महत्वाकांक्षी सीरीज बनाई, जिसके हर एपिसोड का डायरेक्शन उन्होंने खुद किया है। यह भारत में अब तक की हमारी सबसे बड़ी ड्रामा सीरीज है। यह सीरीज 43 देशों में चार हफ़्तों तक ग्लोबल टॉप 10 टीवी लिस्ट में रही और 11 हफ़्तों तक भारत की टॉप 10 टीवी लिस्ट में रही।

# टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आईं जेनिफर

**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज को जिम के बाहर स्पॉट किया गया, जहां वह अपने टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आईं।अब एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। सामने आई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि इस दौरान जेनिफर व्हाइट ब्रालेट टॉप के साथ बेज कलर की स्वेटपैंट पहने नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने अपने हाथ में टी-शर्ट कैरी की हुई है। चेहरे पर ब्राउन शेड्स, हाई बन और कानों में बड़े इयररिंग्स पहने एक्ट्रेस का लुक देखते ही बन रहा है और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देते हुए वह अपने स्लिम फिगर से फैंस को दीवाना बना रही हैं। फैंस जेनिफर लोपेज की इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज अपने काम के साथ-साथ अपनी हेल्थ और फिटनेस का भी पूरा ध्यान रखती हैं।

# ईशान खट्टर ने शेयर किया वीडियो, फैंस को आ रहा पसंद

**- वीडियो पर फैंस ने किए कई कमेंट्स**

**मुंबई (ईएमएस)।** एक्टर ईशान खट्टर ने अपना एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। बाइक्स के प्रति ईशान की दीवानगी कई बार देखी गई है। हालिया वीडियो में वो बाइक चलाने के अंदाज में आगे बढ़ते दिखते हैं। उन्होंने हाथों में दास्ताने पहने हैं, हेलमेट समेत सबकुछ पहन रखा है... लेकिन कुछ ही पलों में सब कुछ बदल जाता है। बात बाइक चलाने की आती है, तो उनके हाथों में बाइक का नहीं, बल्कि साइकिल का हैंडल आ जाता हैं। वीडियो में उन्होंने ब्लैक टी-शर्ट और बेज कार्गो पैंट पहनी हुई है। ईशान ने धूम मचाले की ट्यून को बैकग्राउंड म्यूजिक के तौर पर इस्तेमाल किया है। वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, मुझे लगता है कि मैंने गलत धूम डाउनलोड कर ली... हैशटैग राइड सेफ। वीडियो पर फैंस ने कई कमेंट्स किए, जैसे- इको-फ्रेंडली धूम, धूम मचाले पेडल चलाले और अगर धूम मूवी इको-फ्रेंडली होती! एक्टर की लाइफ के बारे में बात करें तो, ईशान खट्टर ने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने 2005 में रिलीज हुई शाहिद कपूर की फिल्म वाह! लाइफ हो तो ऐसी! में काम किया था। लीड एक्टर के तौर पर उन्होंने डायरेक्टर-प्रोड्यूसर माजिद मजीदी की ईरानी फिल्म बियॉन्ड क्लाउड्स में डेब्यू किया। यह फिल्म 2017 में रिलीज हुई। इस फिल्म में ईशान के साथ एक्ट्रेस मालविका मोहन नजर आई थीं। ईशान ने साल 2018 में फिल्म धड़क से बॉलीवुड में कदम रखा। इसमें उनके साथ जाह्नवी कपूर थीं। दोनों स्टार्स ने हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। फिल्म के कथाकार और निर्देशक शशांक खेतान थे। यह मराठी फिल्म सैराट की रीमेक है। इसमें आशुतोष राणा, अंकित बिष्ट, श्रीधर वत्सर, क्षितिज कुमार और ऐश्वर्या नारकर जैसे कलाकार नजर आए। इसके बाद, ईशान को नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज अ सूटेबल बॉय में देखा गया, जो टीवी सीरीज लेखक विक्रम सेठ की किताब पर आधारित थी। इसमें उन्होंने मशहूर एक्ट्रेस तब्बू के साथ काम किया। सीरीज में उनके किसिंग सीन ने जमकर सुर्खियां बटोरी। वह एक्ट्रेस अनन्या पांडे के साथ खाली पीली में दिखाई दिए। उन्होंने कैटरीना कैफ और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ फोन भूत में स्क्रीन शेयर किया। हाल ही में उनकी फिल्म पिप्पा रिलीज हुई, जो भारत की 45वीं कैवलरी रेजिमेंट के कैप्टन बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित है। इसमें 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया है। फिल्म में मृणाल ठाकुर, प्रियांशु पेनयुली और सोनी जैसे सितारे है। बता दें कि बॉलीवुड एक्टर ईशान खट्टर ने बहुत कम समय में अपनी एक्टिंग से लोगों के दिलों में एक अलग ही जगह बनाई है। फैंस उनके बारे में जानने के लिए बेताब रहते हैं, और सोशल मीडिया पर उनके पोस्ट और वीडियो का इंतजार करते है।



## सूडोकु नवताल- 6863

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6862 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## शब्दजाल - 7610

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | क | ना | ग | री | क | र | ण | गो |
| न | का | क | अ | इं | डो | ने | ग | श | मा | ला |
| अ | दा | र | भि | मा | ग | अ | द | ह | प | का |
| श्रे | ग | प्र | क | र | ण | नु | धि | री | लि | र |
| णी | अ | अ | र | न | न | क | ह | क | न | दे |
| क | ना | का | ण | व | प | र | त | र | र | बां |
| र | मा | ल | म | श | अ | ण | वा | ण | न | ण |
| ण | न | भा | र | न | मी | स | ष्पी | ल | वि | ला |
| क | न | बा | अ | लं | का | क | क | न | जू | दे |
| र | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | र | का | प | श |
| वि | द्यु | ती | क | र | ण | स | ण | ण | र | र |

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'करण' लगा हो.शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

नागरीकरण, श्रेणीकरण, प्रकरण, अभिकरण, शमीकरण, वाष्पीकरण, अधिकरण, अनुकरण, शहरीकरण, विद्युतीकरण

**शब्दजाल - 7609 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | क्रि | मी | न | ल | ज | ग | ल | ट |
| रा | वि | ली | प्रे | क | न्या | स | द | ज | कां | ड़ |
| चु | म | न | बा | दी | छ | मि | आ | ब | सौ | क |
| इं | नौ | ब | न | बा | वा | स | ल | ल | दा | क |
| डि | आ | यु | ल | य | चा | न | क्रो | न | ग | च |
| या | ल | ग | र | रा | ल | ली | ती | ण | र | र |
| द | सिं | पु | ग | ट्रे | न | गा | स | बा | व | दु |
| क | ह | रु | ई | द | ब | क | र | चो | श | हिं |
| रा | म | ष | ला | रा | म | स | या | औ | र | दु |
| बों | गॉ | ल | प | लि | खा | मो | शी | म | प | स्ता |
| बे | ड | क | र्क | या | क | र्त | य | दु | श्म | नी |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6563

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | | 1 | 3 | |
| | 41 | | 32 | | 22 | 1 |
| 4 | 3 | 7 | | | 2 | |
| | 26 | | 34 | 4 | 38 | 6 |
| 1 | 2 | | | | 6 | |
| | 21 | | 36 | 3 | 39 | 7 |
| | 1 | 2 | | | 4 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 6562 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 2 | 4 |
| 7 | 37 | 6 | 37 | 2 | 29 | 3 |
| 2 | 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 |
| 6 | 31 | 1 | 28 | 4 | 32 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 1 | 28 | 4 | 27 | 3 | 33 | 2 |
| 5 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# भारत विमेंस एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंचा : नेपाल टीम शेफाली दयालन जितने रन भी नहीं बना सकीं, कोई बैटर 20 पार नहीं

**दांबुला**
7 बार की चैंपियन भारतीय टीम ने विमेंस एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम इंडिया ने नेपाल को 82 रन के अंतर से हराया। यह भारत की लगातार तीसरी जीत है। रंगिरी दांबुला स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। भारत ने शेफाली वर्मा और देयालन हेमलता की शतकीय साझेदारी के सहारे 20 ओवर में 3 विकेट पर 178 रन का स्कोर बनाया। जवाबी पारी में नेपाल की पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 96 रन ही बना सकी। नेपाल की सभी बल्लेबाज शेफाली-दयालन जितने रन भी नहीं बना सकी। शेफाली ने 81 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**मैच विनर- शेफाली वर्मा** - ओपनर शेफाली वर्मा भारतीय टीम के लिए मैच विनर साबित हुईं। वे ओपनर करने उतरीं और 48 बॉल पर 168.75 के स्ट्राइक रेट से 81 रन बना डाले। उनकी पारी में 12 चौके और एक छक्का शामिल रहा। उन्होंने दयालन हेमलता के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप की। भारतीय टीम ने इस मुकाबले के लिए ओपनिंग जोड़ी में बदलाव किया। शेफाली के साथ दयालन हेमलाता पारी की शुरुआत करने आईं। उन्होंने 42 बॉल पर 47 रनों की पारी खेली। हेमलता ने 5 चौके और एक छक्का लगाया। स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपने कोटे के 4 ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने रूबीना छेत्री, कविता जोशी और विकेटकीपर काजल श्रेष्ठ के विकेट लिए। राधा यादव ने 3 ओवर में महज 12 रन दिए और दो विकेट हासिल किए। उन्होंने कप्तान इंदु बर्मा और डॉली भट्ट को आउट किया। मिडियम पेसर अरुंधति रेड्डी पारी का दूसरा ओवर लेकर आईं और समझना खड़का को बोल्ड किया। उन्होंने 17वें ओवर में सीता राणा मगर को भी बोल्ड किया।

**टर्निंग पॉइंट: शेफाली-दयालन की शतकीय साझेदारी** - भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा और दयालन हेमलता की ओपनिंग साझेदारी मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। दोनों ने 84 बॉल पर 122 रन बनाए। इस साझेदारी के दम पर भारतीय टीम 178 रन का स्कोर बनाने कामयाब रही।

**फाइटर ऑफ मैच- सीता राणा मगर** - सीता राणा मगर मैच की फाइटर ऑफ द मैच रहीं। उन्होंने गेंदबाजी में दो विकेट लिए। साथ ही रन चेज में ओपनर के रूप में उतरीं और 11वें ओवर तक एक छोर संभाले रखा। उन्होंने सबसे ज्यादा 18 रन बनाए।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**भारत :** स्मृति मंधाना (कप्तान), शेफाली वर्मा, दयालन हेमलता, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह, राधा यादव, तनुजा कंवर, अरुंधति रेड्डी और सजीवन साजना।

**नेपाल :** इंदु बर्मा (कप्तान), समझना खड़का, सीता राणा मगर, कबिता कुंवर, डॉली भट्ट, रूबीना छेत्री, पूजा महतो, काजल श्रेष्ठ (विकेटकीपर), कविता जोशी, सबनम राय और बिंदु रावल।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जोफ्रा आर्चर टेस्ट क्रिकेट में जल्द करेंगे वापसी, 2025-26 एशेज सीरीज खेल सकते हैं तेज गेंदबाज

नई दिल्ली। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की नजरें ऑस्ट्रेलिया में 2025-26 एशेज सीरीज पर हैं




क्योंकि उनका लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट में वापसी करना है। पिछले तीन वर्षों में लगातार पीठ और कोहनी की चोटों के कारण, 29 वर्षीय खिलाड़ी फरवरी 2021 से लंबे प्रारूप से अनुपस्थित हैं। हालाँकि, इंग्लैंड के हालिया टी20 विश्व कप अभियान में उनकी पूर्ण भागीदारी ने उम्मीद जगाई थी कि उनकी चोट की समस्या आखिरकार पीछे छूट सकती है। आर्चर ने कहा, मैं इस साल के बाकी समय का उपयोग यह सुनिश्चित करने के लिए करने जा रहा हूं कि अगली एशेज में खेलना कम से कम एक संभावना है। मैं इंस्टाग्राम पर जाकर और 'वह अगले दो हफ्तों में फिजियो के बिस्तर पर होगा' जैसी पोस्ट देखकर थक गया हूं। मैं बाकी साल कुछ लोगों को गलत साबित करने में बिताना चाहता हूं और उम्मीद है कि मैं एक और एशेज में खेलूंगा। आर्चर का प्रभाव इंग्लैंड के 2019 विश्व कप विजेता अभियान के दौरान गहराई से महसूस किया गया, जहां उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में निर्णायक सुपर ओवर फेंका। बाद में उस गर्मी में, उन्होंने लॉर्ड्स में एशेज की शुरुआत भी की। इंग्लैंड के प्रबंध निदेशक रॉब की ने संकेत दिया है कि आर्चर की टेस्ट क्रिकेट में वापसी का वास्तविक लक्ष्य भारत के खिलाफ 2025 की घरेलू श्रृंखला है। आर्चर ने अगली गर्मियों की शुरुआत में प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने का इरादा व्यक्त करते हुए इस भावना को दोहराया। आर्चर ने कहामैं अपने आप को यथासंभव सर्वोत्तम तरीके से प्रबंधित करूंगा और कम से कम अगले साल चैंपियनशिप की शुरुआत तक खुद को इसमें सफल रखूंगा। मैं संभवतः उनमें से कुछ (मैच) खेलूंगा और उस कार्यभार के लिए तैयारी जारी रखूंगा। आर्चर द हंड्रेड में अपना बहुप्रतीक्षित डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, जब साउथेम्प्टन में सदर्न ब्रेव का मुकाबला लंदन स्पिरिट से होगा। उन्होंने कहा, मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं और कुछ मैच खेलना चाहता हूं। मैं सफेद गेंद वाले क्रिकेट के इस छोटे चरण का आनंद लेने जा रहा हूं।

### ओलंपिक स्वर्ण जीतने पर सबसे अधिक इनाम सर्बिया देगा


नई दिल्ली। 26 जुलाई से होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे।



ओलंपिक में पदक कितना मायने रखता है इसका अंदाजा इसी से होता है कि इसमें भाग ले रहे खिलाड़ियों पर जीत के बाद इनामों की बारिश हो जाती है और वे रातों रात स्टार बन जाते हैं। सभी देश अपने खिलाड़ियों को प्रेरित करने इनामों की भी घोषणा करती है। इस बार सबसे अधिक इनाम की घोषणा सर्बिया सरकार ने की है। विजेता को रिकॉर्ड 2.15 लाख डॉलर करीब 1.79 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है। ये ओलिम्पिक इतिहास में किसी एथलीट को उसके देश की सरकार की ओर से दी जाने वाली सबसे बड़ी राशि है। सर्बिया के अलावा मलेशिया और मोरक्को ने भी स्वर्ण पदक विजेता को करीब 2 लाख डॉलर करीब 1 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। वहीं भारत ने सभी स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए 75 लाख रुपए के पुरस्कर की घोषणा की है। हैरानी की बात है कि अमेरिका ने 61 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की है। सबसे अधिक इनाम की घोषणा करने वाले सर्बिया का रिकॉर्ड ज्यादा अच्छा नहीं है। उन्होंने अब तक के ओलंपिकों में कुल 24 पदक ही जीते हैं जिनमें 6 स्वर्ण, 7 रजत और, 11 कांस्य शामिल हैं। वहीं भारत सरकार की ओर से स्वर्ण विजेता को 75 लाख, रजत विजेता को 50 लाख जबकि कांस्य पदक विजेता को 30 लाख रुपये का प्रस्ताव दिया गया है।

### लवलीना-निकहत की तैयारी के लिए कोच धर्मेंद्र ने किया त्याग, नहीं हुए बेटे की शादी में शामिल

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में देश के मुक्केबाजों को पदक दिलाने के लिए भारतीय मुक्केबाजी टीम के कोच



और अपने समय के नामी मुक्केबाज अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र यादव ने अपने बेटे की शादी छोड़ दी। बुलंदशहर के धर्मेंद्र के सामने बीते सप्ताह बड़ा धर्मसंकट खड़ा हो गया कि वह बेटे की शादी में शामिल हों या सारब्रुकेन (जर्मनी) में भारतीय मुक्केबाजी टीम की तैयारियां छोड़ दें। यह उलझन सिर्फ शादी तक सीमित नहीं थी। देश के पहले पेशेवर बॉक्सर धर्मेंद्र की मां की तबियत अचानक बिगड़ गई थी। उन्हें आईसीयू में दाखिल कराना पड़ा था। मां के कहने पर ही पोते की शादी आनन-फानन में करनी पड़ रही थी। ओलंपिक से ठीक पहले धर्मेंद्र का तैयारियां छोड़ना ठीक नहीं था। कहा वह राष्ट्रीय कोच की भूमिका निभाएं, बाकी सब वे संभाल लेंगे। वीडियो कॉल के जरिये जयमाल में हुए शामिल 1990 के राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य जीतने वाले धर्मेंद्र ने शादी में नहीं आने का फैसला लिया।

# पेरिस में दम दिखाने के लिए तैयार हैं दुनिया के दिग्गज खिलाड़ी, कई सितारों का दावा बेहद मजबूत

**नई दिल्ली।**
पेरिस ओलंपिक में दुनिया भर के दिग्गज एथलीटों का मेला लगेगा। कई खिलाड़ियों की तो उपलब्धियां और रुतबा इतना बड़ा है कि उनका भाग लेना ही पदक की गारंटी माना जा रहा है। भारत के अलावा अन्य देशों के खिलाड़ियों की बात करें तो इनमें स्वीडन के बांसकूद खिलाड़ी आर्मंड मोंडो डुप्लेंटिस से लेकर अमेरिकी जिमनास्ट सिमोन बाइल्स शामिल हैं। मैराथन धावक केन्या के किपचोगे हैं तो अमेरिकी तैराक कैटी लेडेकी भी हैं। कई दिग्गज एथलीटों का यह अंतिम ओलंपिक माना जा रहा है इनमें बास्केटबाल स्टार अमेरिका के लेब्रोन जेम्स, जमैका की धाविका शैली एन फ्रेजर प्राइज और टेनिस स्टार राफेल नडाल शामिल हैं। ऐसे में युवाओं के साथ उनकी अच्छी होड़ देखने को मिल सकती है। पेरिस में 206 देशों के 10500 से ज्यादा एथलीट हिस्सा ले रहे हैं, पदकों के लिए कड़ी होड़ होंगी लेकिन कुछ खास सितारों का दावा बेहद मजबूत माना जा रहा है।




**प्राइज की शैली जुदा** - जमैका की तीन बार की ओलंपिक चैंपियन और आठ बार की पदक विजेता शैली एन फ्रेसर प्राइज को 37 साल की होने के बावजूद कम करके नहीं आंका जा सकता। उनके पेरिस में 100 मीटर में हिस्सा लेने की संभावना है। 200 मीटर में उनका भाग लेना निश्चित नहीं है। यह उनका अंतिम ओलंपिक माना जा रहा है और वह कोई कोर-कसर नहीं रखेंगी। बीजिंग से शुरू हुई उनकी ओलंपिक यात्रा में उन्होंने अब तक तीन स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक जीता है।

**शकारी को पहले ओलंपिक पदक की तलाश** - अमेरिका की 100 और 200 मीटर रेस की 24 साल की धाविका शकारी रिचर्ड्सन पिछली बार टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने में सफल रही थीं, लेकिन डोप टेस्ट में विफल रहने के कारण उन्हें टीम से हटा दिया गया था। पिछले साल बुडापेस्ट में हुई विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वालीं एथलीट पेरिस में पदक जीतना चाहेंगी। बुडापेस्ट में उन्होंने फर्राटा रेस के अलावा चार गुणा 100 मीटर रिले में भी स्वर्ण जीता था।

**तैराकी में लेडेकी की निगाह 11वें ओलंपिक पदक पर** - अमेरिका की 27 साल की तैराक कैटी लेडेकी का यह चौथा ओलंपिक होगा। वह लंदन 2012, रियो डि जेनेरियो 2016 और टोक्यो ओलंपिक 2020 के तीन ओलंपिक में 10 पदक जीत चुकी हैं जिसमें सात स्वर्ण और तीन रजत पदक हैं। उन्होंने फ्री स्टाइल की 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर में क्वालिफाई कर लिया है। उनके पेरिस में अपने ओलंपिक पदकों की फेहरिस्त में और इजाफा करने की पूरी उम्मीद है।

**अमेरिकी जिम्नास्ट बाइल्स में बड़ा बल** - अपने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर अमेरिका की 27 साल की दिग्गज जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स ने टोक्यो में सिर्फ बैलेंस बीम स्पर्धा में भाग लिया था जहां उन्हें केवल कांस्य से संतोष करना पड़ा था। उन्होंने टीम स्पर्धा में रजत पदक दिलाने में भूमिका निभाई थी। रियो में उन्होंने चार स्वर्ण सहित पांच पदकों पर कब्जा किया था। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक के साथ उन्होंने संकेत दिया है कि पेरिस में फिर वह रियो ओलंपिक वाला कमाल दिखा सकती हैं।

**नडाल के सामने छाप छोड़ने की चुनौती** - पेरिस ओलंपिक की टेनिस स्पर्धाएं रोला गैरों में खेली जाएंगी और इस सतह पर सबसे सफल स्पेन के राफेल नडाल हैं जिन्होंने 14 ग्रैंडस्लैम यहां जीते हैं। हालांकि वह 38 साल की उम्र में चोट और फिटनेस की समस्या से जूझ रहे हैं। लेकिन हाल में ही बस्टाड ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। वह ओलंपिक में एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में भाग लेंगे। युगल में वह कार्लोस अल्कारेज के साथ उतरेंगे जो फ्रेंच ओपन विजेता हैं। क्लेकोर्ट के किंग के रूप में विख्यात नडाल का यह तीसरा ओलंपिक है। वह एकल और युगल दोनों में स्वर्ण अपने नाम कर चुके हैं।

**छठे गोल्ड की तलाश में टेबल टेनिस स्टार लोंग** - चीन के टेबल टेनिस खिलाड़ी मा लोंग अपने आप में बेजोड़ हैं। विश्व स्तर पर उनके पदक उनकी महानता की कहानी बयां कर देते हैं। 35 साल के मा लोंग पहले ही पांच ओलंपिक स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। तीन बार 2015, 2017 और 2019 में विश्व चैंपियन रहे हैं। रियो और टोक्यो ओलंपिक में उन्होंने दो-दो स्वर्ण जीते थे। पेरिस में एकल में नहीं उतरेंगे, लेकिन टीम स्पर्धाओं में वेंग चुकिन और फेन जेंगडोन के साथ उतरेंगे।

**बांसकूद के चैंपियन आर्मंड मोंडो डुपलेंटिस** - स्वीडन के आर्मंड मोंडो डुपलेंटिस पेरिस में उन एथलीटों में शामिल हैं जिनका पदक पक्का समझा जा रहा है। पिछले कई वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में इस खिलाड़ी का दबदबा चल रहा है। वह सात बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। इसी साल उन्होंने 6.24 मीटर का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। टोक्यो ओलंपिक में उन्होंने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया था। विश्व चैंपियनशिप में उनके नाम दो स्वर्ण और एक रजत पदक है। इनडोर चैंपियनशिप,और यूरोपियन चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण पदक हैं और डायमंड लीग में तीन बार पहले स्थान पर रहे हैं।

**लेवरोन 400 मीटर बाधा दौड़ की मलिका** - महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में अमेरिकी सिडनी मैकलाघलिन लेवरोन खिताब की दावेदार हैं। वह उन दो महिलाओं में शामिल हैं जिन्होंने 400 मीटर की बाधा दौड़ 51 सेकेंड से कम समय में पूरी की है। विश्व रैंकिंग में नंबर-1 लेवरोन ने टोक्यो ओलंपिक में 400 मीटर बाधा दौड़ और चार गुणा 400 मीटर में स्वर्ण पदक जीते थे।

# टी20 सीरीज से पहले बहुत बड़ा झटका, ये दिग्गज चोट के चलते बाहर



**नई दिल्ली।**
भारत के खिलाफ सीरीज शुरू होने से पहले श्रीलंकाई टीम के दुष्मंथा चमीरा चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका की कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, चमीरा को बाहर कर दिया गया है और श्रीलंका क्रिकेट जल्द ही उनके प्रतिस्थापन की घोषणा करेगा। दुष्मंथा चमीरा चोट के कारण भारत सीरीज से बाहर हो गए हैं। प्रतिस्थापन की घोषणा जल्द ही की जाएगी। हालांकि, उम्मीद है कि भारत के खिलाफ सीरीज के लिए चोटिल चमीरा की जगह असिथा फर्नांडो को शामिल किया जा सकता है। लंका प्रीमियर लीग के फाइनल में असिथा ने बेहतरीन गेंदबाज़ी की। उन्होंने जाफना किंग्स को गॉल मार्वल्स को हराने में तीन विकेट चटकाए।

तीन टी20 मैच 27 जुलाई, 28 जुलाई और 30 जुलाई को पल्लेकेले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। फिर, 2 अगस्त से कोलंबो में 3 वनडे मैच खेले जाएंगे।

**भारत के टी20 मैचों के लिए श्रीलंका की टीम:** चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसंका, कुसल जेनिथ परेरा, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, दिनेश चांडीमल, कामिंदु मेंडिस, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, डुनिथ वेलालागे, चामिंडु विक्रमसिंघे, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, बिनुरा फर्नांडो।

भारत के खिलाफ यह सीरीज जयसूर्या के लिए भी उनका पहला असाइनमेंट है, जिन्होंने अंतरिम कोच के रूप में जिम्मेदारी संभाली है। जयसूर्या को इस महीने की शुरुआत में पूर्व कोच क्रिस सिल्वरवुड के इस्तीफे के बाद नियुक्त किया गया था। टी20 विश्व कप 2024 में खराब प्रदर्शन के बाद श्रीलंका की नजर वापसी पर होगी, जबकि टी20 विश्व चैंपियन भारत नए कोच और कप्तान के साथ अच्छी शुरुआत करना चाहेगा। नए कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ भारतीय टीम श्रीलंका के लिए रवाना हुई थी।

# संन्यास के बाद भी मिल रहा है फैंस से अद्भुत प्यार : ब्रेट ली

**नई दिल्ली।**
संन्यास ले चुके क्रिकेटरों के लिए ओल्ड एज लीग वरदान बन गई है। कई देशों के दिग्गज क्रिकेटर इसमें खेलते नजर आते हैं। वहीं, पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि किसी क्रिकेटर के लिए संन्यास के बाद भी क्रिकेट खेलना रोमांचक होता है।

ब्रेट ली ने कहा कि दर्शकों से भरे स्टेडियम को देखकर उन्हें जो खुशी मिलती है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

ब्रेट ली और पूर्व भारतीय गेंदबाज इरफान पठान ने क्रिकेट से संन्यास के बाद एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर वापसी के बारे में बात की।

ब्रेट ली ने क्रिकेटरों को फैंस से मिलने वाले सपोर्ट और प्यार के बारे में बात करते हुए पॉडकास्ट सीरीज 180 नॉट आउट में अपने विचार शेयर किए।

ब्रेट ली ने कहा, यहां तक कि जब आप संन्यास ले लेते हैं और पेशेवर दृष्टिकोण से नहीं खेल रहे होते हैं, तब भी इन लीगों में खेलने का मौका और 40 की उम्र के बाद भी खचाखच भरी भीड़ हमारे लिए रोमांचक है। हमें बेहद खुशी होती है कि अभी भी ऐसे लोग हैं जो हमें खेलते हुए देखना चाहते हैं।

इरफान पठान ने पिछले कई दशक के अपने संघर्ष के बारे में भी बात की।

इरफान पठान ने कहा, जब मैं दो साल के लिए जम्मू कश्मीर क्रिकेट में आया था, तो मेरा



अनुबंध लगभग... मैं पैसे की बात नहीं करता, लेकिन मेरा अनुबंध कैरिबियन प्रीमियर लीग से मिलने वाले पैसे का केवल 20 प्रतिशत था। मेरे पास और भी कई लीग का ऑफर था। इसकी तुलना में मुझे जम्मू में केवल 15-20 फीसदी राशि मिल रही थी, इसलिए यह पैसे के बारे में नहीं था, मैं क्रिकेट को कुछ वापस देना चाहता था, वह भी भारतीय क्रिकेट को।

इसलिए मुझे खुशी है कि मैंने वह निर्णय लिया और जम्मू-कश्मीर क्रिकेट की सेवा करने आया, जिससे न केवल मैंने एक संरक्षक के रूप में, बल्कि समग्र जम्मू और कश्मीर क्रिकेट की भी मदद की और बहुत सारे खिलाड़ी सामने आए।

# क्वालीफिकेशन दौर से अपने अभियान की शुरुआत करेंगे भारतीय तीरंदाज, दीपिका-तरुणदीप पर होंगी नजरें

**पेरिस।**
पेरिस ओलंपिक की आधिकारिक तौर पर शुरुआत 26 जुलाई से होगी, लेकिन इससे एक दिन पहले भारतीय तीरंदाज अपने अभियान का आरंभ करेंगे। तीरंदाजी वो स्पर्धा है जिसमें भारत अब तक कोई ओलंपिक पदक हासिल नहीं कर सका है और अब भारतीय तीरंदाज लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुआई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालीफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी। तीरंदाजी को ओलंपिक में 1988 में शामिल किया गया था और तब से भारतीय तीरंदाज लगभग हर ओलंपिक खेल में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन अभी तक पोडियम तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद यह पहला अवसर है जब भारतीय टीम में सभी छह खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया जिसका मतलब है कि इस बार भारतीय तीरंदाज पांच स्पर्धाओं में भाग लेंगे। क्वालीफिकेशन से तय होगी वरीयता प्रत्येक तीरंदाज 72 तीर चलाएगा और क्वालीफिकेशन दौर में भाग ले रहे 53 देश के 128 खिलाड़ियों के स्कोर के आधार पर शुरू होने वाली मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए वरीयता तय की जाएगी। भारतीय टीम के लिए क्वालीफिकेशन दौर महत्वपूर्ण होगा जो अक्सर निचली वरीयता हासिल करती रही हैं और ऐसे में नॉकआउट चरण में उन्हें दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना पड़ता है। टोक्यो में पुरुष तीरंदाजों का निराशाजनक रहा था प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक में भारत के सभी पुरुष तीरंदाज शीर्ष 30 में जगह नहीं बना पाए थे जिससे भारतीय टीम को नौवीं वरीयता मिली थी। भारत की एकमात्र महिला तीरंदाज दीपिका ने नौवां स्थान हासिल किया था। भारत को तब अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को पुरुष टीम से काफी उम्मीद है जिसने इस साल शंघाई में विश्व कप के फाइनल में कोरिया को हराकर इतिहास रचा था। भारतीय टीम में राय और पिछले ओलंपिक में भाग लेने वाले प्रवीण जाधव के रूप में अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि युवा खिलाड़ी धीरज बोम्मादेवरा एक महीने पहले अंताल्या विश्व कप में टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता इटली के मौरो नेस्पोली को हराकर कांस्य पदक जीत कर उत्साह से लबरेज होंगे। दीपिका पर रहेंगी नजरें महिला वर्ग में सभी की निगाहें दीपिका पर टिकी रहेंगी। उन्होंने मां बनने के 16 महीने के अंदर शंघाई में विश्व कप के पहले चरण में रजत पदक जीत कर शानदार वापसी की थी। महिला टीम में उनके साथ देने के लिए अंकिता भकत और भजन कौर हैं। इन दोनों का यह पहला ओलंपिक होगा लेकिन वह वर्तमान ओलंपिक चक्र में भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं और उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।




# हॉकी के जादूगर ने ठुकरा दिया था हिटलर का ऑफर, स्वर्ण जीतने पर तिरंगा न देख रो पड़े थे

**नई दिल्ली।**
ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आठ स्वर्ण पदक समेत कुल 12 पदक जीते हैं, लेकिन 1936 के बर्लिन ओलंपिक का स्वर्ण कुछ ज्यादा ही खास है। 1936 में 15 अगस्त के ही दिन भारत ने तानाशाह हिटलर के सामने दद्दा ध्यानचंद की अगुआई में जर्मनी को 8-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। ध्यानचंद के खेल से हिटलर इतना प्रभावित हुआ था कि उसने उन्हें नागरिकता देने तक का मन बना लिया था। लेकिन ध्यानचंद बिल्कुल डिगे तक नहीं। 1936 ओलंपिक उनका आखिरी ओलंपिक था। उन पर कई आरोप भी लगे, लेकिन ये आरोप कभी सिद्ध नहीं हो पाए। आज ध्यानचंद के नाम पर खिलाड़ियों को भारत के सबसे प्रतिष्ठित खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित भी किया जाता है।

**करियर में 400 से अधिक गोल** - 29 अगस्त, 1905 को प्रयागराज (तब के इलाहाबाद) में जन्में मेजर ध्यानचंद का हॉकी खेल में पूरी दुनिया में कोई सानी नहीं था। उन्होंने करीब 22 साल तक भारत के लिए हॉकी खेला और इस दौरान 400 से अधिक इंटरनेशनल गोल दागे। उन्होंने लगातार तीन ओलंपिक (1928 में एम्सटर्डम, 1932 में लॉस एंजेलिस और 1936 में बर्लिन) में भारत को हॉकी खेल में अपने दम पर स्वर्ण पदक दिलाया था। मेजर ध्यानचंद के पिता सेना में थे और उसके लिए हॉकी खेलते थे। महज 16 वर्ष की उम्र में ध्यानचंद ने भी आर्मी जॉइन कर ली थी। इसी दौरान उन्हें भी मानो जैसे हॉकी से प्रेम ही हो गया था। ध्यानचंद को दुनिया में लगभग 55 देशों के 400 से अधिक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इन्हीं उपलब्धियों के कारण उनके जन्मदिन को देश में 29 अगस्त को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**जब ठुकराया था हिटलर का प्रस्ताव** - कहानी साल 1936 में हुए बर्लिन ओलंपिक की है। जर्मनी के खिलाफ खेले गए हॉकी के मुकाबले में भारत ने उस पर 8-1 से बेहतरीन जीत दर्ज की थी। मैच में मेजर ध्यानचंद के खेल से जर्मनी का तानाशाह एडोल्फ हिटलर भी मुरीद हो गया था।



मैच के बाद हिटलर ने मेजर ध्यानचंद से मुलाकात की और उन्हें अपनी सेना में बड़े पद का प्रस्ताव दिया। हालांकि, उन्होंने बड़ी ही विनम्रता के साथ हिटलर के इस ऑफर को ठुकरा दिया था। उन्होंने इस कदम से पूरी दुनिया में तारीफें बटोरी थी। ध्यानचंद की न सुनते ही हिटलर चुपचाप वहां से चला गया। यह मुलाकात भले ही चंद मिनटों की थी लेकिन इस मुलाकात ने दिखा दिया की ध्यानचंद के लिए अपने देश से बड़ा कोई ओहदा नहीं था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 1936 में स्वर्ण पदक जरूर जीता था, लेकिन राष्ट्रीय ध्वज लहराता न देख ध्यानचंद का मन अंदर ही अंदर दुखी था। हिटलर ने पदक विजेताओं को पार्टी दी थी, लेकिन ध्यानचंद उसमें नहीं गए। वह खेल गांव में ही बैठ गए। उनकी आंखों में आंसू थे। जब टीम के एक साथी ने उनसे पूछा कि आज तो टीम जीती है तो फिर वह रो क्यों रहे हैं, इस पर ध्यानचंद का जवाब था काश यहां यूनियन जैक (ब्रिटिश इंडिया का झंडा) की जगह तिरंगा होता तो उन्हें बेहद खुशी होती। लंदन ओलंपिक में जाने से किया था मना अशोक बताते हैं कि देश के आजाद होने के बाद जब भारतीय टीम को लंदन ओलंपिक में खेलने के लिए जाना था, तब ध्यानचंद की उम्र 43 वर्ष की हो चुकी थी। बावजूद इसके उनसे टीम में खेलने के लिए पूछा गया, लेकिन उन्होंने कहा कि अब युवाओं को मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने लंदन ओलंपिक में खेलने से इनकार कर दिया था। हालांकि पूर्वी अफ्रीका ने 1948 में भारतीय टीम को अपने यहां खेलने का निमंत्रण दिया था, लेकिन साथ में यह भी कहा था कि इस टीम में ध्यानचंद हर हाल में होने चाहिए। तब ध्यानचंद इस दौरे पर गए और 43 की उम्र में भी उन्होंने उस दौरे पर 52 गोल किए थे। दांत टूटे, नंगे पैर खेले पर कम नहीं होने दिया हौसला भारत ने ग्रुप ए के अपना सभी मैचों की जीतकर आसानी से सेमीफाइनल में प्रवेश किया, तो वहीं दूसरी ओर जर्मनी ज्यादा आक्रामक हो गई और ग्रुप बी से आगे बढ़ने में सफल रही। भारतीय हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में फ्रांस पर 10-0 की जीत के साथ ओलंपिक के फाइनल में जगह बना ली। इस मैच में ध्यानचंद ने चार गोल किए थे। फाइनल में भी भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। हालांकि, जर्मन गोलकीपर टिटो वार्नहोल्ट्ज से टकराने के बाद उनके दांत भी टूट गए थे। ध्यानचंद इलाज के बाद मैदान पर लौटे और कहा जाता है कि दूसरे हाफ में उन्होंने तेजी से दौड़ने के लिए अपने जूते तक उतार दिए।

## झपकी से बढ़ती है याददाश्त



दिन में थोड़ी सी झपकी लेने से याददाश्त बढ़ती है। इस अध्ययन के लिए दो समूहों में लोगों को बांटकर कुछ को सार्थक और कुछ को निरर्थक शब्द याद करने के लिए कहा। इसके बाद एक समूह को कुछ देर झपकी लेने कहा जबकि दूसरे समूह को टीवी पर अपनी पसंद का कार्यक्रम देखने के लिए कहा। जिस वर्ग ने झपकी ली थी, वह कठिन शब्दों को याद रखने में कामयाब रहा, जबकि दूसरा वर्ग कम शब्दों को याद रख पाया।


## शराब छोड़ना चाहते हैं, तो धूम्रपान को कहें ना!

यदि आप शराब छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, तो सिगरेट छोड़ने पर ध्यान दीजिए, यह आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होगा। धूम्रपान करने वालों द्वारा धूम्रपान न करने वालों की तुलना में शराब का सेवन दोबारा शुरू करने का जोखिम अधिक होता है। धूम्रपान छोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होता है। शराब की आदत से छुटकारा पाने वाले वयस्क व्यक्ति का सिगरेट की लत से छुटकारा पाना अधिक महत्वपूर्ण है।

## रीढ़ की हड्डी की चोट से मस्तिष्क को खतरा



रीढ़ की हड्डी में आई चोट प्रगतिशील मस्तिष्क को विकृत कर सकती है। यह बात एक नई रिसर्च में सामने आई है। एससीआई संज्ञात्मक समस्याओं और अवसाद के साथ व्यापक और निरंतर मस्तिष्क में सूजन पैदा कर सकती हैं, जिससे तंत्रिका कोशिकाओं की प्रगति बाधित होती है। पृथक एससीआई से प्रमुख मस्तिष्क क्षेत्रों में मस्तिष्क कोशिकाओं की प्रगति में नुकसान हो सकता है।




# जन्मदोष बीमारी है स्पाइना बिफिडा



**स्पाइना** बिफिडा जन्मदोष है जो तंत्रीकीय नाल की विकृति है। इसमें रीढ़ की हड्डी या मेरु रज्जु में एक दरार युक्त घेरा बना होता है। स्पाइना बिफिडा भ्रूण न्यूरल ट्यूब के अधूरे समापन के कारण होता है। स्पाइना बिफिडा शब्द लैटिन शब्द स्पाइना से बना है जिसका मतलब स्पाइन या रीढ़ होता है। इसी तरह बिफिडा का मतलब दरार होता है। इस लेख में हम लोग स्पाइना बिफिडा के कारण, लक्षण और इसके उपचार के बारे में जानेंगे।

## क्या है स्पाइना बिफिडा?

गर्भाधारण के पहले महीने में भ्रूण प्राथमिक ऊतक में बदलना शुरू होता है जिसे न्यूरल ट्यूब कहते हैं। फिर इसमें नर्व, ऊतक और हड्डियां बनने लगती हैं जो नर्वस सिस्टम और स्पाइन में बदलती है। यहीं से स्पाइना बिफिडा की समस्या शुरू होती है अगर ट्यूब अधूरा बंद होता है जिससे स्पाइन में किसी तरह की दरार बन जाती है।

## स्पाइना बिफिडा से जुड़े तथ्य

- स्पाइना बिफिडा स्पाइनल कॉलम से जुड़ा जन्मदोष है। माइलोमेनिंगोसील एक गंभीर तरह का स्पाइना बिफिडा है।
- 1,000 में से एक बच्चा माइलोमेनिंगोसील स्पाइना बिफिडा के साथ पैदा होता है।
- स्पाइना बिफाडा में, स्पाइनल कॉलम संक्रमत होने के लिए काफी असंवेदनशील माना जाता है क्योंकि ये खुला होता है।
- मरीज बहुत ही ज्यादा सेरेब्रोस्पाइनल फ्लुइड पैदा करते हैं जिससे हाइसिफेलस बन जाता है।
- हाइसिफेलस से ये और भी अधिक खतरनाक हो जाता है।
- स्पाइना बिफिडा के सही कारण का अब तक पता नहीं चला है।
- डायबिटिज से पीड़ित महिलाओं को स्पाइना बिफिडा ग्रस्त बच्चे पैदा होने के ज्यादा चांस होते हैं।
- इसमें दरार वाली जगह के नीचे की पेशियां कमजोर हो जाती हैं या उसके नीचे के हिस्से में लकवा मार जाता है। कई मामलों में मल-मूत्र विसर्जन पर नियंत्रण नहीं रह जाता।

## तीन तरह का है स्पाइना बिफिडा

**स्पाइना बिफिडा ओक्युल्टा–** रीढ़ की हड्डियों को नुकसान पहुंचा बिना उसमें एक छेद होता है।

**मेनिंगोसील–** रीढ़ की हड्डी में एक छेद होता है जिससे मेरुरज्जु की सुरक्षा कवच में दबाव के कारण वो थैली के रूप में बाहर बनकर आ जाती है। इसे मेनिंगोसील कहते हैं। इसमें मेरुरज्जु सुरिक्षत रहती है और नर्वस सिस्टम को मामूली क्षति पहुंचाकर या बिना कोई क्षति पहुंचाए इसकी मरम्मत की जा सकती है।

**माइलोमेनिंगोसील–** यह गंभीर तरह का स्पाइना बिफिडा है। इसमें मेरुरज्जु का एक हिस्सा पीठ की तरफ़ से बाहर निकल कर आ जाता है। कुछ मामलों में ये स्पाइना बिफिडा पुटिका त्वचा से ढंकी रहती है, तो कुछ में ऊतक और तंत्रिकाएं अनावृत हो जाती हैं।

### लक्षण

- स्पाइना बिफिडा के लक्षण इसकी गंभीरता पर निर्बर करते हैं।
- स्पाइना बिफडा ओक्युल्टा में किसी भी तरह के लक्षण देखने को नहीं मिलते।
- कई मामलों में हल्का सा दोष मेरुरज्जु में देखने को मिलता है जैसे बालों का उगना, डिम्पल या उस स्थान पर हल्का सा फैट जमना।

### क्या हैं उपचार

- स्पाइना बिफिडा से पीड़ित बच्चा किसी भी परिवार में पैदा हो सकता है।
- गर्भावस्था में औरतों को चीजों का सेवन सोच-समझकर करना चाहिए। चीजें गर्भ को काफी प्रभावित करती हैं।
- गर्भावस्था के पहले और शुरुआती समय में फ़ॉलिक एसिड के सेवन करने से गर्भास्थ शिशु के स्पाइना बिफ़डि और दूसरे तंत्रिका नाल विकारों से ग्रस्त होने की संभावना कम होती है।

# आखिर क्यों होता है हाथी पांव ?



**दुनिया** में अजीब-अजीब तरह की बीमारियां है जिसके बारे में सोच कर ही इंसान की रुहें कांप जाती हैं। ऐसे में सोचा जा सकता है कि जब ये किसी को हो तो उसकी क्या हालत होगी? इन्हीं अजीब बीमारियों की गिनती में सबसे पहले फाइलेरिया की गिनती होती है जिसे आम भाषा में हाथी का पांव भी कहा जाता है। दरअसल इसमें इंसान के शरीर का कोई भाग हाथी या हाथी के पांव की तरह मोटा होने लगता है। इस लेख में इस बीमारी के बारे में विस्तार से जानें।

## क्या है फाइलेरिया या हाथी पांव

फाइलेरिया या फाइलेरियासिस परजीवी के कारण होने वाला रोग है। ये परजीवी धागे के समान दिखता है जिसे फाइलेरिओडी (Filarioidea) कहते हैं। यह एक तरह का संक्रामक उष्णकटिबन्धीय रोग है मतलब ये गर्म प्रदेशों में अधिक होता है। इसलिए यह बीमारी पूर्वी भारत, मालाबार और महाराष्ट्र के पूर्वी इलाकों में बहुत अधिक फैली हुई है।

## क्यूलैक्स मच्छर इसका कारक

- सामान्य तौर पर क्यूलैक्स मच्छर को इस बीमारी का कारक माना जाता है।
- यह कृमिवाली बीमारी है जिसमें कृमि शरीर के लसिका तंत्र की नलियों में होते हैं और इन नलियों को बंद कर देते हैं।
- इसके संक्रमण से लसीका अपना कार्य करना बंद कर देते हैं।
- ये कृमि बहुत छोटे आकार के होते हैं जो क्यूलैक्स मच्छर के काटने से शरीर में प्रवेश करते हैं।
- यह व्यस्क कृमि में लाखों की संख्या में छोटी-छोटी कृमि पैदा करने की क्षमता होती है।
- बीमार इंसान से मच्छर खून चूसकर इस कृमि को दूसरे स्वस्थ मनुष्य तक पहुंचाते हैं।

## इस बीमारी होने का पूरा चक्र

क्यूलैक्स मच्छर मलखाने, नालियों और गड्ढों के गंदे पानी में पनपते हैं। इस मच्छर को इसके पीठ के कूबड़ और इसकी विशेष गूंज द्वारा इसे पहचाना जा सकता है। पानी में टेढ़े होकर इस मच्छर के लार्वे तैरते हैं। जब क्यूलैक्स मच्छर किसी इंसान को काटता है तो फाइलेरिया के छोटे कृमि उस इंसान के अंदर पहुँच जाते हैं। इंसान की लसिका तंत्र में ये छोटे कृमि कुछ ही दिनों में बड़े होकर पुरुष और मादा जीवों में बदल जाते हैं और लसिका नलियों को संक्रमित कर देते हैं जिससे लसिका तंत्र बंद हो जाता है। शरीर के अंदर एक वयस्क कृमि लसिका वाहिकाओं में समागम करके खूब सारे सूक्ष्म फाइलेरिया बनाता है। ये सूक्ष्म फाइलेरिया का जीवन 2 से 3 साल तक होता है और वयस्क कृमि लगभग बारह साल तक इंसान के शरीर में रहते हैं।

ये सूक्ष्म फाइलेरिया शरीर के अंदर खून में घूमते हैं। ये कृमि विशेष तौर पर रात में खून में घूमते हैं। क्यूलैक्स मच्छर जब अस्वस्थ इंसान का खून चूसता है तो वह उसके दूषित खून के द्वारा इन सूक्ष्म फाइलेरिया को अपने अंदर ले लेता है। ये सूक्ष्म फाइलेरिया 10 से 15 दिनों के अंदर संक्रमण पैदा करने वाले लार्वा के रुप में विकसित होते हैं। जिसके बाद ये मच्छर बीमारी पैदा कर पाने में समर्थ हो जाते हैं और दूसरे स्वस्थ वाला होता है। इस तरह यह चक्र चलता रहता है।

## फाइलेरिया के लिए घरेलू उपाय

फाइलेरिया के घरेलू उपचार के लिए काले अखरोट का तेल रामबाण है। फाइलेरिया ग्रस्त इंसान को गर्म पानी में काले अखरोट के तेल की तीन से चार बूंद डालकर पीना चाहिए। इस मिश्रण को दिन में सुबह-शाम दो बार पिएं। अखरोट के अंदर मौजूद गुण फाइलेरिया के कृमि को मारने में सक्षण हैं। जल्दी से जल्दी राहत पाने के लिए छह हफ्तों तक ये मिश्रण पिएं।



### लक्षण

फाइलेरिया रोग में इंसान के शरीर का कोई भाग बहुत अधिक फूलने लगता है। अकसर ये हाथ या पैरो में ही होता है लेकिन कई बार ये स्तनों और गुदा के हिस्से में भी होता है। इसके लक्षण निम्न हैं–

- शरीर के संक्रमित होने के कुछ सालों बाद इसके लक्षण दिखते हैं।
- इसमें गुप्तांग एवं जांघों के बीच गिल्टी हो जाती है जो बहुत अधिक फूल जाती है और इसमें काफी दर्द रहता है।
- एक या दोनों हाथ व पैरों में बहुत अधिक सूजन होना। लेकिन ये अधिकतर पैरों में ही होता है जिस कारण इसे हाथी पांव कहते है।
- गले में बहुत अधिक सूजन आ जाती है।
- पैरों व हाथों की लसिका वाहिकाएं लाल हो जाती हैं जिससे पैरों में लाल धारियां पड़ जाती है।
- पुरूषों के अंडकोष संक्रमित होकर फूल जाते हैं।
- शरीर में कंपकपी आना और बुखार होना।

### हाथी पांव का इलाज



- इस बीमारी का इलाज इसके प्रारंभिक चरण में ही शुरू कर देना चाहिए।
- फाइलेरिया फैले हुए क्षेत्र में जाने से बचें। अगर उस क्षेत्र में आप रहते हैं तो मच्छरों से दूर रहने के पूरे उपाय करें और शरीर को ढकने वाले पूरे कपड़े पहनें।
- अपने क्षेत्र में मच्छरों को मारने के लिए छिड़काव करें।
- क्यूलैक्स मच्छर सुबह और शाम को काटता है इसलिए सुबह और शाम को विशेष तौर पर मच्छरों से बचकर रहें।
- फाइलेरिया की गोली लें।

# पार्टी के बाद होने वाले हैंगओवर से बचने में मदद करेंगे ये कारगर नुस्खे



नए साल का जश्न हो और ड्रिंक की बात न हो तो पार्टी फीकी मानी जाती है। लेकिन पार्टी के चक्कर में लोग कई बार इतनी ज्यादा ड्रिंक कर लेते हैं, जिससे नए साल का बाकी बचा दिन ज्यादातर सोते और रोते बीतता है। तो इसे हैपनिंग बनाने के लिए जरूरी है नशे के खुमार को उतारना, जानेंगे कैसे।

### केला

बहुत ज्यादा हैंगओवर हो रखा है तो एक साथ दो से तीन केले खाएं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम जहां ब्लड वेसेल्स को रिलैक्स करता है वहीं पोटैशियम इलेक्ट्रोलाइट को बैलेंस करता है। जो हैंगओवर से छुटकारा दिलाने में फायदेमंद होते हैं।

### आलू

हैंगओवर होने पर आलुओं को बिना छिले इस्तेमाल करें। पोटैशियम की मात्रा लिए हुए आलू हैंगओवर उतारने का कारगर फॉमूर्ला होता है। इसे हल्का फ्रॉय करके खाना टेस्टी होने के साथ ही हेल्दी भी होता है।

### दही

किसी भी ऐसे फूड जिसमें कैल्शियम की मात्रा अच्छी होती है वो सिर के दर्द को दूर करने में बहुत ही असरदार होता है। दही में बहुत सारा कैल्शियम होता है जिसे खाकर हैंगओवर से निपटा जा सकता है।

### ऑयली फूड्स

पार्टी के बाद होने वाले हैंगओवर से बचने के लिए पार्टी में जाने से पहले ऑयली फूड्स खाना फायदेमंद रहेगा। ऑयली



फूड खाने से बॉडी एल्कोहल को एब्जॉर्ब नहीं कर पाती।

### कॉफी

हैंगओवर के कारण हो रहे सिरदर्द को कॉफी पीकर काफी हद तक दूर किया जा सकता है। लेकिन दूध वाली कॉफी के बजाय ब्लैक कॉफी पिएं। इसमें मौजूद कैफीन जल्द असर करता है।

### नारियल पानी

हैंगओवर दूर करने के लिए नारियल पानी पीना फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद मिनरल्स पेट साफ करने का काम करते हैं। बहुत ज्यादा हैंगओवर होने पर जितनी बार हो सके इसे पिएं।

### पानी

पानी बॉडी के टॉक्सीफिकेशन के लिए सबसे जरूरी और आसानी से अवेलेबल होने वाली चीज है। ज्यादा एल्कोहल पीने से बॉडी में पानी की कमी हो जाती है। इससे बचने के लिए ड्रिंक के साथ भी और ड्रिंक के बाद भी ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पानी पिएं।

### नींबू,चीनी,नमक

चीनी और नमक का घोल हैंगओवर दूर करने का सबसे कारगर फॉमूर्ला माना गया है। एल्कोहल के कारण बॉडी में कम हुई पानी की मात्रा को इसे पीकर दूर किया जा सकता है।

### शहद

हैंगओवर दूर करने के लिए शहद पीना भी अच्छा ऑप्शन है। इसमें मौजूद फ्रक्टोज बॉडी के लिए अच्छा होता है। चाहे तो शहद को सीधे खा भी सकते हैं या पानी में मिलाकर पिया भी जा सकता है।

### फ्रूट जूस

घरेलू नुस्खे के तौर पर फ्रूट जूस पिएं क्योंकि ये विटामिन्स और फाइबर से भरपूर होते हैं। काले नमक और नींबू की थोड़ी ज्यादा मात्रा जूस में मिलाकर पिएं। काला नमक और फ्रूट में मौजूद फाइबर बॉडी के सारे टॉक्सिक को बाहर निकाल देता है जिससे हैंगओवर से राहत मिलती है।

### अदरक

अदरक के छोटे-छोटे टुकड़े कर इसे पानी के साथ उबालें। इसमें अजवायन और नींबू का रस डाल सकते हैं। थोड़ा उबालने के बाद इसे छानकर इसका पानी पीने से भी हैंगओवर दूर होता है।

## रेसिपी

### चाइनीज फ्राइड राइस



**सामग्री**

1 कप बासमती चावल, 1 कप बंद गोभी, 1/2 कप गाजर, 1/4 कप फ्रेंच बिन्स, 1/2 कप पनीर, 1/4 कप शिमला मिर्च, 2 टेबल स्पून हरा धनिया, 2 -4 टेबल स्पून तेल, 2 हरी मिर्च, नमक स्वादानुसार, 1 इंच अदरक, 1 छोटा चम्मच ग्रीन चिली सॉस, 2 छोटा चम्मच सोया सॉस, 2 छोटा चम्मच सिरका

**विधि**

सबसे पहले पैन में तेल डाल कर गरम लीजिए। तेल के हल्का गरम होने पर पनीर के टुकड़े पैन में सिकने के लिए डाल दीजिए और हल्के ब्राऊन होने तक सेक कर निकाल लीजिए। तेल में गाजर, बीन्स, शिमला मिर्च, पत्ता गोभी डालकर 1-2 मिनट तेज आंच पर फ्राई कर लीजिए। अब इसमें हरी मिर्च, अदरक, ग्रीन चिल्ली सॉस, सोया सॉस, सिरका, पनीर के टुकड़े डालकर अच्छी तरह मिला दीजिए। नमक और चावल डालकर सभी चीजों को 2 मिनट लगातार चलाते हुए अच्छे से मिलाते हुए पका लें। चावलों के सब्जियों में अच्छे से मिल हो जाने पर थोड़ा सा हरा धनिया डालकर मिलाए। चाईनीज फ्राइड राइस बनकर तैयार हैं। चाईनीज फ्राइड राइस को प्लेट में निकाल कर हर धनिये से गार्निश कीजिए और परोसिए।

### भाखरी पिज़्ज़ा



**सामग्री**

1/2 कप बाजरे का आटा, 1/2 कप ज्वार आटा, 2 स्पून तेल, नमक स्वादअनुसार, **पिज़्ज़ा सॉस**: 3/4 कप हल्के उबले टमाटर , 1 स्पून जैतून तेल, 1 स्पून लहसुन, 1/4 कप प्याज, 2 स्पून प्याज़ पत्ते, 1 स्पून शक्कर,1 स्पून टमॅटो कैचप, 1 स्पून ऑरेगानो, 1 स्पून लाल मिर्च के फ्लैक्स, नमक स्वादअनुसार, **अन्य सामग्री**: 1/2 कप कसा हुआ चीज

**विधि**

**आटे के लिए**: सभी सामग्री को एक बाउल मे मिलाकर, ज़रुरत हो उतने पानी का प्रयोग कर सख्त आटा गूंथ लें और 10 मिनट के लिए एक तरफ रख दें। **पिज़्ज़ा सॉस के लिए**: एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में जैतून का तेल गरम करें, लहसुन डालकर मध्यम आंच पर 30 सेकेन्ड तक भून लें। प्याज़ डालकर मध्यम आंच पर और 1-2 मिनट के लिए या उनके पार्दशी होने तक भून लें। हरी प्याज के पत्ते डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर और 30 सेकन्ड तक भून लें। हल्के उबले हुए टमाटर डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच मे हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 2 से 3 मिनट तक पका लें। शक्कर और टमॅटो कैचप डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच मे हिलाते हुए, मध्यम आंच पर और 1 से 2 मिनट तक पका लें। ऑरेगानो, चिली फ्लैक्स् और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच मे हिलाते हुए, मध्यम आंच पर और 1 मिनट तक पका लें। आंच से हठाकर एक तरफ रख दें। **आगे बढ़ने की विधी**: आटे को 6 भाग में बांट लें और प्रत्येक भाग को अपनी हथेली के बीच दबाते हुए, गोल आकार में फैला लें एक नॉन-स्टिक तवा गरम करें और प्रत्येक भाखरी के दोनो तरफ गुलाबी दाग पड़ने तक पका लें। सूती कपड़े का प्रयोग कर, भाखरी को धीमी आंच पर दबाते हुए, उनके दोनो तरफ से करारा और सुनहरा होने तक पकाते रहें। तवे पर रखकर ही, उपर 2 टेबल-स्पून पिज्जा सॉस डालकर 1 टेबल-स्पून चीज छिड़के। ढककन से ढककर 2 मिनट तक पका ले। तुरंत परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**